CMYK

अधिकतम :37°C
न्यूनतम: 26°C
सेंसेक्स 81,118.60
निफ्टी 24,718.60
सोना 1,02,000
चांदी 1,10,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, शनिवार 14 जून 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 72 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 17 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### ईरान समझौता करे या विनाश का सामना करेः ट्रम्प
विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### भारतीय हेड कोच गंभीर इंग्लैंड से भारत लौटे
विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

### फिल्म 'ठग लाइफ' विवाद पर सुप्रीम कोर्ट का कर्नाटक सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मशहूर फिल्म अभिनेता कमल हासन की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'ठग लाइफ' को कर्नाटक के सिनेमाघरों में प्रदर्शित करने पर प्रतिबंध के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका पर शुक्रवार को राज्य सरकार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने 'ठग लाइफ' पर प्रतिबंध के खिलाफ महेश रेड्डी की याचिका पर कर्नाटक सरकार को नोटिस जारी करके अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। याचिका में आरोप लगाया गया है। कर्नाटक सरकार ने आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं के पालन किए बगैर राज्य मे फिल्म के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया।

### हाईकोर्ट ने फिल्म ठग लाइफ के निर्माताओं से मांगा जवाब

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कमल हासन अभिनीत फिल्म 'ठग लाइफ' के निर्माताओं को निर्देश दिया कि वे कन्नड़ साहित्य परिषद के उस आवेदन पर अपना पक्ष रखें, जिसमें राज्य में फिल्म की रिलीज पर प्रतिबंध से संबंधित मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की गई है। न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना की पीठ ने फिल्म के निर्माता राजकमल फिल्म्स इंटरनेशनल की ओर से दायर रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश जारी किया, जिसमें फिल्म के ऑडियो लॉन्च के दौरान अभिनेता की कन्नड़ भाषा के बारे में विवादास्पद टिप्पणी के बाद कर्नाटक में इसकी रिलीज पर लगाए गए प्रतिबंध को चुनौती दी गई थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र के पत्रकार राव को दी जमानत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने टीवी टॉक शो के दौरान उसमें भाग लेने वाले एक व्यक्ति के कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के मामले में गिरफ्तार आंध्र प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार कोमिनेनी श्रीनिवास राव की जमानत याचिका शुक्रवार को मंजूर कर ली। न्यायमूर्ति पीके मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद याचिकाकर्ता राव को राहत दी। पीठ ने जमानत देते हुए कहा कि उन्होंने (राव) खुद यह (कथित आपत्तिजनक) टिप्पणी नहीं की। इसलिए उनके बोलने की स्वतंत्रता की रक्षा की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा कि यह देखते हुए कि याचिकाकर्ता ने खुद यह बयान नहीं दिया है, लाइव टीवी शो में उनकी पत्रकारिता की भागीदारी की रक्षा की जानी चाहिए। उनके बोलने की स्वतंत्रता की भी रक्षा की जानी चाहिए, याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए।

न्यूक्लियर ठिकानों तक पहुंची इजरायल-ईरान संघर्ष की आंच


# इजरायल ने ईरान के 4 एटमी ठिकाने उड़ाए

## भारत ने दोनों देशों से संयम बरतने को कहा

**तेहरान/तेल अवीव/नई दिल्ली।** इजरायल ने शुक्रवार सुबह ईरान के 4 एटमी और 2 सैन्य ठिकानों पर 200 फाइटर जेट से मिसाइलें दागीं। हमले में ईरान के सेना प्रमुख, स्पेशल फोर्स के चीफ, 2 बड़े परमाणु वैज्ञानिक समेत 5 बड़े अफसर मारे गए। उधर भारत ने इजरायल और ईरान के बीच बीती रात के घटनाक्रम पर गहरी चिंता जताई है और दोनों पक्षों से संयम बरतने और संवाद एवं कूटनीति से समाधान खोजने का आग्रह किया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां एक बयान में कहा कि हम ईरान और इजरायल के बीच हाल के घटनाक्रमों से बहुत चिंतित हैं।

हमले के बाद इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने कहा कि ईरान परमाणु बम तैयार करने वाला था, इसलिए उस पर हमला किया गया। इजरायली सेना का दावा है कि ईरान के पास 15 परमाणु बम बनाने लायक यूरेनियम है। इजरायल ने इसीलिए टारगेट भी 4 बड़े न्यूक्लियर प्लांट्स को किया। वहीं हथियार बनाने की क्षमता रखने वाली एक फैक्ट्री और बड़े मिलिट्री अफसरों के रेसिडेंशियल कॉम्प्लेक्स को भी तबाह कर दिया। इजरायल सेना ने कहा कि यह 'प्री-एम्पटिव स्ट्राइक' थी। यानी खतरे को भांपकर इजरायल ने हमला किया, ताकि ईरान कोई बड़ी कार्रवाई न कर सके। इजरायली सेना ने यह भी कहा कि आगे और भी ऐसे कई हमले हो सकते हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान चोरी-छिपे परमाणु हथियार बना रहा था। यह हमारे देश के लिए खतरा था।

### दो सैन्य अड्डे भी बर्बाद, सेना प्रमुख, स्पेशल फोर्स चीफ और दो परमाणु वैज्ञानिकों की भी हुई मौत



### ईरान का पलटवार, 100 से ज्यादा विस्फोटक ड्रोन से हमला, बैलिस्टिक मिसाइलें भी तैयार

**तेलअवीव।** मिडिल ईस्ट एक बार फिर से सुलग उठा है। इजरायल की तरफ से ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर किए गए भीषण हमले के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई की है। ईरान ने पलटवार करते हुए इजरायल पर 100 से अधिक ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया है। यह हमला शुक्रवार सुबह शुरू हुआ जिसे ईरान ने ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस' नाम दिया। पहले इजरायल ने ऑपरेशन राइजिंग लायन के तहत ईरान के ठिकानों पर स्ट्राइक की, जिसमें ईरान के नतांज और फोर्दो परमाणु केंद्रों को निशाना बनाया गया। अब सवाल है कि क्या यह युद्ध आगे बढ़ेगा अगर ऐसा हुआ, तो मिडिल ईस्ट में सिर्फ तबाही दिखेगी।

### भारत ने ईरान-इजरायल में रह रहे भारतीय नागरिकों को सतर्कता बरतने की सलाह दी

**नई दिल्ली।** ईरान पर इज़रायल के हवाई हमले के बाद भारत ने दोनों देशों में रह रहे भारतीय नागरिकों को सतर्कता बरतने और स्थानीय सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी है। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में जारी परामर्श में कहा कि ईरान की वर्तमान स्थिति को देखते हुए ईरान में सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के व्यक्तियों से अनुरोध किया जाता है कि वे सतर्क रहें, सभी अनावश्यक गतिविधियों से बचें, दूतावास के सोशल मीडिया एकाउंट में दी जाने वाली सलाह का पालन करें और स्थानीय अधिकारियों की सलाह के अनुसार सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करें।

# ब्लैकबॉक्स व वॉइस रिकॉर्डर मिले

## पूर्व सीएम रूपाणी के शव की नहीं हुई पहचान, डीएनए टेस्ट जारी

**अहमदाबाद, वार्ता**

**अहमदाबाद विमान हादसा**

**अहमदाबाद** में एयर इंडिया फ्लाइट एआई-171 हादसे के 27 घंटे बाद शुक्रवार को एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) ने ब्लैक बॉक्स को खोज लिया है। यह हॉस्टल की छत पर मिला। इसके जरिये पता चल सकेगा कि क्रैश होने के पहले आखिरी पलों में क्या हुआ था।

एयर इंडिया की फ्लाइट में 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग मौजूद थे। इसमें से एक यात्री की जान बच गई। मरने वालों में राजस्थान से 13, एमपी, हरियाणा और बिहार के एक-एक लोग शामिल हैं। उधर, पूर्व सीएम रूपाणी के शव की पहचान भी अब तक नहीं हो पाई है। पूर्व सीएम रूपाणी के शव की पहचान होते -शेष पृष्ठ दो पर

### एयर इंडिया ने की 241 लोगों की मौत की पुष्टि

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के ड्रीमलाइनर-787 विमान की दुर्घटना में उसमें सवार 242 लोगों में से 241 की मौत की पुष्टि हो गई है। एकमात्र जीवित यात्री विश्वास कुमार रमेश का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

विमान में 230 यात्री तथा दो पायलट और चालक दल के 10 अन्य सदस्य सवार थे। यात्रियों में 169 भारतीय नागरिक, 53 ब्रिटिश, सात पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक शामिल थे। एयर इंडिया ने पुष्टि की है कि गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान में सवार 241 लोगों की मौत हुई है। बारह साल पुराना बोइंग 787-8 विमान 1338 बजे अहमदाबाद से रवाना हुआ था। कंपनी ने कहा कि हमें यह बताते हुए खेद है कि विमान में सवार 242 लोगों में से 241 की मौत की पुष्टि हो गई है।



### बोइंग 787-8/9 विमानों के रखरखाव के अतिरिक्त निर्देश जारी

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया के बोइंग 787-8/9 विमानों के रखरखाव एवं उड़ान भरने के पूर्व अतिरिक्त सुरक्षा निरीक्षण एवं उपाय करने के दिशानिर्देश जारी किए हैं। नागर विमानन महानिदेशालय ने शुक्रवार को यहां एक आदेश में कहा कि गुरुवार को एयर इंडिया बी 787-8 विमान उड़ान संख्या एआई-171 (अहमदाबाद- गैटविक) का संचालन करते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। निवारक उपाय के रूप में डीजीसीए एयर इंडिया को संबंधित क्षेत्रीय डीजीसीए कार्यालयों के साथ समन्वय में तत्काल प्रभाव से जेनएक्स इंजन से लैस बी 787-8/9 विमानों पर अतिरिक्त रखरखाव कार्रवाई करने का निर्देश देता है, जो 15 जून से प्रभावी होंगे। डीजीसीए ने कहा कि विमान रखरखाव एवं उड़ान पूर्व ड्रिल के तहत ईंधन -शेष पृष्ठ दो पर

# 10 मिनट के सड़क जाम ने बचाई भूमि चौहान की जान

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद हवाई अड्डे पर सिर्फ 10 मिनट देर से पहुंचना भूमि चौहान के लिए उस समय वरदान बन गया, जब लंदन जा रही उसकी एयर इंडिया की उड़ान एआई 171 छूट गई और उसकी जान बच गई।

अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का ड्रीमलाइनर 787 गुरुवार को उड़ान भरने के तत्काल बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। भूमि के अनुसार वह लंदन में नौकरी करती है और करीब डेढ़ महीने पहले ही गुजरात के अंकलेश्वर स्थित अपने घर आई थी। गुरुवार को वह लंदन की उड़ान पकड़ने अंकलेश्वर से अहमदाबाद आ रही थी, वह अहमदाबाद समय से पहुंच गई लेकिन शहर में जगह-जगह जाम होने के कारण उसे हवाई अड्डा पहुंचने में दस मिनट की देरी हो गई। हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद उसे



अंदर नहीं जाने दिया गया। उसने ऑनलाइन चेकइन किया था, लेकिन उससे कहा गया कि वह देरी से पहुंची है, इमिग्रेशन फॉर्म भरने का समय समाप्त हो गया है और बोर्डिंग प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। भूमि ने कहा कि उसने काफी आग्रह किया और कहा कि यदि उसकी यह उड़ान छूट गई तो उसकी नौकरी भी जा सकती है, लेकिन उसे जाने नहीं दिया गया।

### विमान दुर्घटना को लेकर अपमानजनक पोस्टः अधिकारी निलंबित

**तिरुवनंतपुरम।** अहमदाबाद विमान दुर्घटना की शिकार केरल के पथनमथिट्टा निवासी महिला के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में राज्य सरकार ने एक अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। केरल के राजस्व मंत्री के राजन ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि वेल्लारीकुंडु तालुक के उप तहसीलदार ए. पवित्रन को विमान दुर्घटना में मारी गई रंजीता जी नायर की आलोचना करने वाली फेसबुक पोस्ट करने के लिए निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारी ने घृणित कृत्य किया है। फेसबुक पोस्ट मेरे ध्यान में आने के बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। गौरतलब है कि केरल की 38 वर्षीय नर्स रंजीता जी नायर गुरुवार को अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना की पीड़ितों में से एक थीं। इस बीच केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज पीड़िता रंजीता जी नायर के परिवार के सदस्यों को सांत्वना देने के लिए पुल्लाड के लिए रवाना हुई।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर शुरू होने पर चीन को सराहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत ने इस वर्ष कैलाश मानसरोवर यात्रा के फिर से शुरू होने पर चीन के सहयोग की सराहना की है और सीमा पार नदियों के प्रवाह के डेटा और सीधी विमान सेवा बहाल करने के बारे में प्रगति पर चर्चा की।

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि गुरुवार को विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेडोंग से मुलाकात की जो 12-13 जून को भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आए हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने इस वर्ष 27 जनवरी को बीजिंग में अपनी पिछली बैठक के बाद से भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में

**■ विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेडोंग से मुलाकात की**

विकास की समीक्षा की और जन-केंद्रित कार्यक्रमों पर प्राथमिकता के साथ संबंधों को स्थिर और पुनर्निर्माण जारी रखने पर सहमति व्यक्त की। विदेश सचिव ने इस वर्ष कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने के लिए चीनी पक्ष के सहयोग की सराहना की। उन्होंने हाइड्रोलॉजिकल डेटा और अन्य सहयोग के प्रावधान को फिर से शुरू करने के लिए सीमा पार नदियों में सहयोग के लिए विशेषज्ञ स्तर के तंत्र की अप्रैल 2025 की बैठक में चर्चा का उल्लेख किया और उन पर प्रगति की उम्मीद की।

## विजय रूपाणी के परिजनों से मिले मोदी

**अहमदाबाद, वार्ता**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय रूपाणी के परिजनों से शुक्रवार को यहां मुलाकात की। गुरुवार को यहां हवाई अड्डे के निकट हुई इस भीषण दुर्घटना में चालक दल के सदस्यों के समेत 241 लोग मारे गए थे।

श्री रूपाणी भी इस विमान से लंदन जा रहे थे और दुर्घटना में उनकी भी मौत हो गई। प्रधानमंत्री सुबह यहां पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का मुआयना किया। वह दुर्घटना में घायल एकमात्र जीवित यात्री से मिलने अस्पताल भी गए। बाद में उन्होंने श्री रूपाणी के परिजनों से मुलाकात की। इस अवसर पर -शेष पृष्ठ दो पर



### मोदी ने विमान दुर्घटनास्थल का लिया जायजा अस्पताल में घायलों का हालचाल जाना

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को अहमदाबाद के मेघानीनगर में हुए विमान दुर्घटनास्थल पर पहुंचे और वहां को जायजा लेने के बाद उन्होंने अस्पताल पहुंचकर घायलों से भी मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। विमान हादसे से पूरा देश शोक में हैं। प्रधानमंत्री ने दुर्घटना में एकमात्र जीवित बचे व्यक्ति रमेश विश्वास से भी मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और अन्य घायलों से भी उनका हालचाल जाना। श्री मोदी विमान दुर्घटना के बाद पल-पल पर अपनी नजर बनाए हुए हैं।

## बम की अफवाह के बाद AI विमान की आपात लैंडिंग

**बैंकॉक, वार्ता**

**थाईलैंड के** रिसॉर्ट द्वीप फुकेट से शुक्रवार को दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाले एयर इंडिया के विमान में बम रखे होने की धमकी मिलने के बाद उसे आपातकालीन स्थिति में वापस हवाई अड्डे पर उतारना पड़ा। फुकेट हवाई अड्डा अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि उड़ान संख्या एआई 379 को बाद में सुरक्षित रूप से उतार लिया गया। थाईलैंड एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने बताया कि आपातकालीन स्थिति में विमान के उतरने के बाद यात्रियों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि विमान की सघन जांच के बाद उसके अंदर से कोई बम नहीं मिला।

### एयरफोर्स के अपाचे हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

**पठानकोट।** भारतीय वायुसेना के एक अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर ने शुक्रवार को पठानकोट जिले के नांगलपुर पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले हलेड़ गांव में आपातकालीन लैंडिंग की। किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई खबर नहीं है। हेलीकॉप्टर ने पठानकोट वायुसेना स्टेशन से उड़ान भरी थी और गांव के खुले मैदान में अनिर्धारित लैंडिंग की। स्थानीय लोगों ने हेलीकॉप्टर को उतरते देखा और मौके पर पहुंचे हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी।

# यूपी-एमपी सहित नौ राज्यों में हीटवेव

## राजस्थान व हरियाणा में रेड अलर्ट, तापमान 48 डिग्री पहुंचने की आशंका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** देश में मानसून 29 मई से मुंबई-छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर रुका है। साउथ और नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों को छोड़कर सभी राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित 9 राज्यों में आज हीटवेव का अलर्ट है।

राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और दिल्ली में भीषण गर्मी का रेड अलर्ट है। यहां तापमान 45 डिग्री से ऊपर जा सकता है। वहीं, हरियाणा के 9 जिलों में दिन का तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मध्य प्रदेश के उज्जैन, सागर, ग्वालियर-चंबल संभाग के 12 जिलों में लू चलने की चेतावनी है। वहीं, राजस्थान के भी 22 जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। गुरुवार को श्रीगंगानगर, कोटा, बीकानेर सहित कई जिलों में

**■ तेलंगाना में बिजली गिरने से छह लोगों की मौत, उत्तराखंड में भारी बारिश की संभावना**

तापमान 45 डिग्री के पार रहा। दूसरी तरफ, मौसम विभाग ने कर्नाटक, गोवा, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, तेलंगाना और उत्तराखंड में भारी बारिश की संभावना जताई है। कर्नाटक के हुबली में गुरुवार को भारी बारिश हुई। इससे कई जगह बिल्डिंग के बेसमेंट और सड़कों पर पानी भर गया। तेलंगाना के आदिलाबाद जिले में गुरुवार को अलग-अलग जगहों पर भारी बारिश के साथ बिजली गिरने से पांच महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई।



### सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की हत्या के आरोप में दो निहंग गिरफ्तार

**बठिंडा।** पंजाब में पुलिस ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कमल कौर भाभी उर्फ कंचन कुमारी की हत्या के आरोप में शुक्रवार को दो निहंगों को गिरफ्तार किया। कमल कौर बुधवार को बठिंडा-चंडीगढ़ राजमार्ग पर भुच्चो कलां में आदेश विश्वविद्यालय के बाहर खड़ी अपनी कार में रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाई गई थीं। बठिंडा की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमनीत कोंडल ने कहा कि हत्या के आरोप में जसप्रीत सिंह और निमरतजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया है, जबकि तीसरे आरोपी अमृतपाल सिंह मेहरोन की तलाश जारी है, जो फरार है। एसएसपी ने कहा कि कंचन की गला घोंटकर हत्या की गई।



# अहमदाबाद प्लेन क्रैश, बोइंग-787 की यात्री का बड़ा दावा

**अहमदाबाद/मुंबई, वार्ता**

अहमदाबाद में गुरुवार को क्रैश हुए एअर इंडिया के बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर प्लेन को लेकर एक महिला यात्री ने दावा किया है, उसमें पहले से खराबी थी। क्रैश होने से डेढ़ घंटे पहले महिला उसी प्लेन से लंदन से अहमदाबाद आई थी। महिला का नाम हिनाब. न कालरिया है। वह सूरत की रहने वाली है।

हिनाबेन ने बताया कि लंदन से टेकऑफ के दौरान प्लेन के एसी और सभी डिस्प्ले बंद थे। एयर होस्टेस ने इसे तकनीकी गड़बड़ी बताया था। हिनाबेन के मुताबिक लैंडिंग के वक्त प्लेन से खड़खड़ाहट की आवाज भी आ रही थी, जिससे यात्री डर गए थे। हिनाबेन 11 जून की रात 10 बजे लंदन से बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर एआई-172 से रवाना हुई थीं। यह प्लेन 12 जून की सुबह करीब 12 बजे अहमदाबाद पहुंचा था। फिर दोपहर 1.38 बजे यही प्लेन एआई-171 के तौर पर अहमदाबाद

**■ खड़खड़ाहट की आवाज आ रही थी, हादसे के डेढ़ घंटे पहले उसी फ्लाइट में लंदन से आई थी**

से लंदन जाते सिविल हॉस्पिटल की बिल्डिंग से टकराकर क्रैश हो गया, जिसमें 265 लोगों की मौत हो गई। हिनाबेन ने बताया कि लंदन से एआई-172 से 12 जून को दोपहर 12 बजे अहमदाबाद पहुंची थीं। यात्री बोली- पुरानी बस की तरह फ्लाइट से आवाज आ रही थी हिनाबेन ने बताया कि प्लेन के अंदर रखे सभी डिस्प्ले बंद थे। जब हमने यह बात एयर होस्टेस को बताई, तो उसने हमसे मोबाइल अपडेट करने को कहा और बताया कि तकनीकी खराबी के कारण डिस्प्ले बंद हो गया है। फिर जब प्लेन अहमदाबाद में लैंड करने वाला था, तो एक खड़खड़ाहट की आवाज आई। आमतौर पर ऐसी आवाज एक पुरानी बस की तरह आवाज आती है। हिनाबेन प्लेन क्रैश की खबर सुनने के बाद से सदमे में हैं। उन्होंने रोते हुए कहा कि मैं इससे पहले अपने बेटे और पति के साथ अहमदाबाद-इजिप्ट की फ्लाइट से लंदन गई थी। उ उन्होंने बताया कि लंदन से अहमदाबाद आते समय मुझ पर तीन बुजुर्गों की जिम्मेदारी थी। उनके परिवारों ने मुझे प्लेन में बुजुर्गों का ध्यान रखने को कहा था। उनके पास फोन भी नहीं थे। एक मुस्लिम महिला भी थी, जिसका हाथ पकड़कर मैंने उन्हें प्लेन के अंदर बैठाया था। अहमदाबाद पहुंचकर मैंने तीनों के परिवारों को बताया कि वे ठीक से पहुंच गए हैं। हादसे से थोड़ी देर पहले सिविल अस्पताल से होकर गुजरी थी, हिनाबेन ने आगे कहा कि अहमदाबाद एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद मेरे पति मुझे सूरत से लेने आए। मैं उनके साथ सूरत के लिए निकली थी।

### अहमदाबाद अस्पताल में अपनों को तलाश रहे लोग

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में गुरुवार दोपहर एयर इंडिया का बो. इंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हो गया। इसमें 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग सवार थे। हादसे में केवल एक यात्री के जिंदा बचा है। मारे गए 241 लोगों में 169 भारतीय, 52 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक था। 5 मृतक मेडिकल हॉस्टल के हैं विमान जिस बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल पर गिरा, वहां 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे। हालांकि अभी यह क्लियर नहीं हुआ है कि हॉस्टल में कितनी मौतें हुई हैं। 4 एमबीबीएस छात्र और एक डाक्टर की पत्नी के मारे जाने की खबर है। सिविल अस्पताल में एक के बाद एक शवों से भरी एंबुलेंस सिविल अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम में भेजी जा रही है। अब तक 265 शवों के पोस्टमार्टम किए जा चुके हैं।

**■ ट्रामा सेंटर और पोस्टमार्टम रूम के बाहर लगी लाइनें, अब तक 265 शवों का पोस्टमार्टम हुआ**

# भारत की बढ़ती रक्षा कूटनीति का प्रतीक

## मंगोलियाई सेना के साथ अभ्यास पर बोले रक्षा सचिव

**नई दिल्ली, वार्ता**

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने मंगोलियाई सेना के साथ सैन्य अभ्यास नोमैडिक एलीफेंट और बहुराष्ट्रीय अभ्यास खान क्वेस्ट को भारत की बढ़ती रक्षा कूटनीति का प्रतीक बताया है।

सिंह ने शुक्रवार को मंगोलिया के उलानबटार में भारत-मंगोलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास नोमैडिक एलीफेंट के समापन अवसर पर यह बात कही। समारोह में सेना के 'ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स और स्ट्रैटेजिक मूवमेंट' के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह भी थे। रक्षा सचिव ने नोमैडिक एलीफेंट अभ्यास के दौरान भारतीय सैनिकों की पेशेवर कुशलता, कर्तव्य के



प्रति समर्पण और आचरण की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह अभ्यास भारत और मंगोलिया के बीच मित्रता, आपसी विश्वास तथा साझा सांस्कृतिक संबंधों के स्थायी सूत्र का प्रमाण है। यह सार्थक सैन्य सहयोग के एक मंच के रूप में कार्य करता है और क्षेत्रीय शांति तथा स्थिरता के लिए भारत की अटूट प्रतिबधता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस तरह की संयुक्त पहलों में भारतीय सेना का योगदान न केवल परिचालन तत्परता को बढ़ाता है, बल्कि वैश्विक शांति प्रयासों में एक जिम्मेदार हितधारक के रूप में भारत की भूमिका को भी मजबूत करता है। रक्षा सचिव शनिवार को बहुराष्ट्रीय संयुक्त सैन्य अभ्यास खान क्वेस्ट 2025 के उद्घाटन समारोह में भी शामिल होंगे।

इस अभ्यास में भारतीय सेना की टुकड़ी भी भाग ले रही है। अभ्यास खान क्वेस्ट 28 जून तक चलेगा। उन्होंने कहा कि अभ्यास नोमैडिक एलीफेंट और खान क्वेस्ट का आयोजन भारत की बढ़ती रक्षा कूटनीति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और मंगोलिया के साथ इसकी साझेदारी के रणनीतिक महत्व को रेखांकित करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### देश में कोरोना मामलों की संख्या घटकर 7131 हुई

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामलों में कमी आने से सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 7131 रह गई। आज सुबह आठ बजे तक कोरोना संक्रमण के 23 नए सक्रिय सामने आए और एक मरीज की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 78 हो गयी है। गुरुवार को कोरोना सक्रिय मामलों की कुल संख्या 7154 तक पहुंच गई थी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से आज जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण से केरल में एक मरीज की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है। यह वायरस हालांकि अब आपातकालीन स्तर का खतरा नहीं है, लेकिन स्वास्थ्य अधिका. रियों ने चेतावनी दी है कि कोरोना इन्फ्लूएंजा की तरह मौसमी रूप से फैलता रहता है। वर्ष 2025 की शुरुआत से अब तक लगभग 10,976 लोग इस वायरस के संक्रमण से ठीक हो चुके हैं।

### बाइक टैक्सी पर प्रतिबंध लगाने से किया इन्कार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य में बाइक टैक्सी संचालकों को बड़ा झटका देते हुए शुक्रवार को एकल न्यायाधीश के उस आदेश पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया, जिसमें राज्य भर में बाइक टैक्सी सेवाओं पर पूरी तरह रोक लगाने का निर्देश दिया गया था। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश वी कामेश्वर राव और न्यायमूर्ति श्रीनिवास हरीश कुमार की पीठ ने न्यायमूर्ति बी श्याम प्रसाद के गत दो अप्रैल के आदेश को चुनौती देने वाली ओला का संचालन और उबर द्वारा दायर अपीलों पर सुनवाई की जिसमें छह सप्ताह के भीतर सभी बाइक टैक्सी संचालन बंद करने का निर्देश दिया गया था। पीठ ने तर्क दिया कि सरकार के इस तरह के संचालन की अनुमति न देने के घोषित नीतिगत निर्णय से इस स्तर पर न्यायिक हस्तक्षेप की कोई गुंजाइश नहीं रह गयी है। पीठ ने कहा कि वह 24 जून को मामले की गुण-दोष के आधार पर सुनवाई करेगी।

# एयर इंडिया विमान दुर्घटना के पीड़ितों के दावों के निपटान में मिलेगी राहत: एलआईसी

**मुंबई, वार्ता**

सरकारी जीवन बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने कल अहमदाबाद में एयर इंडिया के एआई 171 विमान के दुर्घटना के पीड़ितों के लिए छूट की घोषणा करते हुए शुक्रवार को कहा कि एलआईसी प्रभावित लोगों की सहायता करने के लिए प्रतिबध है तथा वित्तीय राहत प्रदान करने के वास्ते दावों के निपटान में तेजी लाई जाएगी।

एलआईसी ने यहां जारी एक बयान में विमान दुर्घटना में लोगों के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उसने पॉलिसियों के दावेदारों की कठिनाइयों को कम करने के लिए कई रियायतों की घोषणा की है और कहा है कि पॉलिसियों के दावेदारों की कठिनाइयों को कम करने के लिए मृत्यु प्रमाण-पत्र के स्थान पर, विमान दुर्घटना के कारण पॉलिसीधारक की मृत्यु के सरकारी अभिलेखों में कोई भी साक्ष्य या केंद्र/राज्य सरकार/ एयरलाइन प्राधिकरणों द्वारा भुगतान किया गया कोई भी मुआवजा मृत्यु के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाएगा। एलआईसी ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे कि दावेदारों तक पहुंचा जाए तथा प्रभावित परिवारों को दावों का शीघ्र निपटान किया जाए और आगे की सहायता के लिए दावेदार निकटतम शाखा/विभाग/ग्राहक क्षेत्र से संपर्क कर सकते हैं। दावेदार कॉल सेंटर -022 68276827 पर भी कॉल कर सकते हैं।

**■ एलआईसी ने पॉलिसियों के दावेदारों की कठिनाइयों को कम करने के लिए कई रियायतों की घोषणा की**

### ईरान पर इजरायल के हमलों पर वैश्विक चुप्पी की उमर-महबूबा ने की आलोचना

# संघर्ष बढ़ा, तो पश्चिम एशिया में पड़ेगा प्रभाव

**श्रीनगर, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को ईरान पर इजरायल के हमले पर विश्व की बड़ी शक्तियों की 'चुप्पी' की आलोचना की और इसे 'दोहरे मानदंडों' का खतरनाक प्रदर्शन बताया।





उमर ने यहां संवाददाताओं से जहां तक उन्हें पता है, ईरान ने इजरायल को हमला करने के लिए कोई उकसावे की कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने कहा कि इजरायल ने इसे एक पूर्व-प्रतिरोधी हमला बताते हुए एक देश के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया। अगर वैश्विक शक्तियां इस पर चुप रहती हैं, तो वास्तव में यह दुर्भाग्यपूर्ण होगा। इजरायल ने जो किया है, वह रूस द्वारा यूक्रेन के साथ किए गए कार्यों के समान है। उन्होंने कहा कि आप रूस के खिलाफ आवाज उठाते हैं, अभियान शुरू करते हैं। लेकिन जब इजरायल ईरान पर हमला करता है, तो अमेरिका, यूरोप और अन्य चुप रहते हैं। अगर एक देश का दूसरे पर हमला करना गलत है, तो यह तब भी गलत होना चाहिए, जब इजरायल ईरान पर हमला करता है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में निश्चित रूप से संघर्ष बढ़ेगा और इसका लोगों पर तत्काल प्रभाव पड़ेगा।

उमर ने कहा कि यह (ईरान-इजरायल संघर्ष) निश्चित रूप से बढ़ेगा और इसका हम पर तत्काल प्रभाव पड़ेगा। इसका हमारे ईंधन की कीमतों पर असर पड़ेगा। इसका हमारे शेयर बाजार पर असर पड़ेगा। इसका पश्चिम की ओर जाने वाली उड़ानों पर असर पड़ेगा। इससे भी अधिक इसका लोगों की भावनाओं पर असर पड़ेगा। इससे पहले मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर विदेश मंत्रालय से ईरान में पढ़ने वाले कश्मीरी विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। इजरायल ने शुक्रवार को ईरान पर परमाणु स्थलों सहित एक बड़ा हमला किया, जिसमें कई शीर्ष हस्तियां मारी गईं। सुश्री महबूबा ने कहा कि ईरान पर इजरायल का हमला एक और एक देश द्वारा किया गया बेशर्मी भरा कृत्य है, जो दुष्टता की ओर अग्रसर है। उन्होंने एक्स पर कहा कि वैश्विक समुदाय, खासकर अमेरिका के नेतृत्व वाली पश्चिमी शक्तियों की चुप्पी चिंता. जनक और भयावह दोनों है। यह चुप्पी मौन स्वीकृति के बराबर है। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के मामले में अमेरिका यह दावा करने में कभी नहीं चूकता कि तनाव को बढ़ने से रोकने में उसका हस्तक्षेप महत्वपूर्ण रहा है। फिर जब बात गाजा पर इजरायल की लगातार बमबारी या ईरान पर उसके हालिया हमले की आती है, तो वही तत्परता स्पष्ट रूप से गायब हो जाती है। उन्होंने कहा कि ये स्पष्ट दोहरे मापदंड वैश्विक शांति और स्थिरता को खतरे में डालते हैं। समान रूप से परेशान करने वाली बात तथाकथित मुस्लिम देशों की बहरी चुप्पी है, जो इस तरह के गंभीर अन्याय के सामने बेशर्मी से अस्तित्वहीन बने हुए हैं।

### अनुच्छेद 370 के बाद सामान्य स्थिति का दावा एक मिथक: मीरवाइज



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के प्रमुख मौलवी एवं हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने शुक्रवार को कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में सामान्य स्थिति की कहानी एक 'मिथक' है। फारूक ने दावा किया कि दमनकारी उपाय मजबूती से लागू हैं और प्रदेश के लोगों के लिए कोई राजनीतिक या प्रशासनिक स्थान उपलब्ध नहीं है। पुराने श्रीनगर में ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में शुक्रवार को लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से पूछा कि ईदगाह मैदान और श्रीनगर में जामिया मस्जिद में ईद-उल-अजहा की नमाज की अनुमति क्यों नहीं दी गई। गौरतलब है कि इस केंद्र शासित प्रदेश में कानून-व्यवस्था के प्रभारी हैं। जामिया में ईद की नमाज की अनुमति नहीं देने के फैसले पर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला सहित कई लोगों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। मीरवाइज ने कहा कि हम ईद के बाद पहली बार मिल रहे हैं, जब हमें ईदगाह या जामा मस्जिद में ईद की नमाज़ अदा करने की अनुमति नहीं थी। दोनों जगहों पर तालाबंदी कर दी गई और मुझे घर में नज़रबंद कर दिया गया।

## अर्थ व्यापार

# ईरान-इजराइल तनाव से सहमा बाजार

**मुंबई, वार्ता**

ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव से सहमे निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से शुक्रवार को शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन लुढ़क गया।



बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 573.38 अंक का गोता लगाकर 81,118.60 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 169.60 अंक की गिरावट लेकर 24718.60 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.32 प्रतिशक लुढ़ककर 45,681.28 अंक और स्मॉलकैप 0. 30 प्रतिशत टूटकर 53,370.29 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4123 कंपनियों में से 2469 में बिकवाली जबकि 1516 में लिवाली हुई, वहीं 138 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2964 कंपनियों के शेयरों में से 1824 में गिरावट जबकि 1059 में तेजी रही, वहीं 81 में टिकाव रहा। बीएसई में हेल्थकेयर और रियल्टी की 0.13 प्रतिशत तक की बढ़त को छोड़कर अन्य 19 समूहों में बिकवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.58, सीडी 0. 40, ऊर्जा 0.63, एफएमसीजी 0. 94, वित्तीय सेवाएं 0.85, इंडस्ट्रियल्स 0.05, आईटी 0.09, दूरसंचार 0.67, यूटिलिटीज 0.91, ऑटो 0.33, बैंकिंग 1.01, कैपिटल गुड्स 0.01, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0. 49, धातु 0.81, तेल एवं गैस 0.57, पावर 0.75, टेक 0.08, सर्विसेज 2. 06 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.01 प्रतिशत लुढ़क गए। वैश्विक स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0. 42, जर्मनी का डैक्स 1.49, जापान का निक्केई 0.89, हांगकांग का हैंगसेंग 0.59 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.75 प्रतिशत उतर गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 1264 अंक का गोता लगाकर 80,427.81 अंक पर खुला और बिकवाली जारी रहने से थोड़ी देर बाद ही 80,354. 59 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं लिवाली होने से यह दोपहर बाद 81,238.68 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

### रिश्वत लेने के आरोप में राजस्व अधिकारी गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शुक्रवार को पुंछ जिले में रिश्वत लेने के मामले में एक राजस्व अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक प्रवक्ता ने यहां बताया कि एसीबी को पटवारी मोहम्मद जमील द्वारा रिश्वत मांगने शिकायत मिली थी। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता को गांव धरा में स्थित जमीन के खसरा गिरदावरी की सत्यापित प्रतियों यानी राजस्व रिकॉर्ड की जरूरत थी। इसके लिए उसने 26 अप्रैल को ऑनलाइन आवेदन किया था, लेकिन जमील उसी की सत्यापित प्रतियां उपलब्ध कराने के लिए रिश्वत की मांग कर रहा था।

# खाद्य तेल सस्ते, अधिकांश दालें रही महंगी

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग फिसलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के भाव गिर गए जबकि उठाव बढ़ने से अधिकांश दालें महंगी हो गई, वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 84 रिंगिट चढ़कर 3927 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.74 सेंट की तेजी के साथ 48.35 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में गिरावट रही। मूंगफली तेल 330 रुपए, सूरजमुखी तेल



512 रुपए, सोया रिफाइंड 365 रुपए, पाम ऑयल 1620 और वनस्पति तेल 1318 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हो गया जबकि सरसों तेल में 182 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। दाल-दलहन: दाल- दलहन के बाजार में चुनिदा दाल दलहनों में तेजी रही। इस दौरान मसूर दाल 100 रुपए, मूंग दाल 100 रुपए और उड़द दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई, जबकि चना, चना दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5700-5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7600-7700, मूंग दाल 9600-9700, उड़द दाल 9300-9400, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ब्लैक बॉक्स...** ही राजकोट में अंतिम संस्कार होगा। उनका बेटा शनिवार (आज) अमेरिका से लौटेगा। मृतकों की पहचान के लिए उनके परिजन के डीएनए टेस्ट लिए जा रहे हैं। रेक्स्यू टीम ने 270 लोगों के शव बरामद कर लिए हैं। इनमें से 7 की बॉडी को डीएनए टेस्ट के बाद परिजन को सौंप दी गई है। 241 मृतक विमान में सवार पैसेंजर्स और क्रू मेंबर्स थे। 5 मृतक उस बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल के हैं, जहां प्लेन क्रैश हुआ था। हादसे के वक्त हॉस्टल में 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे। सिविल अस्पताल में अब तक 270 से ज्यादा शवों का पोस्टमार्टम हो चुका है। इसके अलावा, 220 लोगों की डीएनए सैंपलिंग की जा चुकी है। 7 शवों की शिनाख्त हो गई है। प्लेन हादसे की जांच में 7 एजेंसियां नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी, गुजरात पुलिस, एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो (एएआईबी) डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए), यूनाइटेड किंगडम की एयर एक्सीडेंट्स इन्वेस्टीगेशन ब्रांच (यूके एंड एएआईबी) यूनाइटेड स्टेट्स की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (एनटीएसबी), फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) शामिल हैं।

**बोइंग 787...** पैरामीटर निगरानी और संबंधित प्रणाली जांच का निरीक्षण, केबिन एयर कंप्रेशर और संबंधित प्रणालियों का निरीक्षण, इलेक्ट्रॉनिक इंजन नियंत्रण-प्रणाली परीक्षण, इंजन ईंधन चालित एक्ट्यूएटर-संचालन परीक्षण और तेल प्रणाली की जांच, हाइड्रोलिक प्रणाली की सेवाक्षमता जांच की जानी चाहिए। इसके अलावा उड़ान भरने के मापदंडों की समीक्षा करने, अगली सूचना तक पारगमन निरीक्षण में 'उड़ान नियंत्रण निरीक्षण' शुरू किया जाना चाहिए। दो सप्ताह के भीतर बिजली आश्वासन जांच की जानी चाहिए तथा बी 787-8/9 विमानों पर पिछले 15 दिनों के दौरान बार-बार होने वाली खराबी की समीक्षा के आधार पर रखरखाव कार्रवाई को जल्द से जल्द सुनिश्चित करना चाहिए। डीजीसीए ने कहा कि उपर्युक्त जांच की पूरी रिपोर्ट समीक्षा के लिए नागर विमानन महानिदेशालय को प्रस्तुत की जानी है।

**विजय रूपाणी...** मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल भी उनके साथ थे। श्री मोदी ने मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री रूपाणी के साथ अपना फोटो साझा करते हुए कहा कि श्री विजयभाई रूपाणी जी के परिवार से मुलाकात की। यह अकल्पनीय है कि विजयभाई हमारे बीच नहीं हैं। मैं उन्हें दशकों से जानता हूं। हमने कंधे से कंधा मिलाकर काम किया, जिसमें सबसे चुनौतीपूर्ण समय भी शामिल है।प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री रूपाणी ने हर भूमिका में अपने काम से अपनी पहचान बनाई। श्री मोदी ने लिखा कि राजकोट नगर निगम में, राज्यसभा सांसद के रूप में, गुजरात भाजपा अध्यक्ष के रूप में और राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में, उन्होंने हर भूमिका में खुद को प्रतिष्ठित किया। जब विजयभाई गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब भी मैंने और विजयभाई ने बड़े पैमाने पर काम किया था। उन्होंने कई ऐसे कदम उठाए, जिससे गुजरात के विकास में तेजी आई, खासकर 'जीवन की सुगमता' को बढ़ावा मिला। हमारे बीच हुई बातचीत हमेशा याद रहेगी। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और दोस्तों के साथ हैं। ओम शांति।

# यूपीपीसीएल व विद्युत कर्मचारी आमने-सामने, करेंगे आंदोलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन प्रबंधन ने मध्यांचल और पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के 42 जिलों का निजीकरण किए जाने की प्रक्रिया को और तेज कर दी है।

यूपीपीसीएल के कदम बढ़ाने के साथ ही विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने भी अपने आंदोलन को और उग्र करने का ऐलान कर दिया है। एक तरफ पावर कार्पोरेशन प्रबंधन नियामक आयोग से निजीकरण के आरएफपी बिडिंग डॉक्यूमेंट पर संस्तुति लेने की तैयारी कर रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति का कहना है कि निजीकरण के आरएफ्पी डॉक्यूमेंट पर विद्युत नियामक आयोग के वर्तमान



**■ नियामक आयोग का कोरम अधूरा, नहीं दे सकते निजीकरण पर अभिमत**

अध्यक्ष को कोई अभिमत देने का नैतिक व कानूनी अधिकार नहीं है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों संजय सिंह चौहान और जितेन्द्र सिंह गुर्जर ने बयान जारी कर कहा कि पता चला है कि विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन अरविन्द कुमार से पॉवर कारपा. ेरेशन के चेयरमैन डा. आशीष गोयल, निदेशक वित्त निधि नारंग, नियामक आयोग के सदस्य संजय सिंह और अवैध ढंग से नियुक्त किए गए। नियामक आयोग की संस्तुति लेने के मामले पर एक घंटे से अधिक बातचीत की है। संजय सिंह चौहान और जितेन्द्र सिंह गुर्जर ने कहा कि विद्युत नियामक आयोग को अवैध ढंग से नियुक्त किए गए, झूठा शपथ पत्र देने वाले और फर्जीवाड़ा स्वीकार कर लेने वाले ट्रांजेक्शन कंसलटेंट ग्रांट थार्टन के बनाए गए निजीकरण के आरएफपी डॉक्यूमेंट पर पॉवर कारपोरेशन से कोई बात नहीं करनी चाहिए।विद्युत नियामक आयोग के वर्तमान अध्यक्ष अरविंद कुमार ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के चेयरमैन के पद पर रहते हुए विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के साथ छह अक्टूबर 2020 को एक लिखित समझौते पर हस्ताक्षर किया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सोने के आभूषण व नगदी चोरी के मामले में महिला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस के कृष्णा नगर थाने की टीम ने सोने के आभूषण चोरी मामले में महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से ८४,००० रुपए नकद,सोने की चेन,सोने की अंगूठी और दो चोरी के मेडिकल कार्ड बरामद किए है।

दिल्ली की शाहदरा जिला अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नेहा यादव ने बताया कि १० जून को एक महिला शिकायतकर्ता द्वारा ई-एफआईआर दर्ज की गई थी। उसने बताया कि उसकी घरेलू सहायिका (२३) ने शिकायतकर्ता के कमरे की सफाई करते समय कथित तौर पर बड़ी मात्रा में सोने, चांदी, हीरे के आभूषण और नकदी से भरा बैग चुरा लिया था। जांच का जिम्मा थाना कृष्णा नगर के एएसआई ओमबीर राठी को सौंपा गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसीपी गांधी नगर की देखरेख में एसएचओ कृष्णा नगर मुकेश राणा के नेतृत्व में एएसआई ओमबीर राठी, हेड कांस्टेबल गजेंद्र मलिक और कांस्टेबल तुलसी तोमर की टीम ने शिकायतकर्ता से सभी प्रासंगिक जानकारी एकत्र कर सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया, जिससे घटना के दिन आरोपी नौकरानी की मौजूदगी की पुष्टि हुई। फुटेज और बयानों से यह स्थापित हुआ कि २६. मई को आरोपी ने सफाई के बहाने धोखाधड़ी से शिकायतकर्ता को कमरे से बाहर भेज दिया था। स्थिति का फायदा उठाकर, उसने अलमारी से एक लाख नकद सहित कीमती नकदी और गहने से भरा बैग चुरा लिया।

इसके बाद टीम ने आरोपी महिला को भंडारी बाग, देहरादून से ढूंढकर गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने उसके पास से ८४,००० रुपए नकद,सोने की चेन,सोने की अंगूठी और दो चोरी के मेडिकल कार्ड बरामद किए है । शेष आभूषण और चोरी की गई कीमती वस्तुओं का पता लगाने के लिए आरोपी से आगे की पूछताछ जारी है।

# सेंट स्टीफेंस कॉलेज में क्रिश्चियन छात्रों के लिए शुरू हुई दाखिला प्रक्रिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफेंस कॉलेज में शैक्षणिक सत्र २०२५-२६ में क्रिश्चियन समुदाय के छात्रों के लिए स्नातक कोर्सों में दाखिले की प्रक्रिया का आगाज हो गया है । कॉलेज ने स्पष्ट किया है कि दाखिले केवल सीयूईटी (कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट) स्कोर और साक्षात्कार के संयुक्त आधार पर होंगे। साक्षात्कार कुल मूल्यांकन में १५ प्रतिशत वेटेज के साथ शामिल होगा, जबकि ८५ प्रतिशत वेटेज सीयूईटी स्कोर को दिया जाएगा। पंजीकरण की प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से चल रही है, और इच्छुक छात्र ugadm-ststephens.edu पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

कॉलेज ने इस संबंध में एक विस्तृत प्रोस्पेक्टस भी जारी किया है, जिसमें दाखिले की समय-सीमा, पात्रता और चयन प्रक्रिया की जानकारी दी गई है। विशेष बात यह है कि सेंट स्टीफेंस कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम (सीएसएएस) के तहत काम करता है। छात्र को सीयूईटी के साथ ही डीयू के सीएसएएस पोर्टल पर भी पंजीकरण करना होगा। फिलहाल डीयू ने सीएसएएस पोर्टल शुरू नहीं किया है, लेकिन इसके शुरू होते ही छात्रों को वहां कॉलेज का चयन करना होगा।

# हताशा में लगाई फांसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** करावल नगर इलाके में पदम सिंह (५५) ने फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद उनका शव परि. जनों के हवाले किया।

परिवार ने जब पदम का मोबाइल फोन खंगाला तो उसमें दो पेज का सुसाइड नोट और मरने से पहले बनाए गए दो वीडियो मिले। नोट और वीडियो में पदम ने अपने मालिक को मौत का जिम्मेदार बताया है। सुसाइड नोट में पदम ने आरोप लगाया है कि उसके मालिकों ने पिछले कई माह से उसको सैलरी नहीं दी है। इसकी वजह से वह परेशान है। कई बार मालि. कों से कहा, लेकिन वह सुनने के लिए तैयार नहीं थे। हताश होकर यह कदम उठाने की बात की। पुलिस ने छानबीन के बाद पदम के दोनों मालिकों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक मूलरूप से उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के रहने वाले पदम अपने परिवार के साथ करावल नगर के कमल विहार में किराए के मकान में रहते थे। वह पिछले करीब २५ सालों से कमल विहार की एक फैक्टरी में काम करते थे। बेटे सूरज ने बताया कि सात जून को फैक्टरी मालिक ने पदम के फोन न उठाने की सूचना दी।

सूरज फैक्टरी गया और दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। वह वापस आ गया। इस बीच रात के समय वह दोबारा फैक्टरी गया। अंदर की लाइट जल रही थी। उसने दरवाजे को धक्का दिया तो वह खुल गया। अंदर जाने में उसे डर लगा। उसने रात करीब १०.३० बजे जीजा को कॉल किया। बाद में वह अंदर गए तो अंदर पदम का शव फंदे से लटका था।

मामले की सूचना पुलिस को दी गई। छानबीन के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। बाद में पदम का पर्स और मोबाइल सूरज को दे दिया गया। फोन की जांच करने पर सुसाइड नोट और वीडियो का पता चला। दोनों वीडियो सात जून मरने से पहले बनाए गए थे।

# जालसाजी करने वाला डाक्टर उत्तराखंड से पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** धोखाधड़ी और जालसाजी के दो मामलों में वांछित आरोपी डॉ. राज कुमार शर्मा को एसीपी अरविंद कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर मंगेश त्यागी के निर्देशन में पुलिस टीम ने अपराध शाखा ने उत्तराखंड के हरिद्वार से गिरफ्तार किया है। पकड़े जाने के वक्त पुलिस टीम को गुमराह करने के लिये उसने खुद को खुद को एम्स, ऋषिकेश का डॉक्टर बताया। वह अपने घर के आसपास डॉक्टर साहब के नाम से ही मशहूर है।

पूछताछ करने पर पता चला कि २५ फरवरी २०१५ में आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेजों पर एक प्लॉट बेचकर १४ लाख दस हजार रुपये हड़प लिए थे। यहीं नहीं उसने पीडिघ्त के साथ मामले में समझौता कर लिया और आईसीआईसीआई बैंक के एक बैंक खाते का २६ लाख रुपये का चेक जारी कर दिया, जिसे उसने कई साल पहले ही बंद कर दिया था।

पकड़े जाने के शक में आरोपी ने रातों-रात घर खाली कर अपनी पहचान बदलने के बाद, हरिद्वार, उत्तराखंड में रहने लगा था। उसको कोर्ट ने भगौड़ा घोषित कर दिया था। वह अपनी पहचान से बचने के लिए बार-बार अपना रूप, पता और मोबाइल नंबर बदल रहा था। उसने मेघालय विश्वविद्यालय से बीए तक की पढ़ाई की है। स्नातक करने के बाद, उन्होंने बुराड़ी, दिल्ली में मासिक पत्रिकाएँ और समाचार पत्र प्रकाशित करना शुरू कर दिया।

## एक नजर

### तालकटोरा स्टेडियम होगा महर्षि वाल्मीकि स्टेडियम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** तालकटोरा इंडोर स्टेडियम का नाम बदलने का प्रस्ताव जल्द ही नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) की अगली बैठक में पारित हो सकता है। दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश वर्मा ने बताया कि स्टेडियम का नाम 'महर्षि वाल्मीकि स्टेडियम' रखने का प्रस्ताव केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) के पास स्वीकृति के लिए भेजा गया है और वहां से हरी झंडी मिलने के बाद परिषद बैठक में इसे पारित किया जाएगा। प्रवेश वर्मा ने बृहस्पतिवार को एनडीएमसी की बैठक के बाद मीडिया से कहा कि उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री से इस विषय में चर्चा की है। वर्मा ने इस स्टेडियम का नाम रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि के नाम पर रखने की पहल चुनाव प्रचार के दौरान की थी। एनडीएमसी नियमों के अनुसार, किसी स्थल का नाम बदलने के लिए अंतिम मंजूरी गृह मंत्रालय से ही मिलती है।

### दिल्ली के मुख्य मार्गों पर स्वागत द्वार बनाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में दूसरे राज्यों से आने वाले मुख्य मार्गों पर स्वागत द्वार बनाने की मांग करते हुए सीमापुरी से आप विधायक वीर सिंह धिंगान ने कहा है कि देश के अनेक प्रांतो में जो मार्ग उनकी राजधानी में प्रवेश करते हैं उन मुख्य मार्गों पर भव्य स्वागत द्वार बने हुए जो बहुत ही सुंदर लगते हैं तथा शहर की सुंदरता को भी बढाते हैं धिगांन कहां है कि दिल्ली देश का दिल है और एक सुंदर राजधानी भी है। जहां कई प्रान्तों के मुख्य मार्गो से भारी संख्या में लोगों का आना जाना रहता हैं।

किंतु दिल्ली में प्रवेश करने वाले मार्गों पर स्वागत दूवारों का ना होना राजधानी की खूबसूरती में एक कमी को दर्शाता है। दिल्ली की खूबसूरती बढ़ाने के लिए मुख्य मार्गों पर स्वागत द्वार बनाना एक आवश्यक कार्य है जो दिल्ली की खूबसूरती में चार चांद लगा सकता है इसलिए सरकार से अनुरोध है की अन्य राज्यों से आने वाले सभी मुख्य मार्ग पर भव्य स्वागत दूवारों का निर्माण कराने के निर्देश दिए जाएं। धिंगान ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व दिल्ली के लोक निर्माण मंत्री प्रवेश साहब सिंह वर्मा को इस सम्बन्ध में पत्र लिखकर सुझाव दिया है।

### पीढ़ियों के बीच संबंधों को मजबूत बनाने का आह्वान किया

**नई दिल्ली।** विश्व वृद्ध दुर्व्यवहार दिवस (१५ जून) के अवसर पर हेल्पेज इंडिया ने अपनी 'अंडरस्टैंडिंग इंटरजनरेशनल डायनामिक्स एंड पर्सेप्शंस ऑफ एजिंग' रिपोर्ट (इंडिया इंटरनेशनल बॉन्ड्स - आईएनबीओ रिपोर्ट) जारी की। यह अपनी तरह एकमात्र राष्ट्रीय अध्ययन है। यह रिपोर्ट जारी होने के बाद इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में सरकार, समाज के गणमान्य लोगों, शिक्षाविदों और मीडिया के प्रतिनिधियों के बीच एक पैनल वार्ता का आयोजन किया गया।

यह राष्ट्रीय अध्ययन १० मेट्रो और नॉन-मेट्रो शहरों (दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बैंगलुरु, हैदराबाद, अहमदाबाद, कानपुर, नागपुर और मदुरई) में किया गया था। इसमें सेक्शन बी और सी शहरी परिवारों के युवाओं और वृद्धों से बातचीत की गई। इसमें शहरी भारत में युवाओं और वृद्धों के बीच धारणाओं, व्यवहार और भावनात्मक गतिशीलता का आकलन करने के लिए मात्रा एवं गुणों की दृष्टि से केंद्रित सामूहिक चर्चाएं (एफजीडी) की गईं।

हेल्पेज इंडिया के सीईओ, रोहित प्रसाद ने कहा, ''यह रिपोर्ट एक खुशनुमा परिणाम पेश करती है, साथ ही सचेत भी करती है। भारत में वृद्धों के प्रति आदर और पारिवारिक संबंध बहुत मजबूत हैं। ८६ प्रतिशत वृद्धों को महसूस होता है कि उनके परिवार में उनका महत्व है। लेकिन साथ ही कहीं एक चिंताजनक अलगाव भी छिपा है। कई वृद्धों को महसूस होता है कि वो भावनात्मक रूप से अलग-थलग हैं, उन्हें सुना नहीं जा रहा है तथा उन्हें परिवार के निर्णयों में शामिल नहीं किया जाता है। 'हमें योजना के बारे में बताया जाता है, पूछा नहीं जाता' जैसे कथनों से धारणा और व्यवहार का अंतर प्रदर्शित होता है, जिसे दूर किया जाना चाहिए

### खाने की गलत आदतें कर रहीं बीमार

**नई दिल्ली।** खाने की गलत आदत आंत को नुकसान पहुंचा रही है। अस्पताल आने वाले अधिकतर मरीजों में फैटी लीवर की समस्या है। विशेषज्ञ बताते हैं कि यह १० साल के बच्चे को भी ४० साल के उम्र के जैसा बना सकता है। विश्व फैटी लिवर दिवस के अवसर पर इंस्टीट्यूट ऑफ लीवर एंड बिलियरी साइंसेज (आईएनबीएस) में एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें विशेषज्ञों ने बचाव के लिए विशेष चेतावनी जारी की।

संस्थान के निदेशक डॉ. शिव कुमार सरीन ने कहा कि हम अपने शरीर में जो भी अतिरिक्त कैलोरी डालते हैं, वह वसा बन जाती है। यह लीवर के चारों ओर जमा हो जाती है, जिससे फैटी लीवर की समस्या होती है। यह आगे चलकर सभी अंगों में सूजन पैदा करता है। यह आगे चलकर मधुमेह रोग दे सकता है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष राहुल सिंह ने कहा कि पाठ्यक्रम में भोजन ही दवा है को शामिल किया जाना चाहिए। स्थानीय आहार, पारंपरिक खाना पकाने के तरीकों, सामूहिक कार्रवाई और एक व्यापक स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

### इजरायल- ईरान तनाव के चलते दिल्ली एयरपोर्ट ने जारी की एडवाइजरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इस्राइली हमले के बाद ईरान ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। इसके चलते कई उड़ानें प्रभावित हुई हैं। भारत की तरफ से जाने वाली कई उड़ानों को वापस बुलाया गया। इस बीच दिल्ली एयरपोर्ट ने एडवाइजरी जारी की है। दिल्ली एयरपोर्ट ने कहा कि दिल्ली एयरपोर्ट के संचालन पर फिलहाल कोई असर नहीं है। दिल्ली एयरपोर्ट पर हवाई यात्राएं जारी हैं। हालांकि, इस्राइली हमले के चलते कुछ उड़ाने प्रभावित जरूर हुई हैं। दिल्ली एयरपोर्ट ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, षदिल्ली एयरपोर्ट पर परिचालन सुचारू रूप से चल रहा है। हालांकि, ईरान, इराक और पड़ोसी क्षेत्र में हवाई क्षेत्र की बदलती परिस्थितियों के कारण कुछ उड़ानों का कार्यक्रम प्रभावित हुआ है। दिल्ली हवाई अड्डे ने पोस्ट में लिखा, ष्यात्रियों से अनुरोध है कि वे अपनी उड़ानों के बारे में नवीनतम अपडेट के लिए अपनी संबंधित एयरलाइनों से संपर्क करें। हम सभी यात्रियों से अपील करते हैं कि सिर्फ आधिकारिक सूत्रों पर ही भरोसा करें ताकि सही और लेटेस्ट जानकारी मिल सके।




कांस्टीट्यूशन क्लब में 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' पर मंथन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र उपस्थित थे।

# लोकतंत्र को मजबूत करेगा 'एक राष्ट्र एक चुनाव : कलराज मिश्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कांस्टीट्यूशन क्लब में लोकतांत्रिक व्यवस्था को और मजबूत करने को लेकर 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' (वन नेशन-वन इलेक्शन) पर मंथन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि 'एक देश एक चुनाव' भारतीय लो. कतंत्र को मजबूती प्रदान करने के साथ ही विकास और समृद्धि के नए आयाम स्थापित करेगा। राधेश्याम चैरिटबल फांउडेशन के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम का आरंभ अहमदाबाद विमान हादसे में मृत सभी आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि के साथ किया गया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने अहमादाबाद में विमान हादसे पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह हादसा सभी को झकझोर देने वाली है। उन्होंने गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी समेत सभी दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने 'एक देश-एक चुनाव' को देश की आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा कि यह किसी राजनीतिक दल का नहीं पूरे देश के हित और विकास से जुड़ा मुद्दा है। देश में एक साथ चुनाव होने से कार्ययोजना बनाने और उसे कार्यान्वित करने में आसानी होने के साथ ही श्रमबल और आर्थिक नुकसान से भी बचाव होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा की १९८४ के घोषणा पत्र एक साथ चुनाव मुद्दे के लिए प्रयास शुरू किया।

# देववाणी संस्कृत देश की पहचान : दिनेश चंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** भारत आज विश्व भर में अंतरिक्ष से लेकर अर्थजगत और सामरिक शक्ति से लेकर सांस्कृतिक अस्मिता की पहचान प्रमाणित कर रहा है। गौ,गंगा,वेद और पर्यावरण की रक्षा के लिए आवश्यक है कि हम संस्कृत भाषा को जनभाषा बनाएं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारे इस अखिल भारतीय संस्कृत शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग से निकले शिक्षक इस मिशन को साकार करेंगे।

ये विचार आज नई दिल्ली स्थित वसंत विहार के ललित महाजन सरस्वती बाल विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विहिप के संस्कृत आयाम द्वारा संचालित १० दिवसीय अखिल भारतीय संस्कृत शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विहिप के संरक्षक और संस्कृत आयाम के पालक अधिकारी दिनेश चंद्र ने व्यक्त किए। समारोह की अध्यक्षता वर्गाधिकारी प्रो. गणेश भारद्वाज ने की। वर्ग के प्रमुख अधिकारी और राष्ट्रीय आयाम प्रमुख प्रो. देवी प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि आयाम समाज में भारत की प्राच्य विद्याओं के पठन-पाठन और आधुनिक ज्ञान विज्ञान के अनुरूप उन्हें व्यवहार में लाने को संकल्पित है। १० दिवसीय संस्कृत वर्ग का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संस्कृत आयाम के राष्ट्रीय संयोजक डॉ.सूर्य प्रकाश सेमवाल ने कहा कि यहां से जाकर हमारे प्रशिक्षित शिक्षक अपने नगरों,गांवों और कस्बों में वर्षभर संस्कृत व्यवहार शिविर लगाएं।

डॉ.सेमवाल ने कहा कि इस संस्कृत वर्ग में शिक्षार्थियों को प्रो. बलराम पाणि,प्रो.रमेश कुमार पाण्डेय,प्रो.रामनाथ झा,प्रो.मूर्ति,डॉ. जीतराम भट्ट और चार्टर्ड अकाउंटेंट राजेश्वर पैन्यूली जैसे बौद्धिकों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। विहिप के केंद्रीय मंत्री श्री हरिशंकर ने संस्कृत वर्ग में सहयोग हेतु शिक्षकों और व्यवस्थापकों को सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने वालों में डॉ.सूर्यमोहन भट्ट, डॉ.सूर्यमणि भंडारी,डॉ. नवीन पांडेय, डॉयोगेन्द्र शर्मा, डॉ.दीपक वशिष्ठ,डॉ.सुशील कोटनाला और आनंद मिश्र आदि प्रमुख हैं।कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन आयाम के कार्यकारिणी सदस्य डॉ.कृष्ण चंद्र पांडेय ने किया।

# सौरभ ने भाजपा पर किया कटाक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पार्टी मुख्यालय में हुई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कटाक्ष करते हुए कहा, कि दिल्ली की भाजपा सरकार ने दिल्ली की जनता से यह वादा किया था, कि यदि दिल्ली में भाजपा की सरकार आई तो किसी वर्ग को छोड़ा नहीं जाएगा, सभी को भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली में सरकार बनने का प्रसाद दिया जाएगा।

हम सभी ने देखा की सरकार में आते ही भारतीय जनता पार्टी ने पूरी दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों की फीस बढ़ोतरी का प्रसाद मिडिल क्लास वर्ग को दिया। लगातार झुग्गियों पर बुलडोजर चलाकर झुग्गी बस्ती में रहने वाले लोगों को भाजपा सरकार बनने का प्रसाद दिया जा रहा है, और अब गर्मियां शुरू होते ही पीपीएसी चार्ज बढाकर भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली सरकार ने एक और प्रसाद पूरी दिल्ली की जनता को दिया है ।प्रेस वार्ता के दौरान जुलाई २०२४ का भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का एक वीडियो पत्रकारों को दिखाया गया। इसके संबंध में जानकारी देते हुए सौरभ भारद्वाज ने बताया कि २०२४ में जब पीपीएसी चार्ज ८% बढ़ा था, तो भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, भाजपा के कई सांसद और कई अन्य नेता जो वर्तमान में विधायक हैं, उन्होंने धरना प्रदर्शन किया और उस समय दिल्ली में रही आम आदमी पार्टी की सरकार को चोर बताया था ।

सौरभ भारद्वाज ने कहा आज दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद पीपीएसी चार्ज बढ़ाया गया है।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आम आदमी पार्टी के १० साल के कार्यकाल में कभी ऐसा नहीं हुआ की बिजली के लंबे-लंबे कट लगे हो। उन्होंने कहा कि पिछले १० साल के आम आदमी पार्टी के कार्यकाल में लोगों ने अपने घरों से इनवर्टरों को हटा दिया था, लोग इनवर्टर को भूल गए थे। परंतु जब से दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है, लोगों ने दोबारा से अपने घरों में इनवर्टर लगाना शुरू कर दिया है।

# घर का ताला तोड़कर चोरी करने वाले दो सक्रिय चोर पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस के निहाल विहार थाने की टीम ने घर का ताला तोड़कर चोरी करने वाले दो सक्रिय चोरों को पकड़ा है।पुलिस ने उनके पास से दो सोने की अंगूठियां, एक सोने का मंगलसूत्र, एक सोने का मंगलसूत्र लॉकेट, एक सोने का मांग टीका, दो चांदी की टागरी, दो जोड़ी चांदी की पायल, नकदी १८,०००/- रुपए बरामद किए है।दोनों आरोपी पहले भी दस अन्य मामलों में शामिल रहे हैं।

दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि ३ जून को निहाल विहार थाने के तहत एक ऑनलाइन शिकायत दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि रात के समय अज्ञात व्यक्तियों ने उसके घर का ताला तोड़कर सोने और चांदी के आभूषणों के साथ नकदी भी चुरा ली। शिकायत मिलने पर एसीपी पश्चिम विहार पाटिल स्वागत राजकुमार की देखरेख में एसएचओ निहाल विहार शिशपाल के नेतृत्व में एएसआई जल सिंह, हेड कांस्टेबल प्रमिल, कांस्टेबल बंटी और संदीप की टीम ने जांच शुरू की।जांच के दौरान टीम ने सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा की और स्थानीय मुखबिरों को सक्रिय किया। फुटेज और जमीनी स्तर के स्रोतों से मिली जानकारी के आधार पर आरोपी युगल किशोर / गूगल (२७) को डीडीए पार्क, निहाल विहार से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस पूछताछ के दौरान, युगल किशोर ने अपने साथी सूरज भान / पप्पू के साथ मिलकर चोरी करने की बात कबूल की। उन्होंने आगे बताया कि सूरजभान (४४)उस दिन बाद में जाली वाला पुल, गंदा नाला, निहाल विहार में उनसे मिलने वाला था।

# हनीट्रैप में फंसाकर वकील को लूटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हनीट्रैप में फंसाकर एक वकील की पिटाई करने और उससे लूटपाट का मामला लाजपत नगर इलाके में सामने आया है। वारदात के बाद आरोपी पीड़ित को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित ने कुछ लोगों के नाम पुलिस को बताए हैं। उसके आधार पर आरो. पियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक २९ वर्षीय पीड़ित वकालत करते हैं।

करीब एक माह पूर्व उनके व्हाट्सएप नंबर पर एक अज्ञात नंबर से श्रृष्टि नामक युवती की कॉल आई। वह केस के सिल. सिले में बातचीत करने लगी। श्रृष्टि केस के सिलसिले में मिलने की बात करने लगी। इस बात पर पीड़ित ने तीस हजारी कोर्ट आने के लिए कहा। वहां आने के लिए श्रृष्टि ने मना कर दिया। ७ जून को पीड़ित को एक केस के सिलसिले में साकेत कोर्ट जाना था। उन्होंने श्रृष्टि को कॉलकर वहां आने के लिए कहा। श्रृष्टि ने कोर्ट न आकर पीड़ित को लाजपत नगर बुलाया। वहां पहुंचने पर उनको श्रृष्टि मिली। दोनों एक पार्क के बाहर खड़े होकर बात करने लगे। इस बीच तीन अन्य लोग वहां पहुंचे और पीड़ित पर हमला कर दिया। मारपीट करने के बाद आरोपियों ने पीड़ित के पास से ५० हजार रुपये भी लूट लिए। बाद में जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

# भाजपा का जोर दिल्ली को स्वच्छ व हरित बनाने पर: प्रवेश वाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम में नेता सदन, प्रवेश वाही ने कहा है कि निगम की भाजपा सरकार का जोर दिल्ली को स्वच्छ व सुंदर बनाने पर है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की सड़कों को कूड़े के ढेरों से मुक्त किया जा रहा है और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। श्री वाही ने कहा कि दिल्ली के पार्कों के बेहतर रखरखाव के लिए भागीदारी अभियान चलाया जाएगा ताकि दिल्ली के पार्कों के हरा-भरा बनाया जा सके। नेता सदन प्रवेश वाही ने कहा कि प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक मार्गदर्शन में हम दिल्ली को स्वच्छ बनाने के अभियान में जुट गए हैं। श्री वाही ने कहा कि दिल्ली नगर निगम जनभागीदारी से दिल्ली के पार्कों के रख-रखाव को बढ़ावा देगा। श्री वाही ने कहा कि दिल्ली नगर निगम पिछले कुछ सालों से शिथिल पड़ी भागीदारी योजना को सुदृढ़ करेगी ताकि पार्कों को हरा-भरा बनाया जा सके। श्री वाही ने कहा आरडब्ल्यूए और संस्थाओं से अपील की है कि वे अपने आस-पास के पार्कों को गोद लें और निगम के साथ मिलकर उनके रख-रखाव में सहयोग करें। श्री वाही ने कहा कि दिल्ली नगर निमग पार्कों के रख-रखाव के लिए मिलने वाले अनुदान को बढ़ाने पर भी विचार करेगा। श्री वाही ने कहा कि नए पार्कों और हरित क्षेत्र के विकास के लिए जरूरी कार्य भी जल्द ही शुरु किए जाएंगे।

# विदेशों में नौकरी दिलवाने के नाम पर धोखाधड़ी, 50 हजार का इनामी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**नई दिल्ली।** विदेशों में नौकरी दिलवाने का झांसा देकर अनगिनत लोगों के साथ धोखाधड़ी करने वाले महाराष्ट्र के रहने वाले जाकिर दाउद खान को स्पेशल सेल में तैनात एसीपी संजय दत्त की देखरेख में इंस्पेक्टर चंद्रिका प्रसाद की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पर पचास हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सितंबर २०२२ में,आर्थिक अपराध शाखा में उसके खिलाफ धोखाधड़ी करने का केस दर्ज हुआ था,जिसमें शिकायतकर्ता धर्मेंद्र कुमार ने आरोप लगाया कि जनकपुरी स्थित मेसर्स फिजा प्लेसमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने दुबई में फर्जी नौकरी की पेशकश के लिए, जाली यूएई वीजा, अमान्य हवाई टिकट प्रदान करके और उसका पासपोर्ट अपने पास रखने के लिए उससे ९० हजार रुपये की धोखाधड़ी की। जांच में पता चला कि आरोपी ने इसी तरह से ८० से अधिक शिकायतें मिली थी। यह भी पता चला कि विदेश मंत्रालय के साथ अपंजीकृत मेसर्स एशियाटस कंसल्टिंग (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड की आड़ में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और बिहार के नौकरी चाहने वालों को निशाना बनाता गया। जिसमें आरा. ेपी ने पीड़ितों ने ५९ जाली वीजा और ३६४ पासपोर्ट के लिए ५० हजार से लेकर एक लाख बीस हजार रुपये, कुल मिलाकर ८८ लाख ८७ हजार ८ सौ रुपये का भुगतान किया। १६ दिसंबर २०२२ को पुलिस टीम ने आरोपी अरशद, राम अनमोल ठाकुर, गुलभर अली और श्रुति को पासपोर्ट, एक पिस्तौल, दो लाख ५५ हजार रुपये और अन्य सामान के साथ गिरफ्तार किया गया था। उपकरणों सहित जब्ती के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी मोहम्मद सद्दाम और मोहम्मद तस्लीम को बाद में गिरफ्तार कर लिया गय।

# यात्रियों को बनाते थे निशाना दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने सार्वजनिक परिवहन में यात्रा करने वाले यात्रियों को निशाना बनाने वाले जेबकतरों/चोरों के जोड़े को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से बारह मोबाइल फोन बरामद किए है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर ०९ मामले को सुलझा लिया है।वे इन चोरी किए गए मोबाइल फोन को कम कीमत पर मजदूरों को बेच देते थे। दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि १२ जून को स्पेशल स्टाफ में तैनात हेड कांस्टेबल अखिलेश एवं रोशन को क्षेत्र में एक जेबकतरे की गतिविधि के बारे में एक विशिष्ट इनपुट मिला था। इस इनपुट पर एसीपी ऑपरेशन की देखरेख में इंस्पेक्टर गिरीश चंद्र के नेतृत्व में टीम ने डीडीए फ्लैट्स मदनग. ेर के पास बीआरटी रोड पर जाल बिछाया। दोपहर करीब १२ बजे दो व्यक्ति संदिग्ध हालत में घूमते हुए देखे गए। मुखबिर के इशारा करने पर उन्हें रुकने का इशारा किया गया लेकिन पुलिस की मौजूदगी को भांपकर उन्होंने अपनी गति बढ़ा दी और मौके से भागने की कोशिश की लेकिन टीम ने दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया।बाद में उनकी पहचान विनोद उर्फ बल्ली (४१) और पवन (४५)के रूप में हुई।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं


फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन

■ 15 जून से होगा योग सप्ताह का शुभारंभ प्रतिदिन अलग-अलग जगहों पर किए जाएंगे योग कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अन्तर्राष्ट्रीय 11वें योग दिवस की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागर में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रति. निधियों ने भाग लिया। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त विभागों, गैर सरकारी संस्थाओं से कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाए जाने के लिए कार्ययोजना प्रस्तुत करने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर तो भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाना है ही साथ ही 15 जून से योग सप्ताह का शुभारंभ होगा। जनपद में अलग-अलग स्थानों पर योग के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में जनपद के समस्त विभागों के प्रतिनिधि, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि व आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधि जहां मौजूद रहे।

वहीं जिला विकास अधिकारी प्रज्ञा श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी नगर, पंतजलि योग संस्थान से प्रति. निधि, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डाक्टर अशोक राना, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डाक्टर पंकज त्यागी, आयुष विभाग से डाक्टर जोगेन्द्र सिंह, डाक्टर निशंक कुमार, डाक्टर कुलदीप राज, सिविल डिफेंस से अनिल अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## व्यापार मंडल ने विमान हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के कैथल गेट स्थित कैम्प कार्यालय पर अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों व सदस्यों ने 12 जून गुरूवार को अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के ड्रीमलाइनर विमान हादसे के दौरान मृतकों भावभीनी श्रद्धाजंलि दी और घायलों के स्वास्थ्य के लिए कामना की गई। व्यापारी नेता अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि ये घटना पूरे भारत वर्ष में हृदय विदारक है। इस दुखद हादसे में हताहत हुए लोगो के स्वजन के प्रति पूरे देश की विनम्र संवेदना है। व्यापार मंडल ने मांग की कि हादसे में जिन लोगो की जान गई है, उनके परिवार के लिए केंद्र सरकार एक सरकारी नौकरी और घायल डॉक्टरों के सम्पूर्ण इलाज कराए। भाजपा नेता अंकुर अग्रवाल ने कहा केंद्र सरकार को चाहिए। इस घटना की उच्च स्तर की जांच करा कर दोषीयों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के ड्रीमलाइनर विमान के हादसे में मृतकों के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखा गया। उइस दौरान डॉ टी एस पाल, देवेन्द्र गुप्ता मोनू, अमित दिवाकर, तुषार वार्ष्णेय क्रिस्टल, शुभम अग्रवाल, राजू ठाकुर, सालिम खान, मधुप गुप्ता, हरेंद्र यादव आदि रहे।

## निजामुद्दीन-गाजियाबाद ईएमयू पटरी से उतरी, रेलवे ने दिए जांच के आदेश

**गाजियाबाद।** दिल्ली में एक बड़ा रेल हादसा टल गया, जब निजामुद्दीन से गाजियाबाद जा रही ईएमयू (EMU) ट्रेन संख्या 64419 शिवाजी ब्रिज के पास पटरी से उतर गई। यह घटना डाउन मेन लाइन पर हुई, जहां ट्रेन का चौथा डिब्बा ट्रैक से नीचे उतर गया। उत्तर रेलवे ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि किसी के हताहत होने या घायल होने की कोई सूचना नहीं है। रेलवे अधिकारियों और तकनीकी टीमों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर मरम्मत और सुरक्षा कार्य शुरू कर दिया है।

रेलवे की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि हादसे के बाद मरम्मत कार्य तेजी से चल रहा है और ट्रैक को जल्द ही दुरुस्त कर परिच. ालन बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। घटनास्थल पर पहुंचे अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया और यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कदम उठाए। ट्रेन के पटरी से उतरने की घटना के चलते कुछ ट्रेनों के समय पर असर पड़ सकता है। रेलवे ने यात्रियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि किसी भी अफवाह से बचें और आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें। वहीं दूसरी तरफ उत्तर रेलवे ने इस घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि हादसे का कारण तकनीकी गड़बड़ी थी या अन्य कोई कारण।

## मौसेरे भाइयों संग बीकॉम स्टूडेंट चला रहा था वाहन चोरी का धंधा

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चोरी के एक सक्रिय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह का सरगना एक बीकॉम का छात्र निकला, जबकि उसके साथ दो मौसेरे भाई भी वाहन चोरी में शामिल थे। गिरफ्तार आरोपियों के पास से चोरी की दस बाइक, एक स्कूटी और मास्टर चाबियां बरामद की गई हैं। पुलिस ने बताया कि गिरोह के सदस्य एनसीआर क्षेत्र में रेकी कर वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देते थे और बाद में उन्हें बागपत व मुजफ्फरनगर जैसे इलाकों में कम दामों पर बेच देते थे। इस कार्रवाई से क्षेत्र में वाहन चोर गिरोहों पर करारा प्रहार माना जा रहा है।

इंदिरापुरम एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव और थाना प्रभारी रवेंद्र गौतम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में बागपत निवासी रोहित, नोएडा सेक्टर-63 निवासी सागर शर्मा, आशू, छिजारसी का आकाश उर्फ कल्लू और मेरठ के सिविल लाइन का नीरज शामिल हैं। आरोपियों को पुलिस ने नियमित चेकिंग के दौरान पकड़ा और उनकी निशानदेही पर कनावनी पुलिया के पास झाड़ियों से वाहन बरामद किए गए। इनमें से छह बाइक इंदिरापुरम क्षेत्र से चोरी की गई थीं, जिनकी रिपोर्ट पहले से थाने में दर्ज थी। पूछताछ में पता चला कि गिरोह पिछले कई वर्षों से चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। पुलिस के अनुसार, आरोपित रोी. हत मास्टर चाबियां रखता था और वाहन खोलने का मुख्य काम उसी का था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी वाहन चोरी के बाद उन्हें जंगलों और झाड़ियों में छिपाकर रखते थे। मौका मिलने पर वह उन्हें बागपत और मुजफ्फरनगर ले जाकर बेचते थे। आरोपी सागर शर्मा न सिर्फ गिरोह का सरगना है, बल्कि वह बीकॉम का छात्र भी है, जिससे साफ होता है कि गिरोह में पढ़े-लिखे युवक भी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ गाजियाबाद में सात, नोएडा में एक और दिल्ली में भी एक मामला दर्ज है। इसके अलावा जांच में वाहनों की कटान (स्पेयर पार्ट्स के लिए तोड़ना) की गतिविधि भी उजागर हुई है, जिस पर आगे कार्रवाई की जाएगी।



**गाजियाबाद। श्री अमरनाथ युवा मंडल गाजियाबाद ( करनाल ) की भण्डारा सामग्री नया गंज व बिहारी नगर से रवाना की गई। जिससे अखिल भारतीय उद्योग व्यापर मंडल गाजियाबाद के अध्यक्ष संदीप बंसल व अमरनाथ युवा मंडल के अध्यक्ष गौरव गर्ग द्वारा नया गंज से रवानगी दी गई। इस अवसर पर अनमोल बंसल हर्ष बंसल राजू शर्मा राकेश गुप्ता विनय सिंह आदि उपस्थित रहे।**

वसुंधरा में स्वच्छता अभियान को लग रहा पलीता

## नालों की सफाई में नगर निगम नाकाम

**गाजियाबाद।** एक तरफ जहां प्रदेश सरकार 'स्वच्छ भारत अभियान' को सफल बनाने के लिए हर साल करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं दूसरी ओर नगर निगम की लापरवाही इस अभियान को मजाक बना रही है। वसुंधरा क्षेत्र में नाले-नालियों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। नगर निगम भले ही दावा कर रहा हो कि क्षेत्र के सभी बड़े नालों की सफाई पूरी हो चुकी है, लेकिन जमीनी सच्चाई इससे कोसों दूर है। वसुंधरा सेक्टर-4 की अरुणिमा सोसाइटी के पीछे स्थित प्रमुख नाला इसकी बानगी पेश कर रहा है। नाला पूरी तरह से गंदगी, कूड़े और गाद से पटा पड़ा है, जिससे दुर्गंध फैल रही है और मच्छर, मक्खियों के साथ विभिन्न रोगजनक जीवाणुओं का प्रसार हो रहा है। इससे क्षेत्र में डेंगू, मलेरिया जैसे बीमारियों के फैलने का खतरा भी मंडरा रहा है। स्थानीय निवा. सियों का कहना है कि यदि समय से बारिश शुरू हो गई, तो यह नाला जलभराव का कारण बनेगा और सोसाइटी के आसपास रहने वालों की मुश्किलें और बढ़ जाएंगी। कई बार शिकायतों के बावजूद अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस मुद्दे को लेकर नगर निगम के खिलाफ जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज की गई है, जिसमें मांग की गई है कि बरसात से पहले इस नाले की तुरंत सफाई कराई जाए ताकि संभावित जलभराव और स्वास्थ्य संबंधी खतरों से लोगों को राहत मिल सके। स्वच्छ भारत मिशन को जमीनी हकीकत से जोड़ने के लिए जरूरी है कि नगर निगम सिर्फ कागजी दावे न करे, बल्कि समय रहते ठोस और असरदार कदम उठाए। वरना सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद गंदगी और बीमारी की समस्या ज्यों की त्यों बनी रहेगी।

वर्षा के दौरान लोनी में जलभराव के दृष्टिगत

## जिलाधिकारी ने किया मार्ग का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी दीपक मीणा ने मासूनी बारिश के दौरान लोनी में होने वाले जलभराव को दृष्टिगत रखते हुए दिल्ली-सहारनपुर मार्ग का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने दिल्ली-सहारनपुर मार्ग के उन स्पाट्स को जाकर देखा जहां अत्यधिक जलभराव हो जाता है और आमजन को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान लोनी के एसडीएम, लोनी पालिका के ईओ, सिंचाई, एनएचएआई, विद्युत, यमुना प्रदूषण इकाई, जल निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी दीपक मीणा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बारिश के मौसम से पहले ही जलभराव से निपटने की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। संबंधित विभागों के अधिकारी अपने-अपने दायित्वों को पूरा करेंगे और कोई भी विभाग एक दूसरे विभाग पर काम न होने की बात नहीं करेगा।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी विभागों की जिम्मेदारी है कि लोनी-सहारनपुर मार्ग पर जलभराव की स्थिति पैदा ना हो। उन्होंने दिल्ली-सहारनपुर मार्ग की मरम्मत, पानी निकालने के लिए पंप सेट और नालों की सफाई के निर्देश दिए।

समाजसेवा में रॉयल कॉलेज का सराहनीय कदम

## बंदियों के पुनर्वास के लिए दीं विधिक व धार्मिक पुस्तकें

**गाजियाबाद।** रॉयल कॉलेज डासना ने सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए जिला कारागार डासना के पुस्तकालय के लिए करीब 250 मूल्यवान पुस्तकें भेंट कीं। इनमें धार्मिक ग्रंथ, महापुरुषों की जीवनी, महिला और बाल अधिकारों से संबंधित कानूनों की पुस्तकें, और हाल ही में लागू हुए नए विधि संहिताओं ख्र भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 से जुड़ी पुस्तकें शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, पुस्तकों के उचित संरक्षण हेतु एक लोहे की अलमारी भी जेल प्रशासन को सौंपी गई। इस विशेष अवसर पर जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा, जेलर के.के. दीक्षित, डिप्टी जेलर अरविंद कुमार, बी.एन. पांडेय, विजय गौतम, शिवानी यादव एवं सुकुंती दो. हरे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। रॉयल कॉलेज की ओर से सहायक प्रोफेसर सलमान एवं उनकी टीम भी इस आयोजन में सक्रिय रूप से उपस्थित रही। जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा ने रॉयल कॉलेज के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पुस्तकें बंदियों को न केवल आध्यात्मिक और नैतिक मार्गदर्शन देंगी, बल्कि उन्हें कानून की समझ भी प्रदान करेंगी। उन्होंने डॉ. टीना गर्ग, प्राचार्य रॉयल कॉलेज, एवं समस्त कॉलेज प्रबंधन को बधाई दी और आशा जताई कि रॉयल कॉलेज भविष्य में भी समाजहित में इसी प्रकार योगदान देता रहेगा । यह पहल न केवल शिक्षा के प्रचार-प्रसार का उदाहरण है, बल्कि एक सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन की दिशा में प्रेरक कदम भी मानी जा रही है।

## नाहल हत्याकांड पर गरजे चंद्रशेखर आजाद सरकार से की सीबीआई जांच की मांग

**गाजियाबाद।** थाना मसूरी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नाहल में बीते 25 मई 2025 को हुए सौरभ हत्याकांड ने अब तूल पकड़ लिया है। इस हत्याकांड के बाद गांव में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है और विभिन्न दलों के नेता पीड़ित परिवारों से मिलकर सहानुभूति जता रहे हैं। इसी कड़ी में आज आजाद समाज पार्टी के संस्थापक व नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद ग्राम नाहल पहुंचे। उन्होंने गांव के हालात को लेकर गंभीर चिंता जताई और कहा कि प्रशासन पीड़ितों को न्याय देने की बजाय उन्हें ही प्रताड़ित कर रहा है। चंद्रशेखर आजाद ने मीडिया से बात. चीत में कहा कि गांव के निर्दोष लोगों को बिना किसी ठोस आधार के उठाकर जेल भेजा जा रहा है।

## करावल नगर की रहने वाली कविता की हत्याकांड में देवर व ससुर भेजे गए जेल

**गाजियाबाद।** दिल्ली के करावल नगर की रहने वाली 25 वर्षीय कविता की हत्या के मामले में गाजियाबाद पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। देवर और ससुर ने मिलकर हत्या की साजिश रची और शव को सूटकेस में भरकर गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर इलाके में फेंक दिया। पुलिस ने घटना में शामिल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि पति से पूछताछ के बाद फिलहाल उसकी संलिप्तता नहीं पाई गई है। गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर क्षेत्र में 10 जून की सुबह एक हरे रंग के सूटकेस में महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई थी। 12 जून को डीसीपी देहात जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि शव की पहचान कविता, निवासी करावल नगर दिल्ली के रूप में हुई है।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि घटना के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई। फुटेज में बाइक पर दो लोग एक सूटकेस के साथ नजर आए, जिसे सफेद चादर में लपेटा गया था। यह बाइक दिल्ली की दिशा से आई थी और मंगलवार सुबह 3:02 बजे सूटकेस को नहर की पटरी पर फेंक दिया गया। इसके बाद दोनों आरोपी दिल्ली की ओर लौट गए। पुलिस ने 10 किलोमीटर के दायरे में बाइक को ट्रेस किया और उसके रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर कविता के ससुरालियों तक पहुंच बनाई। भ्ळ लोनी बॉर्डर हरेंद्र मलिक ने बताया कि हत्या में कविता के ससुर हरवीर, देवर सुमित और देवर गुड्डू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जांच में सामने आया कि कविता और ससुराल पक्ष में आए दिन झगड़े होते थे।

## मामूली विवाद में युवकों ने चला दी गोली, शिकार हो गई राह चलती महिला

**गाजियाबाद।** लोनी थाना क्षेत्र स्थित विकास नगर कॉलोनी में बुधवार रात हुए गोलीकांड ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी। मामूली पैसे के लेनदेन को लेकर शुरू हुए विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया जब दो आरो. पितों ने एक महिला पर गोली चला दी। गोली महिला के कूल्हे पर जा लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने दो हमलावरों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि एक आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच तेजी से जारी है।

पुलिस के अनुसार, सलीम और नसीम के बीच बाइक के पैसों को लेकर विवाद चल रहा था। बुधवार रात दिल्ली के मुस्तफाबाद दयालपुर निवासी शाहबाज, सलीम और नसीम विकास नगर कॉलोनी में इस मुद्दे पर आपस में उलझ गए। इसी दौरान बबीता उर्फ बाबी नाम की महिला वहाँ से गुजर रही थी।

महिला ने तीनों को झगड़ा करने से मना किया और घर जाने की सलाह दी। लेकिन उसकी बात शाहबाज और सलीम को इतनी नागवार गुजरी कि उन्होंने अपनी पिस्टल निकाल कर महिला पर गोली चला दी।

गोली लगने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों आरोपियों को पकड़कर उनकी पिटाई की और फिर मौके पर पहुंची पुलिस को सौंप दिया। महिला को गंभीर हालत में दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

लोनी के एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने जानकारी दी कि गिरफ्तार आरो. पियों के पास से दो देशी पिस्टल और पांच कारतूस बरामद किए गए हैं। पूछताछ में खुलासा हुआ कि बाइक के लिए 25 हजार रुपये देने थे, लेकिन नसीम सिर्फ 12 हजार देने को तैयार था, जिससे विवाद भड़क गया। फरार आरोपी नसीम की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है और जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पुलिस ने यह भी बताया कि घटनास्थल की निगरानी के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि दोबारा ऐसी कोई घटना न हो। यह घटना न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि समाज में छोटी-छोटी बातों पर भी लोग हिंसा पर उतारू हो रहे हैं।

## नामी कंपनी का ट्रेडमार्क बदल नकली माल बेचने का भंडाफोड़

**गाजियाबाद।** क्रासिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र में नामी कंपनी का ट्रेड मार्क बदलकर नकली माल बेचने का भंडाफोड़ हुआ है। ब्रांड प्रोटेक्टर एजेंसी की छापेमारी में दो दुकानों पर स्लीपवेल कंपनी के मिलते-जुलते नाम से तकिये बिकते मिले। अधिकृत प्रतिनिधि की शिकायत पर पुलिस ने दोनों दुकानदारों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जसोला दिल्ली की ओमेक्सा स्क्वॉयर सोसाइटी में रहने वाले अनुराग चौहान का कहना है कि वह ब्रांड एंड फेक कंपनी में फील्ड ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। वह स्लीपवेल इंटरप्राइजेज लिमिटेड कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि हैं। अनुराग चौहान के मुताबिक उन्हें गोपनीय रूप से सूचना मिली कि बरहामपुर स्थित महा विष्णु फर्नीचर के मालिक अमित कुमार शर्मा तथा बहरामपुर अंडरपास के पास स्थित अर्णव फर्नीचर हाउस के मालिक विजेंद्र राणा द्वारा स्लीपवेल कंपनी के मिलते-जुलते नाम से नकली तकिये बेच रहे हैं।

जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा

## अदिति भारद्वाज को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विजयनगर स्थित देश के प्रसिद्ध जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा 12 की छात्रा अदिति भारद्वाज ने एक बार फिर से अपने स्कूल व जनपद का गौरव बढाया। अदिति भारद्वाज को लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मानित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अदिति भारद्वाज को एक लाख रुपये, एक टेबलेट, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। स्कूल के चेयरमैन जे के गौड़ ने कहा कि अदिति को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किए जाने से स्कूल ही नहीं जनपद का गौरव भी बढा है।

अदिति ने सीबीएसई की कक्षा 12 की परीक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त कर जनपद ही नहीं पूरे प्रदेश के छात्र-छात्राओं को कुछ कर दिखाने के लिए प्रेरित किया है। स्कूल के निदेशक डॉ करूण गौड़ ने कहा कि जेकेजी इंटरनेशल स्कूल के बच्चे शिक्षा, खेल समेत हर क्षेत्र में अपना परचम फहरा रहे हैं।

अदिति भारद्वाज इसका उदाहरण है, जिन्होंने पहले सीबीएसई की कक्षा 12 में शानदार प्रदर्शन कर और अब प्रदेश के मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित होकर एक बार यह साबित कर दिया है कि जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल आज पूरे देश में अपनी अलग पहचान बना चुका है।

स्कूल की प्रधानाचार्य अंजू गौड़ ने कहा कि अदिति भारद्वाज ने कक्षा 12 की परीक्षा में 500 में से 497 अंक यानि 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। उनकी इस शानदार उपलब्धि के लिए ही उन्हें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और उसी के चलते स्कूल के बच्चे आज देश-विदेश में नाम रोशन कर रहे हैं।

## उर्स मेले में किया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** बाबा हजरत मुहम्मद मुराद गाजी के 359 वे उर्स के मौके पर दूर दराज से आए जायरीनों की खिदमत में शहर के प्रमुख सामाजिक संगठन आर एस तोमर एंड जे एस सैफी फाउंडेशन एवं अन्तर्राष्ट्रीय संगठन ए एच डी डब्ल्यू बी ने संयुक्त रूप से नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया। जिसका उद्घाटन उर्स मेले के व्यवस्थापक हामिद पठान एवं डॉ राजपाल तोमर ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर डॉ राजपाल तोमर, डॉ फहीम सैफी, मास्टर बाबु खां, डॉ मुशर्रफ, डॉ रफीक, सीदू अल्वी, मोहसिन भादोली, इरफान ठेकेदार एवं उर्स मेला कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

संस्कारों से युक्त चरित्र है सशक्त समाज की नींव

## डीजेजेएस ग्रीष्मकालीन शिविर में राष्ट्र उत्थान की भावना से बच्चों को किया गया पोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के सामाजिक प्रकल्प "मंथन - संपूर्ण विकास केंद्र" के अंतर्गत पटेल नगर स्थित गाजियाबाद शाखा द्वारा 6 से 12 वर्ष तक के बच्चों के लिए तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन शि. विर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के द्वितीय दिवस, 12 जून 2025 - गुरुवार को बच्चों के मान. सिक, नैतिक और सामाजिक विकास पर केंद्रित अनेकानेक रोचक और रचनात्मक गतिविधियाँ कराई गईं।



कार्यक्रम का प्रारंभ उच्चारण और शांति पाठ से किया गया, जिससे बच्चों के मन में शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। बच्चों के शारीरिक बल को सशक्त करने हेतु श्वारियर - सेल्फ डिफेंसश सत्र का आयोजन किया गया, और साथ ही योग एवं प्राणायाम के माध्यम से बच्चों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व से अवगत कराया गया।

इसके बाद बॉटल मूवमेंट, पासिंग गेम, बैलून एक्टिविटी और स्क्विड गेम जैसी गतिविधियों के द्वारा बच्चों ने संतुलन, ध्यान और टीम वर्क की भावना को सीखा। बच्चों को सोचने और समझने की प्रेरणा देने वाली वीडियो भी दिखाई गईं। पहली वीडियो के माध्यम से यह बताया गया कि टीवी/ मोबाइल पर दिखने वाले दृश्यों का अंधानुकरण नहीं करनी चाहिए क्योंकि उनका प्रभाव बच्चों के व्यवहार पर नकारात्मक पड़ सकता है।

दूसरी वीडियो में यह बताया गया कि पैकेज्ड फूड के डिब्बों पर जो सामग्री लिखी जाती है, वह अक्सर भ्रामक होती है और बिना जानकारी के खाने से स्वास्थ्य पर गलत प्रभाव हो सकता है। साथ ही टाइम मैनेजमेंट एक्टिविटी के माध्यम से बच्चों को समय के सही उपयोग की जानकारी दी गई। बच्चों ने भजनों की धुन पर भी आनंद लिया। बच्चों द्वारा विशेष नृत्य प्रस्तुति श्वो शक्ति हैश एवं शशिव तांडव स्तोत्रम्श विशेष आकर्षण रहा। इसके साथ ही बच्चों ने देशभक्ति पर आधारित सामूहिक नृत्य में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी श्वेता भारती जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए बच्चों में राष्ट्र निर्माण की भावना को प्रगाढ़ किया और सभी ने वन्दन मातरम् के बुलंद जयघोष से अपनी सहभागिता भी अर्पित की। बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, श्बेस्ट आउट ऑफ वेस्टश गतिविधि में भाग लेकर ऐसी उपयोगी वस्तुएँ बनाई गईं जो दैनिक जीवन में काम आ सकें। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम को विराम दिया गया।

# पानी के बिलों पर भी स्कैमर्स भेज रहे बल्क में मैसेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सुबह एक व्यक्ति के मोबाइल फोन पर अंजान नंबर से व्हट्सएप मैसेज आया। मैसेज देखकर यह व्यक्ति भी दंग रह गया। मैसेज में लिखा था कि आपके पानी के बिल की रिडिंग अपडेट नहीं हुई है। इस कारण शाम तक आपका पानी का मीटर काट दिया जाएगा। कृपया तुरंत हमारे दिल्ली जल बोर्ड कार्यालय के फोन नंबर या फिर सोशल मीडिया साइट पर संपर्क करें। या फिर दिये गए लिंक पर क्लिक करके अपना बिल भी भर सकते हैं। मैसेज देखने के बाद व्यक्ति घबरा गया और तुरंत दिये गए लिंक को खोला,जिसमें लोगों दिल्ली जल बोर्ड का था,पूरी साइट दिल्ली जल बोर्ड की ही तरह से थी।

जानकारी अपडेट करने के बाद जैसे ही कुछ रुपये जमा करवाए। व्यक्ति के बैंक खाते से हजारों रुपये निकल गए। इसी तरह से इसी तरह के मैसेज में दिल्ली जल बोर्ड के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर देवेश से संपर्क करने की बात लिखी थी। जिससे संपर्क करने के बाद उसने भी एक लिंक दिया,जिसको खोलते ही,बैंक से हजारों रुपये निकल गए। जब पीडिघ्तों ने अपने जानकारों को आपबीति बताई। तब पता चला कि इस तरह के ब्लक में मैसेज कई लोगों को आए थे। जो एक स्कैम के तहत लोगों के फोन पर भेजे गए थे। दिल्ली पुलिस में तैनात कई साइबर एक्सपर्ट का कहना है कि इस तरह से शिकायतें पिछले दो तीन सालों से काफी ज्यादा साइबर पोर्टल पर दर्ज हुई हैं। कई सुरक्षा एजेंसियों ने ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है। ऐसे में सतर्क रहने की और मैसेज या फिर फोन आने पर खुद को शांत करके सोचने की जरूरत है। तुरंत स्कैमर्स द्वारा दिये लिंक को खोलने की कोई जरूरत नहीं है। आपकी टेंशन का फायदा ही सकैमर्स तुरंत उठाकर आपको ओर ज्यादा टेंशन में डालकर आपके पैसों को हड़पने की कोशिश करता है। उन्होंने बताया कि इसी तरह से स्कैमर्स व्हाट्सऐप पर पाइपलाइन बिल अपडेट ऐप की फाइल भेजते हैं। ऐप में पीडिघ्त से जानकारी भरवाने के बाद उनसे १२ रुपये की ट्र्रांजेक्शन करने की बात कहते है। पीडिघ्त जैसे ही ट्रांजेक्शन करता है अचानक ट्रांजेक्शन फेल हो जाता है। उधर पीड़ित का फोन भी हैंग हो जाता है। पीडिघ्त को लगता है कि नेटवर्क प्रॉब्लम है,लेकिन कुछ देर बाद ही पीडिघ्त के फोन पर बैंक से रुपये निकलने का मैसेज आना शुरू हो जाता है। इस तरह के कॉल आते हैं तो आप तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दें, या फिर १९३० नेशनल साइबरक्राइम हेल्पलाइन पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराएं. साथ ही सोशल मीडिया साइट एक्स साइबरदोस्त के माध्यम से भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## स्कैमर्स अक्सर फर्जी एपीके फाइल आपके फोन में इंस्टॉल करवाते हैं

**नई दिल्ली।** साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि स्कैमर्स ऐसी वारदात करने के लिये अक्सर पीडिघ्त को दिल्ली जल बोर्ड का नाम और लोगो दिखाकर विश्वास में लेकर एक फर्जी एपीके फाइल फोन में इंस्टॉल करवा लेते हैं। एपीके मॉलवेयर के फोन में इंस्टॉल होते ही शिकायतकर्ता के व्हाट्सऐप अकाउंट, वित्तीय डाटा और अन्य मोबाइल जानकारी स्कैमर्स को पता चल जाती हैं। इसके बाद व्हाट्सऐप, अकाउंट्स का इस्तेमाल करके मालवेयर और मैलिशियस लिंक अन्य लोगों तक भेजते हैं। जिससे एक चेन रिएक्शन के जरिए कई अकाउंट्स इसकी चपेट में आ जाते हैं।

# दौड़ा-दौड़ाकर चाकू से वार इधर-उधर भागता रहा युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कंधा टकराने पर प्रेम नगर इलाके में कुछ लोगों ने एक युवक की पिटाई कर दी और उसपर चाकू से हमला कर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया। घायल युवक की पहचान रविश अली (२४) के रूप में हुई। घायल युवक को तुरंत पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस ने पीड़ित के बयान पर गंभीर चोट पहुंचाने का मामला दर्ज कर लिया है। घटना के बाद सभी आरोपी भागे हुए हैं। पुलिस इनकी गिरफ्तारी के लिए उनके ठिकाने पर दबिश दे रही है। जानकारी के मुताबिक रविश अली सपरिवार इंद्र एन्क्लेव इलाके में रहता है। वह जींस की फैक्टरी में काम करता है। पुलिस को दी शिकायत में रविश ने बताया कि १० जून की रात १०.३० बजे वह बाजार से सामान खरीदने जा रहा था। इस दौरान सामने से तीन लोग आ रहे थे। एक युवक से उसका कंधा टकरा गया। टक्कर लगने के बाद युवक उसे गाली देने लगा। गाली-गलौज का विरोध करते हुए पीड़ित ने युवक को थप्पड़ मार दिया। इतने में ही एक युवक ने चाकू निकाल लिया और रविश पर हमला करने लगे। रविश जान बचाने के लिए इधर उधर भागने लगा, लेकिन हमलावरों ने पीछा कर उसपर चाकू से हमला कर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया। भागने के दौरान ही पीड़ित ने पुलिस को फोन कर दिया। पुलिस को फोन करते देख सभी हमलावर वहां से भाग गए। मौके पर पहुंचे पीसीआर कर्मियों ने घायल रविश को पास के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया। उस रात वह बयान देने की हालत में नहीं था। अगले दिन पुलिस ने पीड़ित का बयान लिया और गंभीर चोट पहुंचाने का मामला दर्ज कर लिया।

रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव रंजन में बताया कि मामले की जांच के दौरान आपसी रंजिश की बात सामने आई है। आरोपी इसी इलाके के रहने वाले हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों को नामजद किया है। एक युवक पर उसने चाकू मारने और दो अन्य पर उसकी पिटाई करने का आरोप लगाया है। पुलिस आस-पास के सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

# एनडीएमसी क्षेत्र में लगेंगे बिजली-पानी के स्मार्ट मीटर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) की काउंसिल की बैठक में कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। इसमें प्रमुख तौर पर बिजली-पानी के नए स्मार्ट मीटर लगाने के साथ ही भूमिगत पुराने हो चुके बिजली के तारों और नालों की सफाई व कर्मचारियों के कल्याण के लिए प्रस्ताव पारित किए गए हैं।

हालांकि चुनाव पूर्व प्रवेश वर्मा द्वारा तालकटोरा स्टेडियम का नाम बदलने का प्रस्ताव पहली ही काउंसिल की बैठक में पारित करने का वादा पूरा नहीं हो सका। इसमें प्रवेश वर्मा ने सफाई दी है कि उन्होंने प्रस्ताव को गृहमंत्रालय को भेज रखा है जैसे ही प्रस्ताव को मंजूरी मिलेगी नाम बदलने का कार्य पूरा कर दिया जाएगा।

काउंसिल की बैठक के बाद प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत चहल ने बताया कि दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश वर्मा की अध्यक्षता में काउंसिल की बैठक में कई अहम प्रस्तावों को पारित किया गया है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोगों को स्वच्छ पानी देने और पुराने पानी के मीटरों को बदलने के लिए एनडीएमसी ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सभी मीटर स्मार्ट करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह मीटर मैगेनेटिक प्रूफ होंगे। साथ ही मीटर में यह भी देखा जा सकेगा कि पानी कितनी तेजी से आ रहा है या पानी की आपूर्ति धीमी गति से हो रही है। उन्होंने बताया कि ३०.८४ करोड़ रुपये की राशि इस कार्य के लिए मंजूर की गई है। वहीं पिलंजी गांव के आस-पास की पानी की पाइपलाइन को चरणबद्ध तरीके से बदला जाएगा।

इसमें ६६.४४ करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है। इसमें एनबीसीसी ने सरोजनी नगर में किए जा रहे पुनर्विकास के तहत इन लाइनों को बदलने का आग्रह किया था। इसके साथ ही एनडीएमसी ने पुराने भूमिगत बिजली के तारों को बदलने का निर्णय भी लिया है।




दिल्ली पुलिस कल्याण इकाई व एम्स द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करते जवान।

# दिल्ली पुलिस कल्याण इकाई ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की कल्याण इकाई ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली के सहयोग से विश्व रक्तदाता दिवस २०२५ के उपलक्ष्य में पुलिस मुख्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में दिल्ली के विशेष पुलिस आयुक्त (कल्याण इकाई) अतुल कटियार की उपस्थिति में एसीपी/कल्याण रविशंकर के साथ दिल्ली पुलिस कल्याण इकाई के महिला/पुरुष अधिकारी और दिल्ली पुलिस की विभिन्न इकाइयों के पुलिस कर्मियों ने इस जीवन रक्षक प्रयास में भाग लिया, जिसके परिणामस्वरूप १०८ यूनिट रक्त एकत्र किया गया। यह पहल इस वर्ष की वैश्विक थीम, रक्त दें, आशा दें: साथ मिलकर हम जीवन बचाते हैंष् के अनुरूप थी, जिसमें जरूरतमंद लोगों के लिए सुरक्षित और पर्याप्त रक्त आपूर्ति सुनिश्चित करने में नियमित, स्वैच्छिक और अवैतनिक रक्तदान की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया।

१४ जून को प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला विश्व रक्तदाता दिवस स्वैच्छिक रक्तदाताओं के योगदान को स्वीकार करता है, जिनकी उदारता अनगिनत लोगों की जान बचाती है और वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों को मजबूत बनाती है।

# कड़कती बिजली संग गिरेंगी राहत की बूंदें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गर्मी लोगों को टॉर्चर कर रही है। ऐसे में लोगों को न दिन में चौन मिल रहा है और न ही रात में राहत मिल रही है। आलम यह है कि रात के समय भी लोग पसीने से तरबतर हो रहे हैं। दिन के समय खासी चुभन भरी गर्मी महसूस की गई। शुक्रवार को दिनभर आसमान साफ रहने व तेज धूप निकलने के कारण लोगों का हाल बेहाल रहा। ऐसे में लोग गर्मी से हलकान दिखे। लोग घर या दफ्तर से बाहर निकलते ही पसीना पोंछते नजर आए।

यह स्थिति रात में भी नहीं सुधरी। ऐसे में अधिकतम तापमान सामान्य से ३.० डिग्री अधिक ४३.७ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते २४ घंटे में हवा में नमी का न्यूनतम स्तर ३७ फीसदी रहा। वहीं, हीट इंडेक्स ५१.४ दर्ज किया गया, यानी दिल्ली के लोगों को इसी तापमान की गर्मी का एहसास हुआ। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार यह अभी और बढ़ सकता है।

हालांकि मौसम विभाग ने आज से बारिश की संभावना जताई है। ऐसे में लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। इस दौरान बहुत हल्की से हल्की बारिश के साथ बिजली कड़केगी और तेज हवाएं ४०-५० किमी प्रति घंटा की गति से चलेंगी, जो गरज के साथ ६० किमी प्रति घंटे की गति तक पहुंच सकती है। कई स्थानों पर गर्म लहर की स्थिति रहेगी।

# डीयू के कॉलेजों में हादसों के बाद जांच के निर्देश

**नई दिल्ली।** कॉलेजों में लगातार हो रहे हादसों को लेकर दिल्ली विश्वविद्यालय ने कॉलेजों, विभागों और छात्रावासों में सुरक्षा व सरंचनात्मक जांच के निर्देश दिए हैं। कॉलेजों को कहा गया है कि कॉलेज अपने कमरों व शौचालयों का भी निरीक्षण करें। इस संबंध में डीयू के प्रोवोस्ट कार्यालय की ओर से बोर्ड ऑफ रेजिडेंस हेल्थ एंड डिसिप्लिन के तहत किए गए निरीक्षण के बाद यह निर्देश जारी किए गए।

कॉलेजों में हाल ही में हुई कुछ घटनाओं में संरचनात्मक कमियां सामने आई हैं। इसके बाद विश्वविद्यालय ने कॉलेजों और विभागों को सजगता बरतने के लिए कहा है। निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि कॉलेज, विभाग व संस्थान यह देखें कि छतें, दीवारें सुरक्षित हों और पंखों, लाइट व बिजली की फिटिंग सही व्यवस्था में होनी चाहिए। इसके साथ ही साफ पानी की उपलब्धता और शौचालयों में पर्याप्त पानी की व्यवस्था हो। दिव्यांग छात्रों के लिए रैंप की मरम्मत ठीक से कराई गई हो और अग्निशमन यंत्र ठीक से कार्य करते हों।

# हाई कोर्ट ने दिया एसआरबी के पुनर्गठन का निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने सजा समीक्षा बोर्ड (एसआरबी) के पुनर्गठन का निर्देश दिया है। हत्या के मामले में १८ साल से जेल में बंद कैदी की अपील याचिका पर विचार करने के बाद अदालत ने कहा कि कैदी को आंकड़े के बजाय मानवीय आधार पर देखना चाहिए।

न्यायमूर्ति गिरीश कथपालिया की पीठ कहा कि एसआरबी का उद्देश्य कैदी के सुधार पर होना चाहिए, ऐसे मामले को सामान्य निपटारे के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। पीठ ने यह भी कहा कि सजा पूरी होने से पहले कैदी को मानवीय आधार पर रिहा करना प्राचीन हिंदू न्यायशास्त्र का महत्वपूर्ण भाग था। उक्त टिप्पणी के साथ अदालत ने दिल्ली सरकार को आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक दोषी की समयपूर्व रिहाई के आवेदन पर नए सिरे से विचार करने का निर्देश दिया। अदालत ने नोट किया कि कैदी ने पैरोल की अवधि पार कर ली थी, लेकिन उसके आवेदन को एसआरबी ने ठुकरा दिया था। न्यायमूर्ति गिरीश कथपालिया की पीठ सम्राट अशोक के कथन का उल्लेख है कि उन्होंने २६ वर्षों की अवधि में २५ बार कैदियों को छोड़ा था। अदालत ने नोट किया कि अपीलकर्ता दोषी ने बिना किसी छूट के १८ साल से अधिक समय तक और छूट के साथ २१ साल से अधिक समय तक कारावास में रहा था। उसने वर्ष २००४ में दिल्ली सरकार द्वारा बनाई गई नीति का लाभ मांगा था। अपीलकर्ता ने याचिका में तर्क दिया कि वर्ष २०१० में पैरोल से भागने की एक भी चूक को अब १५ साल बाद स्वतंत्रता से वंचित करने के लिए नहीं माना जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि निश्चित तौर पर अपीलकर्ता द्वारा किया गया अपराध जघन्य था और उससे सख्ती से निपटने की आवश्यकता थी, लेकिन कोई यह भी अनदेखा नहीं कर सकता कि उक्त अपराध वर्ष २००१ में हुआ था।

# डीयू में नहीं पढ़ाई जाएगी मनुस्मृति

**नई दिल्ली।** दिल्ली यूनिवर्सिटी ने साफ कर दिया कि उसके किसी भी कोर्स में मनुस्मृति को नहीं पढ़ाया जाएगा. ये बयान तब आया जब यूनिवर्सिटी के छात्रों और फैकल्टी ने संस्कृत विभाग के एक पेपर में मनुस्मृति को शामिल करने का विरोध किया था। डीयू के वाइस चांसलर योगेश सिंह ने श्द हिंदूश से बातचीत में कहा कि हमारा रुख बिल्कुल साफ है। मनुस्मृति को किसी भी कोर्स में नहीं पढ़ाया जाएगा।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा (इ-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता-II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई-निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| NIT - 07 | **कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-द्वितीय / दिल्ली के क्षेत्राधिकार में 1. सहायक मंडल अभियंता, शामली के अधीन SSE/P.WAY/SMQL अनुभाग में स्थित LHS की जल निकासी (डिवाटरिंग) का कार्य। 2. सहायक मंडल अभियंता / मेरठ के अधीन SSE/W/MOZ एवं SSE/W/MTC अनुभागों में कुल 27 संख्या में स्थित LHS की जल निकासी (डिवाटरिंग) का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :- IREPS पर NIT के अनुसार** **बयाना राशि (रुपये): IREPS पर NIT के अनुसार** |
| NIT - 31 | **कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-द्वितीय / दिल्ली के क्षेत्राधिकार में सहायक मंडल अभियंता / शामली के अधीन SSE/PWAY/BTU अनुभाग में LHS की जल निकासी (डिवाटरिंग) का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :- IREPS पर NIT के अनुसार** **बयाना राशि (रुपये): IREPS पर NIT के अनुसार** |
| निविदा खोलने की तिथि और समय | 08.07.2025 15:00 Hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

ठेकेदारो को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं 128-W/280/e Tender Notice/NIT-07&31-25-26-W-II दिनांक : 13.06.2025 1766/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# गोगी के गुर्गों को हथियार सप्लाई करने वाला पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गैंगस्टर गोगी गैंग के गुर्गो को हथियार सप्लाई करने वाले तस्कर जितेंद्र गोदारा उर्फ धर्मेंद्र कुमार उर्फ धर्मू को अपराध शाखा में तैनात एसीपी राजपाल डबास की देखरेख में इंस्पेक्टर अक्षय के निर्देशन में पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से सेमी ऑटोमैटिक पिस्तौल समेत अवैध हथियारों का जखीरा बरामद किया है। आरोपी नजफगढ़ और द्वारका के इलाके में अपने गिरोह का दबदबा बढ़ाने के लिए बरामद हथियारों का इस्तेमाल करने की योजना बना रहा था।पुलिस आरोपी से हथियारों के सॉर्स के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है। पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि २०२० में आरोपी सोहना, गुडगांव, हरियाणा में आपसी दुश्मनी के कारण एक हत्या करने के मामले में फरार था। वह गोगी गिरोह के दिनेश कराला का करीबी रिश्तेदार है और गिरोह के लिए अवैध हथियारों का आपूर्तिकर्ता रहा है। २०२१ में उसे विशेष सेल द्वारा ५० से अधिक अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया था, जो उसने पश्चिम बंगाल से खरीदे थे। उसे छावला में वर्ष २०२१ के एक हत्या के मामले में भी गिरफ्तार किया गया था। २०२४ में जेल से बाहर आने के बाद उसे फिर से द्वारका सेक्टर २३ पुलिस स्टेशन द्वारा अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया। अब वह एक साल से अधिक समय से अवैध शराब बेच रहा है। अधिक पैसा कमाने और अपने गिरोह के प्रभाव को फिर से बढ़ाने के लिए, आरोपी ने अब अत्याधुनिक हथियार एकत्र कर लिए हैं और अपने गिरोह के प्रभाव को बढ़ाने के लिए कुछ हिंसक सुर्खियाँ बटोरने वाली घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा था।

# बुआ की बेटी से नजदीकियों पर मिली मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सीलमपुर थानाक्षेत्र में बुधवार रात बेटी से प्रेम प्रसंग के शक में फूफा कासिम (४७) ने बेटे आसिफ (२०) के साथ मिलकर भतीजे जहीर अब्बास (१९) की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। वारदात में एक १३ वर्षीय नाबालिग भी शामिल है। हत्याकांड को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी भाग गए, जिन्हें पुलिस ने बृहस्पतिवार को दबोच लिया।

पुलिस हत्यारोपियों से पूछताछ कर रही है। उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने एक परिजन के हवाले से बताया कि जहीर अपनी बुआ की बेटी से अक्सर बातचीत करता था। यह बात दोनों परिवारों को पता भी थी। बुआ का परिवार जहीर को पसंद नहीं करता था। ७ जून को बकरीद के दिन जहीर गली में खड़े होकर इशारों से अपनी बुआ की बेटी से बात कर रहा था। इसी बीच उसके फूफा काशिम वहां पहुंच गए। आरोप है कि उन्होंने जहीर को जमकर पीटा। भीड़ जमा होने पर जहीर को छोड़ दिया। इधर, जहीर डर की वजह से अपने घर नहीं गया। वह मुस्तफाबाद अपने कारखाने चला गया। जहीर को कपड़ों की जरूरत पड़ी तो उसने बुधवार को अपने परिजनों को फोन किया और कपड़े लेकर जाफराबाद आने के लिए कहा। पुलिस के मुताबिक इस बात की भनक किसी तरह कासिम को लग गई। आरोप है कि तीनों मौके पर पहुंचे और दौड़ा-दौड़ाकर जहीर को मारा और चाकू से गोदकर हत्या कर दी। वारदात जहां अंजाम दी गई वह इलाका उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर थानाक्षेत्र में आता है। जहीर अपने परिवार के साथ जनता कॉलोनी, वेलकम में रहता था। उसके परिवार में पिता गुलशेर, मां के अलावा तीन भाई हैं। जहीर मुस्तफाबाद में अपने पिता के साथ बाइक सीट कवर बनाने का काम करता था।

# कारोबारी का गला मांझे से कटा, गले पर आए 13 टांके

**नई दिल्ली।** न्यू उस्मानपुर थाने के पास पांडूशिला रोड पर बृहस्पतिवार शाम स्कूटी सवार एक कारोबारी का तेज धार मांझे की चपेट में आकर गला कट गया। गले से खून बहने लगा। पीड़ित रिषभ गुप्ता किसी तरह से स्कूटी चलाकर जग प्रवेश चंद्र अस्पताल पहुंचे। खून अधिक बहने पर उन्हें किसी दूसरे अस्पताल रेफर करने के लिए कह दिया गया। पीड़ित ने अपने भाई को बुलाया और पटपड़गंज स्थित मैक्स अस्पताल गए। कारोबारी के गले पर १३ टांके आए हैं। न्यू उस्मानपुर थाना ने पीड़ित के बयान दर्ज कर लिए हैं। अभी केस दर्ज नहीं हुआ है। रिषभ गुप्ता परिवार के साथ पटपड़गंज में रहते हैं। उनका ई-कामर्स का कारोबार है। ब्रह्मपुरी क्षेत्र में उन्होंने अपना आफिस बनाया हुआ है। पीड़ित ने बताया कि वह बृहस्पतिवार शाम को स्कूटी से आफिस से घर लौट रहे थे। जब उस्मानपुर थाने के पास पांडुशिला रोड पर पहुंचे। अचानक से मांझा आया और उनके गले में धंसता चला गया। पीड़ित ने मांझे को रोकने के लिए हाथ आगे किया तो उनकी अंगुली भी चपेट में आ गई।पीड़ित जब तक स्कूटी रोक पाते काफी गहरा कट गले पर लग चुका था।

# किशोरी को परिजनों से मिलवाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने ऑपरेशन मिलाप के तहत लापता दो किशोरी और महिला को परिजनों से मिलवाया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल एक अक्तूबर को बाबा हरिदास नगर से एक किशोरी लापता हुई थी। जिसको तलाशने के लिये दिल्ली पुलिस ने बीस हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर रखा था।

**टूहोम फाइनेंस लिमिटेड**

**(पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)**

Truhome FINANCE

**पंजीकृत कार्यालय:** श्रीनिवास टॉवर, पहली मंजिल, दरवाजा नंबर 5, पुराना नंबर 11, दूसरी लेन, सेनटोफ रोड, अलवरपेट, तेयनमपेट, चेन्नई-600018 **शाखा कार्यालय:** लेवल-3, वॉकहार्ट टॉवर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400 051, **website: www.truhomefinance.in**

**कब्जा सूचना**

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के प्रावधानों के तहत और प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए टूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) का अधिकृत अधिकारी है। सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत उधारकर्ताओं को मांग नोटिस जारी किए गए, जिनका विवरण उक्त डिमांड नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लेख किया गया है। उधारकर्ताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, उधारकर्ताओं और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी, प्राधिकृत अधिकारी टूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अधीन उन्हें दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक **11 जून, 2025** को नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है।

विशेष रूप से उधारकर्ता और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति का लेन-देन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन नीचे उल्लिखित राशि के लिए टूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित राशि पर ब्याज के साथ है।

(सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।)

**उधारकर्ता का नाम और पता**

**श्री जतिंदर ढल्ल पुत्र सुभाष चंदर ढल्ल**
**मकान नंबर बीई-206, यूजीएफ, गली नंबर-6, हरि नगर दिल्ली-110064.**
**इसके अलावा: मकान नंबर अपर ग्राउंड फ्लोर बैक साइड, प्लॉट नंबर 238, उदय विहार फेज-3, निलोठी एक्सटेंशन, गांव-निलोठी, नई दिल्ली-110041.**
**श्री मंदीप ढल्ल पुत्र सुभाष चंदर ढल्ल**
**मकान नंबर बीई-206, यूजीएफ, गली नंबर-6, हरि नगर दिल्ली-110064.**
**इसके अलावा: मकान नंबर अपर ग्राउंड फ्लोर बैक साइड, प्लॉट नंबर 238, उदय विहार फेज-3, निलोठी एक्सटेंशन, गांव-निलोठी, नई दिल्ली-110041.**
**श्रीमती ज्योति पत्नी श्री सुभाष चंदर ढल्ल**
**मकान नंबर बीई-206, यू जी एफ, गली नंबर-6, हरि नगर दिल्ली-110064.**
**इसके अलावा: मकान नंबर अपर ग्राउंड फ्लोर बैक साइड, प्लॉट नंबर 238, उदय विहार चरण-3, निलोठी एक्सटेंशन, ग्राम-निलोठी, नई दिल्ली - 110041.**

**डिमांड नोटिस के अनुसार देय राशि**

**रू. 18,83,766/- (रु. अठारह लाख तिरासी हज़ार सात सौ छियासठ मात्र) संदर्भ में ऋण खाता संख्या- SLPHGPRK0002686 दिनांक 07 नवम्बर 2024,**
**डिमांड नोटिस की तिथि: 25-मार्च-2024**
**भौतिक कब्जे की तिथि: 11-जून-2025, एनपीए की दिनांक- 03-नवम्बर-2024**

**गिरवी रखी सम्पत्ति का विवरण**

**वह सभी भाग और पार्सल पर संपत्ति नंबर. अपर ग्राउंड फ्लोर बैक साइड, बिना छत के अधिकार, प्लॉट नं. 238 पर निर्मित, खसरा नं. 34/7, क्षेत्रफल 58.52 वर्ग मीटर, उदय विहार फेस-3, निलोठी एक्सटेंशन, गांव -निलोठी, नई दिल्ली-110041, उक्त सीमाऐं:- पूर्व:- अन्य प्लॉट, पश्चिम:- अन्य प्लॉट, उत्तर: अन्य प्लॉट, दक्षिण: 24 फीट चौड़ा रास्ता**

स्थान: दिल्ली
दिनांक: 11.06.2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, टूहोम फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

# एनडीएमसी करेगी सुविधा शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) अपने क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं के हित में सूचना, सुविधा और शिकायत निवारण प्रदान करने के लिए सुविधा शिविर शनिवार, १४ जून,को सुबह १०:३० बजे से १२:३० बजे तक एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर, में आयोजित करेगी।

इस सुविधा कैम्प में नए बिजली कनेक्शन/डिस्कनेक्शन, लोड वृद्धि/कमी, नाम परिवर्तन/स्थानांतरण, संपत्ति कर, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र, एनडीएमसी के सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सेवा मामलों, जलभराव, स्वच्छता, अपशिष्ट निपटान, सड़क मरम्मत, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, विकलांग पेंशन, बारात घर और पार्कों की बुकिंग और एनडीएमसी द्वारा दी जाने वाली कोई अन्य सेवाओं से संबंधित शिकायतों का समाधान/ निवारण किया जाएगा। इस शिकायत निवारण सुविधा कैम्प में विभिन्न विभागों के हेल्पडेस्क सेवा ,उपयोगकर्ताओं, कर्मचारियों, आरडब्ल्यूए, एमटीए और एनडी एमसी के निवासियों की शिकायतों का निवारण और सुविधा प्रदान करने के लिए उपलब्ध रहेंगे। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद हर महीने के पहले शनिवार को एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर, पर सुविधा शिविर का आयोजन कर रही है।

# फर्जी दस्तावेजों पर विदेशी यात्रा हरियाणा का एजेंट आया गिरफ्त में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फर्जी दस्तावेजों पर संयुक्त राज्य अमेरिका समेत अन्य देशों की यात्रा करवाने वाले एक हरियाणा के एजेंट अमित कुमार को आईजीआई पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते २४ मई की रात को हरियाणा में रहने वाला व्यक्ति अमरीका से आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचा। दस्तावेजों की जांच करने पर पता चला कि उसके पासपोर्ट के कुछ पन्ने गायब थे। यह अनुमान लगाया गया कि गायब पन्नों पर या तो नकली वीजा या नकली टिकट लगे हुए थे। पुलिस ने मामला दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि २०२४ में, वह अमित, रजत और हर्षबीर जैसे एजेंटों के संपर्क में आया। अमरीका भेजने के लिये ३५ लाख रुपये रुपये मांगे। उसके पासपोर्ट और अन्य यात्रा दस्तावेज लिये। यूनाइटेड किंगडम की यात्रा की व्यवस्था की, जहाँ वह लगभग एक महीने तक रहा। इसके बाद, एजेंटों ने फ्रांस, स्पेन, निकारागुआ, होंडुरास, ग्वाटेमाला और मैक्सिको के माध्यम से उसकी आगे की अवैध यात्रा की व्यवस्था की। यात्रा की अवैध प्रकृति को छिपाने के लिए, उन्होंने उसके पासपोर्ट पर कई देशों के नकली इमिग्रेशन स्टैम्प चिपकाने की व्यवस्था की। यूएसए के अंदर जाने के बाद, और एजेंटों के निर्देशों के तहत, उसने अपने पासपोर्ट से कई पन्ने हटा दिए, जिनमें नकली इमिग्रेशन स्टैम्प थे, जिससे दस्तावेज के साथ प्रभावी रूप से छेड़छाड़ हुई थी। छेड़छाड़ किए गए पासपोर्ट के कारण उसे अमेरिकी अधिकारियों ने पकड़ लिया गया था।

एसएचओ सुशील गोयल के निर्देशन में इंस्पेक्टर सतीश और हेड कांस्टेबल बिरजू ने अमित के ठिकानों पर छापेमारी करके हरियाणा के कुरुक्षेत्र में उसके एक ठिकाने से गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर पता चला कि वह स्नातक है और उसका एक भाई २००९ में ऑस्ट्रेलिया चला गया था। अपने भाई के प्रवास की सुविधा प्रदान करने के समय, वह कुछ एजेंटों के संपर्क में आया,जिसके बाद इस धंधे में सक्रिय हो गया था।

# ट्रक ने कार में मारी टक्कर, एक मौत

## लहचौड़ा गांव के पास हुआ हादसा, दो घायल

**रटौल।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर लहचौड़ा के समीप एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी जिससे एक की मौत हो गयी जबकि दो युवक घायल हो गये। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गयी है।

बिलासपुर पीलीभीत निवासी प्रदीप पुत्र राजाराम व ब्रजेश पुत्र रामचन्द्र, दीपक पुत्र रमेश वैगनआर कार से हरियाणा दवाई लेने जा रहे थे जब वह ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर लहचौड़ा गांव के समीप पहुंचे तो वह पेशाब करने के लिए सुबह चार बजें गाड़ी से नीचे उतरे गाड़ी



मृतक का फाइल फोटो

दीपक चला रहा था दीपक और ब्रजेश तो वापस गाड़ी में बैठ गये। प्रदीप जब गाड़ी में बैठने लगा तो पीछे से आ रहे ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिसमें प्रदीप की मौकें पर मौत हो गयी जबकि दीपक और ब्रजेश घायल हो गये। राहगीरों की सूचना पर पुलिस और हाईवे कर्मी मौकें पर पहुंचे जहां उन्होंने




मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही घायलों का निजि चिकित्सक के यहा भर्ती कराया गया। वही मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गयी है।

# चोरों ने रेलवे स्टेशन पर कमरे का ताला तोड़कर फ्रिज का कम्प्रेशर किया चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** रेलवे इस्टेशन पर कमरे का ताला तोड़कर अंदर रखे फ्रिज का कम्प्रेशर देर रात अज्ञात चोर चोरी कर ले गये जिससे रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को पानी पीने के लिये परेशानी उठानी पड़ी।

खेकड़ा स्टेशन पर यात्रियों के पानी पीने के लिये फ्रिज रखे हुये है जिससे आने जाने वाले यात्रियों को पीने के लिए ठंडा पानी मिलता रहे। खेकड़ा रेलवे स्टेशन पर पानी पीने के लिए कमरे के अंदर से ठंडे पानी की व्यवस्था कर रखी है। देर रात अज्ञात चोर कमरे का ताला तोड़कर फ्रिज का कम्प्रेशर चोरी कर ले गये। सवेरे रेलवे कर्मचारियों के पहुंचे पर चोरी का पता चला फ्रिज का कम्प्रेशर चोरी होने से यात्रियों को



इस भीषण गर्मी में पानी पीने के लिये परेशानी उठानी पड़ रही है।

# एक्सईएन कार्यालय में तैनात सुरक्षाकर्मी की खून की उल्टी लगने से मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एक्सईएन कार्यालय में तैनात सुरक्षाकर्मी विपिन कुमार की अचानक मौत हो गई। विपिन कुमार बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के बिजरोल गांव के रहने वाले थे।

विपिन कुमार एक भूतपूर्व सैनिक थे। पिछले आठ वर्षों से वे विद्युत विभाग में सुरक्षाकर्मी के पद पर कार्यरत थे। मिली जानकारी के अनुसार, विपिन कुमार डयूटी के दौरान बिल्कुल स्वस्थ थे। अचानक उन्हें सिर में दर्द हुआ। वे कुर्सी पर बैठे और उन्हें खून की उल्टी हुई। इसके तुरंत बाद वे गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। स्थानीय लोग उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृत्यु के सटीक कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से चलेगा। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# आरोपियों की गिरफ्तारी व अपहरण का मुकदमा दर्ज करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** सीओ ओफिस पर रटौल के ग्रामीणों का प्रदर्शन अपहरण की धाराओं में मुकदमा दर्ज ना करने ओर खुले आम घूम रहे आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर रटौल के ग्रामीणों ने सीओ ओफिस पर प्रदर्शन किया ओर सीओ को तहरीर देकर लूट ओर अपहरण की धाराएं बढ़ाने ओर खुले घूम रहे आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। रटोल निवासी जाकिर पुत्र जुल्फिकार ने खेकड़ा सीओ ओफिस पहुंच कर अपने परिजनों के साथ प्रदर्शन किया। जाकिर ने बताया कि छ जून को विनयपुर बैंक के पास एटीएम से रुपये निकालते समय अल्टो कार सवार चार पांच बदमाशों ने हथियारों के बल पर मेरे विकलांग भाई का अपहरण कर लिया था ओर भाई को बुरी तरह से मारपीटा था



ओर जान से मारने की नियत से गोली चलायी थी जिसमें मेरा भाई बाल बाल बचा था ओर बदमाश रूपये छीनकर बेहोशी हालत में रटोल जंगल में छोड़कर भाग गये थे। पुलिस ओर ग्रामीणों की सहायता से भाई को किसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां भाई की हालत आज भी खराब है। पीड़ित के परिजनों ने चार पांच बदमाशों के खिलाफ अपहरण ओर लूट का मुकदमा दर्ज कराया था लेकिन पुलिस ने अपहरण की धाराओं में मुकदमा दर्ज नहीं किया जिससे बदमाश खुले आम बाहर घूम रहे हैं ओर पीड़ितों को ड्रा धमका कर फैसले का दबाव बना रहे हैं जिससे पीड़ित के परिजन डरे सहमे हुये है। पीड़ित के परिजनों ने सीओ पहुंच कर पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया ओर आरोपियों के खिलाफ अपहरण की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराने ओर जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की।

## एक नजर

### कॉलोनी में फायरिंग करने वाले आरोपी अभी तक पुलिस पकड़ से दूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर की आवास-विकास कॉलोनी में फायरिंग करने वाले बदमाशों की पुलिस ने तो अभी तक कोई पहचान की है। मगर वे अभी तक पुलिस की पकड़ से दूर हैं। सूत्रों के अनुसार बदमाश बड़ौत व आसपास के गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बड़ौत में दिल्ली रोड स्थित आवास-विकास कालोनी में शनिवार की देर उस समय लोग दहशत में आ गए, जब बाईक और कार सवार बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। फायरिंग से लोग इस कदर डर गए कि घरों से बाहर निकलने तो दूर खिड़की दरवाजे बंद कर लिए। कार सवार करीब आधा घण्टे तक कालोनी में उत्पात मचाते रहे और गाली-गलौच करते हुए फरार हो गए। रविवार की सुबह लोग घरों से बाहर निकले तो सड़क पर पड़े कारतूस देखकर लोग हैरान हो गए। करीब एक दर्जन खोखे जमीन पर पड़े थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। पुलिस ने आसपास के मकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले, जिसमें करीब आधा दर्जन युवक हाथों में पिस्टल लेकर बाइकों पर सवार होकर कालोनी में आते दिखाई दे रहे है। सूत्रों की माने तो फायरिंग करने वाले बदमाश बड़ौत व आसपास के गांव के रहने वाले है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार चाहल से बात की गई तो उनका कहना है कि पुलिस टीम जांच में जुटी हुई है। बदमाशों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। बदमाशों की धड पकड़ के लिए पुलिस टीम लगी हुई है। मामले का जल्द खुलासा किया जाएगा। कॉलोनी में फायरिंग करने वाले किसी भी बदमाश को बक्सा नहीं जाएगा।

### मकान बंटवारे को लेकर दो पक्षों में मारपीट, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** खट्टा प्रहलादपुर गांव में मकान बंटवारे को लेकर दो भाईयो में मारपीट हो गयी जिसमे महिला सहित तीन घायल हो गये।

खट्टा प्रहलादपुर निवासी रविन्द्र और उसके बड़े भाई लोकेश में मकान को बंटवारे को लेकर मारपीट हो गयी जिसमे रविंद्र और उसकी पत्नी सुनिता बेटी प्रिया घायल हो गये। घायलों ने थानें पहुंच तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है।

### दुल्हन ने बुजुर्ग को दूध में पिलाया नशीला पदार्थ, जेवर और नकदी लेकर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकडा में एक बुजुर्ग के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। बुजुर्ग व्यक्ति की पत्नी की मृत्यु के बाद एक रिश्तेदार ने दूसरी शादी कराने का प्रस्ताव रखा। रिश्तेदार ने डेढ़ लाख रुपए में शादी कराने की बात कही। बुजुर्ग ने डेढ़ लाख रुपए देकर दिल्ली की एक युवती से हिंदू रीति-रिवाज से शादी की।

शादी में गांव के लोग भी शामिल हुए, लेकिन शादी के छह दिन बाद ही दुल्हन ने बुजुर्ग को दूध में नशीला पदार्थ पिलाया। इसके बाद वह घर में रखे सोने-चांदी के जेवर और नकदी लेकर फरार हो गई। पीड़ित ने दुल्हन को तलाश किया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। जब उन्होंने अहैड़ा गांव के बिचौलिए से शिकायत की तो उसने अपने परिवार के साथ मिलकर बुजुर्ग की पिटाई कर दी और उन्हें घर से भगा दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने कहा है कि शिकायत की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम ने सीएचसी में पोषण पुनर्वास केंन्द्र का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागपत में पोषण पुनर्वास केंद्र का शुभारंभ किया। इस केंद्र की स्थापना जनपद में कुपोषण की समस्या से ग्रसित बच्चों के समुचित उपचार और देखभाल के उद्देश्य से की गई है।

एनआरसी केंद्र में 6 बेड की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जहाँ अति-कुपोषित बच्चों को भर्ती कर 6 से 7 दिन तक विशेष देखभाल, पोषणयुक्त आहार और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। बच्चों के साथ उनकी माताओं को भी केंद्र में ठहरने की सुविधा दी गई है, जिससे बच्चों की देखभाल में कोई कमी न रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि एनआरसी की स्थापना



कुपोषण के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम है। यह केंद्र जनपद के अति-कुपोषित बच्चों को स्वास्थ्य की ओर पुन: लौटने का अवसर देगा। इस कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल, डिप्टी सीएमओ डा.यशवीर, सीएचसी अधीक्षक डा.विभाष राजपूत, जिला कार्यक्रम अधिकारी नागेंद्र मिश्रा स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारीगण तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बूढ़पुर गांव में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन कर की 106 मरीजों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रमाला।** बड़ौत सीएचसी के स्वास्थ्य कर्मियों ने बूढपुर में एक स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया जिसमें 106 मरीजों को ट्रीटमेंट दिया गया और एक सप्ताह के लिए दवाइयां का वितरण किया गया।

सीएमओ ने बताया कि बूढ़पुर में12 जून को हमने टीम भेजकर सर्वेक्षण कराया था जिसमें पता चला था कि बूढ़पुर में 3 महीने के दौरान 12 लोगों की मृत्यु हुई है जबकि अमर उजाला ने 15 दिन में 12 मौत अपने अमर उजाला अखबार में दिखाई है जो सही आंकड़े नहीं हैं सीएमओ बागपत ने बताया कि हमने बूढ़पुर के मामले में एक समिति बनाने का निश्चय किया है जिसमें अगले तीन महीना के दौरान हर बीमारी के अच्छे स्पेशलिस्ट डॉक्टर वहां जाएंगे और




जांच करेंगे और हर बीमारी का इलाज दिया जाएगा। साथ में सीएमओ ने यह भी बताया कि कुछ लोगों ने बीच में अफवाह फैलाई थी कि इन 12 लोगों की मौत हृदय गति रुकने से हुई है जबकि ऐसा निरीक्षण में नहीं पाया गया। उसकी मौतें अल्कोहल लेने से उसकी गुर्दे खराब होने से कुछ लकवा ग्रस्त थे व कुछ लोगों की मौत वृद्धावस्था के होने से स्वाभाविक रूप से ऐसे लोगों की मौत इन तीन महीनो में हुई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम में डा. रोबिन, लैब टेक्नीशियन सचिन कुमार, CHO विपिन, एएनएम लता व समस्त आशाएं मौजूद रही।

# राजमार्ग पर लगे अवैध होर्डिंग्स को तत्काल हटाया जाए:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को जिलाधिकारी ने दिल्ली-सहारनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर विभिन्न स्थानों पर जलभराव की समस्या एवं दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कोरिडोर परियोजना अन्तर्गत ग्रामसभा/सरकारी भूमि के पुर्नग्रहण मुआवजे से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा बैठक की।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि 709बी मार्ग पर नालों की सफाई रिपेयर शीघ्रता से कराई जाए, ताकि आगामी बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने डीपीआरओ को निर्देशित किया कि मार्ग से जुड़े सभी गांवों का ग्रुप बनाकर समन्वय स्थापित करें और कार्यों में सक्रियता



लाएं। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को निर्देश दिए कि राजमार्ग के दोनों ओर अवैध रूप से लगे होर्डिंग्स को तत्काल प्रभाव से हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त, जिन प्रभावित व्यक्तियों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है, उनकी पत्रावलियाँ प्रस्तुत कर शीघ्र मुआवजा वितरित किया जाए, ताकि परियोजना कार्यों में कोई बाधा उत्पन्न न हो। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक बैठक में अनुपस्थित रहे जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा जो कार्य योजना है उसे समय अंतर्गत पूर्ण किया जाए। सड़कों का रखरखाव और उनके मेंटेनेंस पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व पंकज वर्मा एसडीएम ज्योति शर्मा, एसडीम मनीष कुमार यादव, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अतुल कुमार, एनएचएआई अंकित कुमार, डीपीआरओ अरुण सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मामूली कहासुनी को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे व धारदार हथियार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के कोताना गांव में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मोमिन और आकिब पक्ष के बीच शुरू हुई कहासुनी ने उग्र रूप धारण कर लिया।

दोनों पक्षों के दर्जनों लोग आमने-सामने आ गए। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों तरफ से लाठी-डंडे और धारदार हथियार चल गए। इस झड़प में मोमिन और आकिब घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# गर्भवती महिलाओं के परीक्षण और इलाज पर कार्यशाला आयोजित

**बड़ौत।** नगर के अमर बैंक्वेट हॉल में आईएमए बड़ौत व लिटिल फीट संस्था के तत्वाधान में (साँस) नामक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य श्बर्थ एस्फिक्सिया (जन्म के समय नवजात शिशु द्वारा तुरंत सांस न ले पाना, जिससे मृत्यु हो जाती है) के कारण होने वाली नवजात मृत्यु दर को कम करना रहा। मुख्य अतिथि डीएम अस्मिता लाल ने चिकित्सकों के प्रयास की सराहना की। कार्यशाला का शुभारंभ डीएम अस्मिता लाल व सीएमओ डा. तीरथ लाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। डीएम ने ऐसी कार्यशालाओं के निरंतर आयोजन पर बल दिया। उन्होंने डॉक्टरों से प्रसव संबंधी नवीनतम उपायों का प्रयोग कर समस्या को समाप्त करने की अपील की। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बर्थ एस्फिक्सिया की रोकथाम और प्रबंधन पर गहन चर्चा की। वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डा.संगीता जैन व डा.मोना जैन ने कहा कि गर्भवती महिलाओं के परीक्षण और इलाज से बर्थ एस्फिक्सिया को नियंत्रित जा सकता। बाल रोग विशेषज्ञ डा. अभिनव तोमर ने डिलीवरी रूम में बर्थ एस्फिक्सिया के प्रबंधन पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला, जिससे चिकित्सकों व स्टाफ को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। यूविसफे के प्रतिनिधि डा.फारुख ने डिलीवरी रूम में बच्चे के प्रसव से संबंधित




व्यावहारिक उपायों को साझा किया। संचालन आईएमए अध्यक्ष डा.अनिल जैन ने किया। इस दौरान एसीएमओ डा.दीपा सिंह, डिप्टी सीएमओ डा.यशवीर सिंह के अलावा डा.संजय जैन, डा.अमिता सिंह, डा.पंकज कुमार डा.निशांत कुमार मौजूद रहे।

# खरपतवार की गलत दवा डालने से गन्ने की फसल हुई नष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** हरचंदपुर गांव में एक किसान की गन्ने की फसल खरपतवार की गलत दवा से पूरी तरह नष्ट हो गई। किसान दारा सिंह ने टटीरी कस्बे के एक दुकानदार से खरपतवार नाशक दवा खरीदी थी। दारा सिंह ने बताया कि उन्होंने 6 बीघा में गन्ने की बुवाई की थी। खेत में खरपतवार अधिक होने पर वह दुकानदार राकेश के पास पहुंचे। राकेश ने उन्हें 600 रुपये में खरपतवार नाशक दवा दी। दवा के छिड़काव के बाद न केवल खरपतवार बल्कि गन्ने की फसल भी पूरी तरह नष्ट हो गई। किसान ने जब दुकानदार से शिकायत की तो उसने कोई ध्यान नहीं दिया। इसके बाद पीड़ित किसान ने जिलाधिकारी से शिकायत की। उन्होंने दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई और आर्थिक सहायता की मांग की है। जिलाधिकारी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कृषि विभाग के अधिकारियों को जांच के आदेश दिए हैं। कृषि विभाग के अधिकारी मामले की जांच में जुटे हैं।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र साहिल व पुत्रवधू नर्गिश से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
नौशाद पुत्र खुर्शेद निवासी ग्राम माल माजरा थाना बिनौली तहसील बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र साजिद व पुत्रवधू जोया से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
महताब पुत्र फजलू निवासी मौ. काजीपुरा निकट सगीर चौक पुराना कस्बा बागपत थाना व जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र अश्वनी कुमार व पुत्रवधू अंजू से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
चन्दर पाल पुत्र बलदास निवासी खेडा इस्लामपुर थाना बडौत जनपद बागपत।

**नीलामी सूचना**

सादर अवगत कराना है कि थाना बडौत जनपद बागपत पर मुकदमाती, लावारिस, एमवी एक्ट से सम्बन्धित कुल 40 वाहनो की निलामी दिनाँक 17.6.25 को न्यायालय के आदेसानुसार होनी है। समस्त थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र के लाईलेन्सी कबाडी को सूचित करने की कृपा करे ताकि सभी कबाडी निलामी की कार्यवाही मे समय से प्रतिभाग कर सके जिससे निलामी की कार्यवाही पूर्ण करायी जा सके।

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब (ऑर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय परगनाधिकारी बडौत, (बागपत)।
वाद सं.- T202411080407440 सन् 2024, रविन्द्र सिंह बनाम लक्षेन्द्र सिंह आदि, अ.धारा-116/117 उ.प्र.रा.सं. -2006, मौजा- अंगदपुर।, प्रतिवादीगण, लक्षेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह, सोमेन्द्र सिंह पुत्रगण गिरिराज, कमल कुमार पुत्र स्व. सुरेन्द्र सिंह, श्रीमती मुनेश देवी पत्नी स्व. सुरेन्द्र सिंह, दीपक श्योराण, ललित श्योराण, वीर सिंह श्योराण पुत्रगण स्व. किरणपाल, श्रीमती प्रमिला पत्नी किरणपाल, श्रीमती श्यानो देवी पत्नी स्व. जयपाल सिंह, अजय कुमार पुत्र स्व. धर्मपाल, जयबीर पुत्र स्व.गोरधन निवासीगण ग्राम अंगदपुर, परगना व तहसील बडौत, जनपद बागपत।, हरगाह प्रार्थी/वादी ने आपके नाम एक वाद सं. -7440 सन 2024 मौजा अंगदपुर हदूद योजित किया हैं। लिहाजा आपको हुक्म होता हैं कि आप बतारीख 27/06/2025 वक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात से कराकर वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूरात अहम मुतलिल्हका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके, हाजिर हो। दस्तावेज पेश करे जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही दे इस्तदमाल करना चाहते हो। आपको इत्तिला दी जाती हैं कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आप मसमुअ और फैसला होगा।
परगनाधिकारी बडौत (बागपत)।
उपजिलाधिकारी बड़ौत(बागपत)

# नोएडा प्राधिकरण का चला बुलडोजर

■ छह करोड़ की जमीन कब्जा मुक्त कराई




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने अधिसूचित हिण्डन-यमुना नदी डूब क्षेत्र में अवैध निर्माणों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की है। शुक्रवार को नोएडा के वर्क सर्किल-10 की टीम ने नोएडा सीईओ डॉ. लोकेश एम के निर्देश पर डूब क्षेत्र में बुलडोजर चलाकर लगभग 6 करोड़ रुपये की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया।

साथ ही, जिला प्रशासन ने दलेलपुर गांव में सरकारी भूमि पर बने अवैध फार्म हाउस को ध्वस्त कर दिया। यह फार्म हाउस लगभग 2000 वर्ग मीटर सरकारी जमीन पर बनाया गया था, जिसकी बाजारू कीमत करीब 2.2 करोड़ रुपये बताई जा रही है। नोएडा के सेक्टर-150 स्थित यमुना नदी के डूब क्षेत्र में ग्राम शफीपुर के आसपास लगभग 40 हजार वर्ग मीटर भूमि पर बने अवैध एवं अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ भूलेख विभाग, पुलिस बल एवं वर्क सर्किल-10 की संयुक्त टीम ने बड़े पैमाने पर ध्वस्तीकरण अभियान चलाया। इस कार्रवाई में लगभग 70 कर्मचारी, 5 जेसीबी मशीनें और 2 डंपर शामिल रहे। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश ने आम जनता को आगाह किया है कि वे अनधिकृत कॉलोनियों और अवैध बहुमंजिला निर्माणों के चंगुल में न फंसे, क्योंकि अधिसूचित क्षेत्र में किसी भी प्रकार का निर्माण पूर्णत: वर्जित है। वहीं, दलेलपुर के अवैध फार्म हाउस में स्वीमिंग पूल सहित पक्के कमरे बनाए गए थे और यहां व्यावसायिक गति. विधियों की आशंका जताई गई है। प्रशासन ने कई बार नोटिस जारी किया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। तहसीलदार ओमप्रकाश पासवान, नायब तहसीलदार ज्योत्सना सिंह, राजस्व और पुलिस विभाग की टीम ने बुलडोजर से निर्माण को गिरा दिया और दबंगों को कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी।

## रिटायर्ड फौजी के घर में चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में मंडी श्याम नगर स्थित एक रिटायर्ड फौजी के घर में चोरी हुई है। चोरों ने घर का ताला तोड़कर लाखों रुपए के गहने और कीमती सामान चुरा लिए।

रिटायर्ड फौजी मनोज कुमार गुरुवार रात को ग्रेटर नोएडा में ड्यूटी पर गए थे। उनकी पत्नी और बच्चे भी घर पर नहीं थे। चोरों ने इसी मौके का फायदा उठाया। उन्होंने रात में घर का ताला तोड़ा। अलमारी में रखे सोने-चांदी के गहने और कीमती कपड़े चुरा लिए।

शुक्रवार दोपहर को ड्यूटी से लौटने पर मनोज कुमार को चोरी का पता चला। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# साढ़े तीन करोड़ की पेंटिंग का विवाद गहराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गौर सिटी दो की 11 एवेन्यू में साढ़े 3 करोड़ की पेंटिंग का मामला तूल पकड़ता दिख रहा है। पेंटिंग विवाद इतना गहरा गया है कि डिप्टी रजिस्टार द्वारा भेजे गए नोटिस के बदले उल्टा डिप्टी रजिस्ट्रार से ही प्रमाणिकता पेश करने के लिए कह दिया है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय के पत्र को एओए(अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन) ने फर्जी मान लिया है।

सोसायटी में रहने वाले निवा. सियों ने वित्तीय अनियमितताओं को लेकर डिप्टी रजिस्टार को ईमेल से शिकायत भेजी थी। उस शिकायत के आधार पर डिप्टी रजिस्ट्रार ने एओए को नोटिस जारी कर कहा था कि जो साढ़े 3 करोड़ की पेंटिंग परियोजना के तहत सोसायटी में कार्य कराया गया है। उसकी पूरी जानकारी मुहैया कराए। जानकारी मुहैया कराने के बजाय ।ि ने उल्टा डिप्टी रजिस्टार से ही उस पत्र की प्रमाणिकता मांग ली है। ।ि अध्यक्ष सचिन त्यागी की तरफ से डिप्टी रजिस्ट्रार को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि उनका जो नोटिस प्राप्त हुआ है वह जाली या धोखाधड़ी तो नहीं है। इसके लिए डिप्टी रजिस्ट्रार इसकी पुष्टि करें और जिस निवासी ने शिकायत की है उसकी भी जानकारी उपलब्ध कराए। जिससे की डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय को बिंदुवार जवाब दिया जा सके। यह पहला मामला सामने आया है जब डिप्टी रजिस्ट्रार की तरफ से जारी किए गए किसी नोटिस पर उल्टा नहीं उनके कार्यालय से जवाब मांग लिया गया हो।

**29 जून को समाप्त हो रहा है कार्यकाल:** निवासियों का कहना है कि वर्तमान एओए का कार्यकाल 29 जून को समाप्त हो रहा है। इससे पहले पेंटिंग पर तीन बैठक हो चुकी है। किसी में कोई वोटिंग नहीं कराई गई, जबकि बैठक में मालिक व किराएदार सभी शामिल हो सकते हैं। इसके बावजूद भी नियम को अनदेखा किया गया।

**डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय के जवाब का इंतजार:** एओए की तरफ से डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय से मांगे गए सबूत के बाद इस मामले में नया मोड़ आ गया है। अब सोसायटी के हर निवासी को डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय के जवाब का इंतजार है कि वह इस मामले में एओए को सबूत देंगे या फिर अपने अधिकार के तहत कोई निर्णय लेंगे।

## भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र का उद्घाटन किया

**ग्रेटर नोएडा।** गलगोटिया विश्व. विद्यालय में अध्यात्मिक गुरू कमलेश डी पटेल (दाजी) ने शुक्रवार को भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में गुरु दाजी ने भगवद्गीता के अध्याय जिक्र करते हुए जीवन में उत्पत्ति और मरण के महत्व को छोटे बच्चे का उदाहरण देकर समझाया गया है। कहा कि किस तरीके से चेतना और अवचेतना हमारे विचारों को प्रभावित करती है? हम चेतना का दायरा सही आध्यात्मिक क्रियाओं से बढ़ा सकते हैं। अगर अपने जीवन में बदलाव करना है तो हमें अपनी चेतना में बदलाव करना होगा। इस दौरान उन्होंने इतिहास के तमाम बड़े वैज्ञानिकों और आविष्कारों का उदाहरण दिया। यह भी बताया कि किस तरह इनमें ध्यान और शांत माहौल का बड़ा हाथ रहा है, जैसे आइंस्टाइन की थ्योरी ऑफ रिलेटिविटी, मेंडलेव का पीरियाडिक टेबल या बेंज्जिन की खोज आदि।

# अस्पताल में लगी भयंकर आग, दो स्टाफ आए चपेट में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर 35 स्थित सुमित्रा अस्पताल में शुक्रवार सुबह रिकॉर्ड रूम में आग लगने से अपरा तफरी मच गई। फायर विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर 6 गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया। सुबह 6:30 बजे जब आग लगी तो अस्पताल में मौजूद मरीजों को बाहर निकाला गया। अस्पताल के दो कर्मचारी इस घटना में घायल हुआ है। दोनों को प्राथमिक उपचार दिया गया है।

फायर विभाग के अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि पहले व दूसरे मंजिल के मरीज अपने आप बाहर आ गए। उन्होंने धुवा को निकलते हुए देखा। जैसे ही फायर की टीम को सूचना मिली टीम मौके पर पहुंच गई आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कोई जनहानि नहीं हुई है। अस्पताल में आग लगने की सूचना पर फायर की टीम ने त्वरित कार्रवाई की है। 6 फायर सर्विस यूनिट एवं हाइड्रोलिक प्लेटफार्म तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए थे। आग को पूरी तरीके से बुझा दिया गया। ग्राउंड फ्लोर पर बने रिकॉर्ड रूम में



आग लगी थी। आशंका है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी। अन्य कारण पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

**शीशा तोड़ते दौरान हुए घायल:** अस्पताल के अंदर जब आग लगी तो अस्पताल के कर्मचारी बिल्डिंग के शीशे को तोड़कर बाहर निकलने का प्रयास करने लगे। इस दौरान हाथ में शीशे के टुकड़ा लगने से दोनों कर्मचारी घायल हो गए। दोनों का प्राथमिक उपचार कराया गया है। इस घटना में अन्य किसी तरीके का कोई नुकसान किसी को नहीं पहुंचा है।

**अस्पताल में आग लगने की लगातार दूसरी घटना:** 2 दिन पहले भी सेक्टर 12 के मेट्रो अस्पताल के फिजियोथैरेपी यूनिट में आग लग गई थी अब सुमित्रा अस्पताल में आग लगने की घटना सामने आई है भीषण गर्मी की वजह से शॉर्ट सर्किट के कारण लगातार आग लगने की घटनाएं हो रही हैं फायर विभाग में लोगों से अपील की है कि रात के समय कोई भी उपकरण खुला ना छोड़े जिससे पूरी रात उसके चलने पर शॉर्ट सर्किट हो इस दौरान विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

## एक नजर

### महिला को अश्लील फोटो से ब्लैकमेल सोशल मीडिया पर की बदनामी

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** थाना सूरजपुर क्षेत्र की एक महिला ने सोशल मीडिया पर बदनाम करने और धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि उसका अपने पति से वर्ष 2022 में विवाद हो गया था, जिसके चलते वह मायके (जनपद अलीगढ़) चली गई थी। मायके में रहने के दौरान गांव के ही मदनलाल आजाद नामक व्यक्ति से उसकी बातचीत शुरू हो गई। कुछ महीने बाद महिला वापस अपने पति के पास ग्रेटर नोएडा लौट आई। महिला का आरोप है कि मदनलाल आजाद अब उसे सोशल मीडिया पर बदनाम करने की नीयत से लगातार परेशान कर रहा है। वह फेसबुक और इंस्टाग्राम पर महिला और उसके पति को लेकर आपत्तिजनक और झूठी कहानियां पोस्ट कर रहा है। इतना ही नहीं, महिला के मुताबिक आरोपी उसकी अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी भी दे रहा है।जब महिला ने इसका विरोध किया तो मदनलाल ने उसे और उसके पति को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने इस मामले में थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि डेल्टा-प्रथम सेक्टर निवासी महिला की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है।

### नाबालिग चला रहा था बाइक चली गई बुजुर्ग की जान

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** थाना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में 77 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। उनके बेटे ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि एक नाबालिक बच्चे ने तेजी और लापरवाही से बाइक चलाते हुए उनके पिता को टक्कर मार दिया था। थाना एक्सप्रेसवे के प्रभारी निरीक्षक राघवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सौरव त्रिवेदी ने 11 जून की रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके पिता आनंद कुमार त्रिवेदी 5 मई की रात्रि 9:15 बजे के करीब जेपी क्लासिक सोसाइटी में स्थित शॉपिंग मॉल से कुछ खरीददारी करके सेक्टर 134 स्थित जेपी कॉस्मिक सोसाइटी स्थित अपने फ्लैट में लौट रहे थे। पीड़ित के अनुसार सोसाइटी की आंतरिक सड़क पर एक नाबालिक बच्चे ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दिया। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए सेक्टर 128 से स्थित मैक्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया, उपचार के दौरान 7 मई को उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि बीती रात को पीड़ित ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आम्रपाली के फ्लैट कैंसिलेशन से नाराज खरीदार

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के आम्रपाली के घर खरीदारों ने सेक्टर 63 स्थित कोर्ट रिसीवर ऑफिस के बाहर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे भी शामिल हुए। खरीदारों का कहना है कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। रिसीवर ने मामले को जल्द सुलझाने का आश्वासन दिया था। लेकिन हर बार ऑफिस जाने पर टालमटोल किया जाता है। घर खरीदार दीपांकर कुमार ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट की मॉनिटरिंग के बावजूद मनमाने तरीके से फ्लैट कैंसिल किए गए हैं। कई खरीदारों ने 80 से 90 प्रतिशत तक की राशि जमा कर दी है। कुछ मामलों में तो फ्लैट दूसरों को बेच दिए गए हैं। नेफोवा के अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने चेतावनी दी कि अगर समाधान नहीं निकला तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही आम्रपाली की सभी परियोजनाओं के पीड़ित खरीदार जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि उनके फ्लैट जल्द से जल्द रिवा. इव किए जाएं। साथ ही रिसीवर ऑफिस का स्टाफ अपने व्यवहार में सुधार लाए। छोटे-छोटे कामों के लिए बार-बार बुलाना बंद करे। उनका आरोप है कि सुप्रीम कोर्ट के नाम पर स्टाफ खरीदारों को परेशान कर रहा है।

### झंडा चौक शिव मंदिर पर प्राण प्रतिष्ठा

**झालू।** नगर के झंडा चौक स्थित शिव मंदिर परिसर में एक दिवसीय अनुष्ठान के साथ शिला के रूप में न्याय के देवता शनि देव की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व श्री शनि शिला का जलाधिवास व अन्नाधिवास कराया गया एवं 108 सामग्री ले करके गंगा जल व पंचामृत से शिला का स्नान कराया गया। एड. शिवम अग्रवाल के सहयोग से मुख्य यजमान राजीव अग्रवाल व उनकी पत्नी सूची अग्रवाल की देखरेख में पंडित नितिन शर्मा के द्वारा पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। पूजा-अर्चना के बाद हवन किया गया। हवन के तत्पश्चात भगवान श्री शनि शिला जी को उनके स्थान पर विराजमान किया गया। इसके बाद शनि शिला की आरती करके उड़द, चावल व हलवे का भोग लगाया और फिर भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर भाजपा झालू मंडल अध्यक्ष चिंकी गुप्ता, मंदिर कमेटी के संरक्षक अशोक अग्रवाल, अध्यक्ष नितिन शर्मा, महामंत्री अमित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, अंकित शर्मा, अभिषेक अग्रवाल एड., अवधेश, गौरव, मधुर, प्रांजल, हिमांशु, अनमोल, हितेश, विजय अग्रवाल उर्फ डैनी, निशांत गर्ग, गौरव शर्मा उर्फ रावण, लव आदि मौजूद रहे।

## कार खड़ी करने को लेकर बड़ा बवाल

■ इतने चले लाठी-डंडे कि थाने पहुंच गया मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर - 63 चोटपुर कॉलोनी में कार खड़ी करने को लेकर ऐसा विवाद सामने आया है, जिसमें जमकर लाठी डंडे चले और मामला थाने तक पहुंच गया। छोटी सी बात पर लोग कैसे अपना आपा खो दे रहे हैं यह उसका ताजा उदाहरण है। मामले में सेक्टर 63 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चोटपुर कॉलोनी में क्रांति गुप्ता परिवार के साथ रहती है। बृहस्पतिवार देर रात 1 बजे उनके घर के पास पड़ोसी पप्पू यादव कार खड़ी कर रहे थे। उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोप है कि पप्पू समेत 7 लोगों ने क्रांति व उनके परिवार के पांच सदस्यों से पहले अभद्रता की। उसके बाद मारपीट कर दी। आरोपियों ने लाठी, डंडे, सरिया से पीड़ित पक्ष के लोगों को पीटा। क्रांति गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने पप्पू यादव पक्ष के लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

**इनके खिलाफ दर्ज हुआ:** मामले में पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पप्पू यादव, धीरेंद्र यादव, देवेंद्र और और लल्लू यादव के खिलाफ नाम जद मुकदमा दर्ज किया है। इसके अलावा चार अन्य लोग केस में अज्ञात हैं। पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। अन्य फरार आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।

**क्या बोली पुलिस ?:** सेक्टर 63 कोतवाली प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि छोटी सी बात को लेकर दो पड़ोसी आपस में भिड़ गए। बात बस कार खड़ी करने को लेकर थी।

## शहीद चमन सिंह को श्रद्धांजलि दी

**नोएडा।** सेक्टर - 54 में शुक्रवार को कारगिल के योद्धा शहीद चमन सिंह की 26वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें हवन - पूजन के साथ परिजनों एवं लोगो ने चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। शहीद को याद करते हुए वंदे मातरम, भारत माता की जय के नारे से परिसर में गूंजने लगे। इस मौके पर आतंकवाद विरोधी मोर्चा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी और आयोजक राजेंद्र पंडित ने कहा कि क्षेत्रवासियों को शहीदों के परिजनों का भरपूर सहयोग करना चाहिए। सेना के जवान देश की आन, बान और शान है। इस दौरान शहीद चमन सिंह की पत्नी शकुंतला देवी, पुत्र कपिल सिंह, गौरव सिंह , डॉक्टर प्रकृति, प्रोफेसर शिप्रा सिंह आदि उपस्थित रहे।

# थार से बनाई स्टंटबाजी की रील, 64500 का चालान और चालक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो थाना इकोटेक-3 क्षेत्र का बताया जा रहा है। यहां युवक को महिंद्रा थार से स्टंट करना भारी पड़ गया। गाड़ी मालिक के खिलाफ ट्रैफिक विभाग ने 64,500 रुपये का चालान काटा है। इसके अलावा आरोपी थार चालक को भी थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

यह पूरा मामला थाना इकोटेक-3 क्षेत्र का है। यहां एक युवक खुली थार गाड़ी में रात के वक्त स्टंट करता हुआ दिखाई दे रहा है। साथ ही कानून की धज्जियां उड़ाते हुए नजर आ रहा है। वायरल 21 सेकेंड का वीडियो थाना क्षेत्र के सैनी गांव का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि एक खुली काली महिंद्रा थार सड़क के बीचों-बीच जिग जैक टाइप में लहराकर जानलेवा स्टंट करती हुई दिखाई दे रही है। वीडियो में बैक ग्राउंड में एक हरियाणवी गाना भी बज रहा है, जिस पर वह लुत्फ उठाता हुआ दिखाई दे रहा है। इसके कुछ देर बाद ही अचानक इस वीडियो में एक अन्य वीडियो शुरू हो गया। इसमें करीब 12 लक्जरी गाड़ियां एकसाथ सड़क पर एक के बाद एक लाइन में खड़ी दिखाई देती नजर आ रही हैं। इस वायरल वीडियो में भी बैक ग्राउंड में एक पंजाबी गाना बज रहा है, लेकिन ये वीडियो दिन का दिखाई दे रहा है। वीडियो सामने आने के बाद बीच सड़क पर थार से स्टंट कर रहे रीलबाज का थाना इकोटेक-3 पुलिस ने वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है और 64,500 रुपये का ई-चालान भी काटा है। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि वायरल वीडियो का तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना इकोटेक-3 पुलिस ने वाहन का चालान करने के साथ चालक को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की गई है। आरोपी की पहचान ऋषभ पुत्र संजय निवासी ग्राम सैनी, ग्रेटर नोएडा के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ गुरुवार को कार्रवाई की गई है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा ये वीडियो सैनी गोलचक्कर का है। आरोपी ऋषभ के खिलाफ धारा 170/135/135(3) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं, इस मामले में नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने भी वायरल वीडियो का शिकायत का संज्ञान लेते हुए संबंधित वाहनों के विरुद्ध यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर नियमानुसार ई-चालान (जुर्माना 64500 रुपए) की कार्रवाई की गई है।

# उद्यमियों ने विमान हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे को लेकर एनईए भवन में शुक्रवार को एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें नोएडा के उद्यमियों ने इस हादसे में मारे गये लोगों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। एनईए के विपिन मल्हन ने कहा कि अहमदाबाद में हुआ विमान हादसा सिर्फ एक समाचार नहीं है यह दुख का पहाड़ है जो ना जाने कितने घरों पर टूट पड़ा है।वो विमान सिर्फ एक मशीन नहीं थी वो एक चलती हुई उम्मीद थी, जिसमें बैठे लोग हमारे अपने थे , कोई भारत का था, कोई विदेश से था, कोई किसी की माँ थी, कोई बेटे के पास लौट रहा था, कोई नौकरी के सफर में था,कोई छुट्टी मनाकर वापस आ रहा था लेकिन



किसी को भी क्या पता था कि यह यात्रा उनकी अंतिम यात्रा बन जाएगी।

मन व्यथित है, हृदय मौन है और आँखें नम है । हम उन सभी पीड़ित परिवारों के साथ हैं जो आज अपनों को खो बैठे हैं। इस शोक सभा में अन्य उद्यमियों ने भी अपने शब्दों में शोक व्यक्त किया। शोकसभा में राकेश को. हली , सुधीर श्रीवास्तव, राहुल नैय्यर , राजन खुराना , कमल इलेक्ट्रा , आलोक गुप्ता , अजय अग्रवाल , इंद्रपाल खांडपुर, पीयूष मंगला , नीरू शर्मा , एस के जैन, सुधीर गोयल आदि शामिल थे।

## सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** थाना सूरजपुर क्षेत्र के 130 फुटा रोड पर बाइक पर सवार होकर जा रहे एक व्यक्ति को एक अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दिया। अत्यंत गंभीर हालत में उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उनका मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि नेपाल पुत्र जगदीश उम्र 46 वर्ष दादरी के रहने वाले थे। वह नोएडा के सेक्टर 63 स्थित एक कंपनी में काम करते थे। शुक्रवार सुबह को वह मोटरसाइकिल पर सवार होकर दादरी से सेक्टर 63 स्थित कंपनी काम करने जा रहे थे। तभी 130 फुटा रोड के पास एक अज्ञात वाहन चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में टक्कर मार दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

## गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिल्ली से गांजा लाकर शहर के अलग-अलग हिस्से में आपूर्ति करने वाले तस्कर को फेज वन थाने की पुलिस ने शुक्रवार को सेक्टर दस स्थित पार्क के पास से दबोच लिया।

उसके पास से एक किलो तीन सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ है। तस्कर की पहचान जेजे कॉलोनी निवासी पीयूष साह के रूप में हुई है। 21 वर्षीय पीयूष के खिलाफ फेज वन थाने में एनडीपीएस ऐक्ट के धारा में तीन केस दर्ज हैं। उसके अन्य साथियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## जेवर विधानसभा में विकास कार्यों की शुरुआत

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की गति तेज हो गई है। शुक्रवार को विधायक धीरेन्द्र सिंह ने ग्राम चांचली और दयोरार में 1 करोड़ 46 लाख रुपए की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया।

इन परियोजनाओं में नाली निर्माण, सड़क निर्माण और अंत्येष्टि स्थल का विकास शामिल है। विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि जेवर क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। विधायक ने यह भी कहा कि जब तक जेवर विधानसभा का हर व्यक्ति विकास से नहीं जुड़ेगा, तब तक उनकी यात्रा अधूरी रहेगी। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार के आने के बाद से क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी से पहले जो सरकार थी। उनकी वजह से हो विकास नही हुआ था।

# नोएडा गार्बेज फ्री शहरों की 7स्टार रैंकिंग में लेगा हिस्सा

■ 100 किलो वेस्ट जनरेटर करने वाले लगाए प्रोसेसिंग यूनिट, अन्यथा लगेगा जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** स्वच्छ सर्वेक्षण में पूरे देश में प्रथम स्थान लाने के लिए शुक्रवार को नोएडा प्राधिकरण ने होटल, रेस्टोरेंट और मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। ये सभी बल्क वेस्ट जनरेटर है। इन सभी को रोल और रिस्पांसबिलिटी के बारे में अवगत कराया गया। ये कार्यक्रम सेक्टर-91 के पंचशील बालक इंटर कॉलेज में किया गया। जिसमें प्राधिकरण के अधिकारी शामिल हुए। इस बार नोएडा प्राधिकरण स्वच्छ सर्वेक्षण में गार्बेज फ्री शहरों की रैंकिंग में 7 स्टार



के लिए प्रतिभाग करेगा।

होटल, रेस्टोरेन्ट, आडब्ल्यूए एओए, स्कूल, हॉस्पिटल एवं मार्केट आदि से 100 किग्रा से अधिक कचरा निकलता है तो वह बल्क वेस्ट जनरेटर की श्रेणी में आते है। वे बल्क वेस्ट जनरेटर्स के मानकों के अनुसार उनको अपने परिसर में कम्पोस्ट प्रोसेसिंग यूनिट लगाना अनिवार्य है। नोएडा में रोजाना 300 टीपीडी तक कंस्ट्रक्शन और डिमोलिशन वेस्ट को प्रोसेस करता है। इसके अलावा यदि आपको अपने इलाके के पास सीएडंडी वेस्ट मिलता है। उसकी सूचना प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 18008919657 पर दे सकते है। एसपी सिंह, महाप्रबनधक (जन स्वास्थ्य) ने बताया कि सभी बल्क वेस्ट जनरेटर्स को गीले कचरे के निवारण के लिए अपने परिसर में कम्पोस्ट प्रोसेसिंग यूनिट लगाना अनिवार्य है। आगामी 15 दिनों में अपने परिसर में कम्पोस्ट प्रोसे. सिंग यूनिट नहीं लगाया जाता है तो उस बल्क वेस्ट जनरेटर के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी, साथ ही आगामी 15 दिनों के बाद कचरा लेनी वाली प्राधिकरण द्वारा अनुबन्धित एजेंसी मैसर्स एजी एनवायरो कूड़ा नहीं लेगी।

**विगत सालों में ये रही स्थिति:** नोएडा प्राधिकरण द्वारा प्रत्येक वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रतिभागी किया जाता है। विगत सालों में नोएडा ने स्वच्छ सर्वेक्षण में काफी अच्छी रैंक प्राप्त की है। साल 2018 में नोएडा की रैंक 324 रही और साल 2019 में रैंक में सुधार लाकर यह रैंक 150वीं हो गई। नोएडा को उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। 2019 में नोएडा को गार्बेज फ्री सिटी केटेगरी में 3 स्टार रैंकिंग, ओडीएफ++ मिला।

**2020 में 25वीं रैंक एवं साल 2021 में 4 रैंक:** क्लिनेस्ट मीडिया सिटी और 5 स्टार गार्बेज फ्री सिटी के साथ सफाई व्यवस्था सुदृढ़ एवं प्रोसे. सिंग क्षमता को निरन्तर बढ़ाया है। 2022 में 5वीं रैंक के साथ नोएडा बेस्ट सेल्फ सस्टेनेबिलिटी का अवॉर्ड मिला। साल 2023 में 5 स्टार गार्बेज फ्री सिटी रैंकिंग के साथ वाटर प्लस की रैंकिंग मिलने करने वाला उत्तर प्रदेश राज्य में प्रथम शहर बना है।

# हॉर्न बजाने का विरोध करने पर कुचलने की कोशिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर क्षेत्र में एक सहकारी समिति के चेयरमैन की कार को थार से टक्कर मारने का मामला सामने आया है। कनारसी गांव में शुक्रवार को हुई इस घटना में पीड़ित और उनके साथी को चोटें आईं। दोनों का नजदीकी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

कनारसी गांव के सहकारी समिति चेयरमैन शिवेंद्र उर्फ हप्पू नवादा अपनी कार को मुख्य सड़क किनारे खड़ी कर दुकान से सामान खरीद रहे थे। इसी दौरान जुनेदपुर गांव से आए थार सवार युवकों ने पीछे से लगातार हॉर्न बजाना शुरू कर दिया। शिवेंद्र ने हॉर्न बजाने का विरोध किया। इससे नाराज होकर थार के चालक अभि ने शिवेंद्र की कार को कई बार टक्कर मारी। शिवेंद्र और उनके साथी श्यामवीर कार से बाहर थे। आरोप है कि इसके बाद अभि ने थार से दोनों को कुचलने का प्रयास किया। दोनों ने भागकर अपनी जान बचाई।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# क्रिकेट खेलते सीने में गेंद लगने से मौत

**शाह टाइम संवाददाता**

**कैराना।** क्रिकेट नेट प्रैक्टिस के दौरान फील्डिंग करते वक्त सीने में अचानक गेंद लगने से 8वीं कक्षा के छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे से मृतक छात्र के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक छात्र अपने पिता का इकलौता पुत्र बताया गया है।

कस्बे के मोहल्ला इस्लामनगर निवासी अकरम का 13 वर्षीय पुत्र अबुजर नगर के नेशनल हाइवे-709एड़ी पर गांव मन्नामाजरा के निकट स्थित भास्कर इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा आठ का छात्र था। वह स्कूल परिसर में स्थित भास्कर क्रिकेट एकेडमी में नेट प्रैक्टिस किया करता था। रोजाना की भांति शुक्रवार को भी अबुजर नेट प्रैक्टिस के लिए एकेडमी में गया था। बताया जा रहा है कि प्रातः करीब 11 बजे फील्डिंग करते वक्त एक गेंद तेजी से अबुजर के सीने में आकर लगी, जिससे वह अचेत होकर वहीं गिर गया। साथ में प्रैक्टिस कर रहे खिलाड़ियों ने मुंह में पानी डालकर अचेत छात्र को होश में लाने का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नही हो सके। इसके बाद, छात्र को आनन-फानन में कस्बे के एक निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया। जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर छात्र के परिजन भी निजी चिकित्सक के यहां पहुंच गए। छात्र की मौत की जानकारी होते ही परिजनों में हाहाकार मच गया। इकलौते बेटे की मौत से परिजनों पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा। बेटे की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक छात्र अपने पिता का इकलौता पुत्र बताया गया है, जिसकी एक छोटी बहन रह गई है। छात्र की मौत की सूचना से मोहल्ले में भी मातम पसर गया। हादसे के बाद से ही मृतक छात्र के मकान पर सांत्वना देने वाले लोगो का तांता लगा हुआ है। मृतक छात्र पूर्व प्रधान इलियास अंसारी का पौत्र बताया गया है। शाम के समय गमगीन माहौल में मृतक छात्र के शव को कस्बे के निकट स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह का कहना है कि छात्र की मौत के मामले में उन्हें कोई सूचना प्राप्त नही हुई है।





# प्रथम फैमिली आईडी कार्ड देकर कार्यक्रम हुआ शुरू

**शाह टाइम संवाददाता**

**शामली।** एक परिवार-एक पहचान योजना के तहत नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल द्वारा प्रथम फैमिली आईडी कार्ड देकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

शुक्रवार को सरकार द्वारा चलाई जा रही एक परिवार-एक पहचान योजना के तहत नगर पालिका में पूर्व सभासद राजीव मलिक निवासी दयानन्द नगर को प्रथम फैमिली आईडी कार्ड देकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। फैमिली आईडी कार्ड जारी किया गया, जोकि 12 अंको का था तथा जिसमें परिवार के मुखिया सहित सभी सदस्यो का नाम अंकित था। इसके उपरान्त चेयरमैन अरविन्द संगल द्वारा मोमीन को फैमिली आईडी कार्ड दिया गया। जिसमें उनके परिवार के सभी सदस्यों का पूरा ब्यूरो दिया गया। उक्त फैमिली आईडी कार्ड से केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा मिलने वाली 76 योजनाओ का सीधा लाभ कार्ड धारक को मिल सकेगा। बताया कि जिनके पास राशन कार्ड है उनको फैमिली आईडी कार्ड के फार्म को भरने की जरूरत नही है। उनका राशनकार्ड ही उनकी फैमिली आईडी का काम करेगा। चेयरमैन अरविन्द संगल नगर पालिका के सम्बन्धित कर्मचारी को फैमिली आईडी बनाए जाने सम्बन्धी निर्देश दिए गए कि पालिका में जो भी नागरिक फैमिली आईडी कार्ड बनवाने के लिए आए उनका कार्ड तुरन्त जारी किया जाए। इस अवसर पर सभासद रामनिवास सैनी, संजय उपाध्याय, सत्यवीर सिंह, ओमप्रकाश शर्मा, जितेन्द्र मलिक, लक्ष्मण सिंह, आजम खान, सुनील बंसल, वैभव गर्ग, आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।



# विकासखंड ऊन के अधिकारियों ने सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

**शाह टाइम संवाददाता**

**चौसाना।** प्राईमरी स्कूल चौसाना मे पंचायत मे हुए विकास कार्यो की समीक्षा के साथ सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए विकास खंड ऊन के अधिकारियों ने ग्राम चौपाल का आयोजन किया। खुली बैठक मे अधिकारियों ने ग्रामीणों की संख्या को जाना और समाधान कराने का आश्वासन दिया। बैठक मे अधिकारियो ने 26 कुपोषित बच्चों को आहार पोषण किट वितरित की। इस दौरान ग्राम प्रधान के विरोध पर प्रधान प्रतिनिधि ने ग्रामीणों के साथ अभद्रता पूर्वक व्यवहार किया। जिस कारण बैठक मे ग्रामीणों ने हंगामा काटा।

शुक्रवार को चौसाना के मुख्य बाजार मे स्थित प्राईमरी स्कूल में पंचायत विभाग,समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग,महिला एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी पहुँचें और खुली बैठक का आयोजन कर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन,सड़क निर्माण,पेंशन योजना,मुख्यमंत्री युवा लोन योजना,विवाह अनुदान योजन सहित पंचायत मे हुए मरम्मत व अन्य विकास कार्यो की भी समीक्षा की गई।अधिकारियों ने ग्रामीणों का बताया कि राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अन्तर्गत गांव मे अब तक 33 समूह चल रहे है।जिसका लाभ उठाते हुए 4000 परिवारो को इसका लाभ मिल रहा है। साथ ही युवाओ को स्वयं रोजगार के तहत मुख्यमंत्री उद्यमी विकास योजना से पाँच लाख तक का आसान लोन दिया जा रहा है,जिसका फायदा वर्ग को सीधे मिल रहा है। बैठक मे एक युवा उद्यमी विकास रोहिला ने विरोध किया,कहा कि बैंक लोन नही देता,दलालो के माध्यम से ही लोन सम्भव है। इसके अलावा अधिकारियों ने पेंशन योजना के नियमों व लाभ के बारे मे समझाया,स्वच्छता मिशन की जानकारी दी। निशुल्क जन्म व मृत्यू प्रमाणपत्र के पंजीकरण के बारे मे जानकारी दी गई। महिला एवं बालिका विकास से सीडीपीओ गजेश सैनी, डीपीआरओ संदीप अग्रवाल, पशु चिकित्सा विभाग से डा0 देवेन्द्र राणा, खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार,बीडीओ उमाकांत मुदगल,ग्राम सचिव राहुल कुमार सहित आशा व आंगनबाडी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## शोक जताया

**शामली।** एयर इंडिया विमान हादसे पर लायंस क्लब शामली क्राउन ने गहरा शोक जताया। क्लब के अध्यक्ष गौरव गोयल, सचिव संदीप जिंदल एवं कोषाध्यक्ष विजय संगल ने संयुक्त रूप से अपने कार्यालय पर एयर इंडिया विमान हादसे पर शोक व्यक्त किया। गौरव गोयल, संदीप जिंदल, विजय संगल, संजय संगल, राहुल वर्मा, अमित वर्मा, गौरव मित्तल, डा। नीलेश वशिष्ठ, डा। नीरज वशिष्ठ, प्रतीक गर्ग, अंकित जैन, राहुल गर्ग, अजय संगल आदि मौजूद रहे।

# भाइयों समेत पांच पर मारपीट का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम संवाददाता**

**कैराना।** किसान ने भूमि विवाद में गाली-गलौच व मारपीट करने के आरोप में सगे भाइयों समेत पांच लोगो के विरुद्ध कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया है।

कस्बे के मोहल्ला आलकलां मायापुर रोड निवासी लियाकत अली ने कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कराया है। बताया कि उसकी कृषि भूमि गांव इस्सापुर खुरगान के रकबे में स्थित है, जिसमें वह फसल आदि उगाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता चला आ रहा है। उसने अपनी भूमि की निशानदेही कराकर चारों ओर तारबंदी कराने के बाद गेंहू की फसल बो रखी थी। विपक्षी इमरान, राशिद, सीटू उर्फ वासिल पहलवान, सालिक उर्फ झल्लू व इसरान निवासी ग्राम इस्सापुर खुरगान ने 07 अप्रैल 2025 की रात्रि में खेत के चारों ओर की गई तारबंदी को क्षतिग्रस्त कर दिया तथा गेंहू की फसल को खुर्द-बुर्द कर दिया।

उक्त भूमि के सम्बंध में उसने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वाद दायर कर रखा है। आरोप है कि जब वह खेत पर जाता है तो आरोपी गाली-गलौच व मारपीट करके उसे वहां से भगा देते है। विपक्षी दबंग व गिरोहबंद किस्म के व्यक्ति है। आरोपियों से उसे जान का खतरा बना हुआ है। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है। वहीं, पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### दो अभियुक्तों को अर्थदंड

**शामली।** 1. वर्ष 1994 में अभियुक्तगण सन्त कुमार पुत्र रणधीर निवासी ग्राम बलवा थाना कोतवाली शामली जनपद शामली 2. महेंद्र पुत्र रणधीर निवासी ग्राम बलवा थाना कोतवाली शामली जनपद शामली के विरुद्ध थाना कोतवाली शामली पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में न्यायालय सीजेजेडी/जेएम, कैराना शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि व 3000-3000/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

### 17 जून को कैराना में लगेगा रोजगार मेला

**शाह टाइम संवाददाता**

**शामली।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कैराना एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, शामली के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 17 जून 2025, दिन मंगलवार को 10:30 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ऊंचा गांव, कैराना में एक रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया रोजगार मेलें में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियां मेधावी एस्पायर प्रा लि, एकेएस जाब्स एवं पुखराज हेल्थकेयर आदि कम्पनियां प्रशिक्षार्थियों को डाटा एंट्री ऑपरेटर, इलेक्ट्रिशियन, आटो मैकेनिक, बिजनेस डेवलपर, फील्ड एग्जीक्यूटिव, सुपरवाइजर, हेल्पर आदि पदों पर सभी ट्रेड में आईटीआई, हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, डिप्लोमा होल्डर योग्यताधारी व आयु सीमा 18-35 वर्ष के अभ्यर्थियों को चयनित करेंगी। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी rojgaarsangam.up.gov.in पर पंजीयन कराएं एवं प्रात:10:30 बजे पर रोजगार मेलें में तीन बायोडाटा के साथ उपस्थित हो।

### शिविर में की गई पुलिसकर्मियों की जांच



**शाह टाइम संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को शहर की पुलिस लाईन में मॉर्डन ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट टीआई द्वारा एसओए व सीबीसी जांच कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें दर्जनों पुलिसकर्मियों की जांच की गई।

शुक्रवार को शामली पुलिस लाईन में उत्तर प्रदेश राज्य एडस नियंत्रण सोसाएटी लखनऊ के निर्देश पर पुलिसकर्मियों की जांच के लिए विशेष कैंप लगाया गया। जिसका शुभारंभ एसपी रामसेवक गौतम ने किया। इस दौरान जिला अस्पताल से पहुंची अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा 43 पुलिसकर्मियों की एसओए व सीबीसी जांच की गई। जिसमें कोई भी पुलिसकर्मी पॉजिटिव नही आया। इस दौरान लैंब टैक्निशियन विशाल कुमार, हीना, काउंसलर शिवम कुमार, दीपा चौहान, अंशु तोमर मौजूद रहे।

### प्रधान प्रतिनिधि का जोरदार विरोध, धमकाने का आरोप

**शाह टाइम संवाददाता**

**चौसाना।** खुली बैठक के दौरान बीडीओ ने ग्रामीणों से समस्या के बारे मे पूछा तो पंचायत सदस्य ने उठकर बोला कि ग्राम प्रधान को शिकायत करने के लिए कहा जाएं। प्रधान को फोन करते है तो उनका ठिकाना करनाल होता है। जिस पर प्रधान प्रतिनिधि मोहर सिंह भडक गए और पंचायत सदस्य को धमकाने लगे। जिस पर अधिकारियों ने दोनो पक्षो को शांत किया। पंचायत सदस्य राजू का कहना है कि प्रधान प्रतिनिधि ग्राम प्रधान का मामा है,जो भी करनाल मे रहता है।

### योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**शाह टाइम संवाददाता**



**शामली।** शुक्रवार को शामली राइफल क्लब पर क्रीड़ा भारती द्वारा आयोजित 11 दिवसीय निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन का शुभारंभ ऑटोमोबाइल इंजीनियर साहब सिंह दांगी ने किया। साधकों को संबोधित करते हुए साहब सिंह दांगी ने कहा कि योग प्राचीन भारतीय विद्या है। मनुष्य को संतुलित जीवन जीने के लिए ध्यान, योग और प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिए। योग प्रशिक्षक मनोज शर्मा ने सूक्ष्म यौगिक क्रियाएं कराने के पश्चात भुजंगासन, शलभासन, कोण आसन, पवनमुक्तासन, धनुरासन, वृक्षासन, कपालभाति, अनुलोम विलोम, भस्त्रिका, भ्रामरी का अभ्यास कराया। आठ चक्रों मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनाहत, विशुद्धि, आज्ञा, मनशचक्र, और सहस्रर के विषय में विस्तार के समझाते हुए बताया कि कैसे हम अपने चक्रों की चेतना जागृत कर ध्यान एवं समाधि की परम शक्ति तक पहुंच सकते हैं। योग शिविर में शामली राइफल क्लब अध्यक्ष मुकेश चौधरी, कमलवीर सिंह, उमेश भार्गव, अभयदीप राणा, लोकेश कुमार, ऋषभ चौधरी, आयुष गर्ग, प्रिंस लाटीयान, विधान प्रताप सिंह, मयंक मलिक आदि उपस्थित रहे।

### शोकसभा का आयोजन

**चांदपुर।** सीनियर बार एसोसिएशन तहसील चांदपुर की एक शोक सभा संगठन कार्यालय पर हुई, जिसमें राजपाल सिंह सैनी एडवोकेट के आकस्मिक निधन एवं गुजरात के अहमदाबाद में हुई प्लेन दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए मृतकों की आत्माओं की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष सतीश चंद्र त्यागी एडवोकेट ने की जबकि संचालन महेंद्र पाल सिंह तोमर एडवोकेट सचिव ने किया। शोकसभा में सीनियर बार एसोसिएशन के तहसील चांदपुर के समस्त पदाधिकारी एवं सम्मानित सदस्य का उपस्थित रहे।

# आग लगने से भुस के कूप व बिटौड़े स्वाहा

**ऊन।** ब्लॉक के बेहड़ा गांव में शुक्रवार की सुबह आग लगने से करीब एक दर्जन भूस के कूप व बिटौड़े स्वाहा हो गए। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन कामयाबी नहीं मिल सकी। फायर ब्रिगेडकर्मियों व ग्रामीणों ने मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

बेहड़ा गांव में रंगाना मार्ग पर ग्रामीणों के भूसे के कूप व उपलों के बिटौड़े लगे है। सुबह बिटौड़ों में आग लग गई। ग्रामीणों ने बिटौड़ों में आग लगी देखकर गांव में सूचना दी। खबर मिलते ही ग्रामीण मौके पर दौड़े आग को बुझाने की कोशिश की गई, पर आग फैलकर अन्य बिटौड़ों व भूसे के कूप में पहुंच गई। बिटौड़े धू-धूकर जलने लगे। लोगों ने फायरब्रिगेड को सूचना दी।करीब एक घंटे बाद फायरब्रिगेड घटनास्थल पर पहुंची लेकिन रास्ता खराब होने के कारण वह रास्ते में ही धस गई ग्रामीणों ने उसे निकालकर मौके तक पहुंचा बता दे कि जिस जगह पर कूप व बीटोडे रखे थे वहां पर जाने वाले रास्ते में जल भराव हो रहा है रास्ता खराब होने के कारण आग बुझाने में देर हुई तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी बाद में फायर ब्रिगेड व ग्रामीणों ने मशक्कत कर बिटौड़ों में लगी आग पर काबू पाया। आग से विनोद शर्मा,सुरेंद्र, हरपाल,प्रमोद शर्मा,सूरजभान, ब्रजपाल,संतोष आदि के बिटौड़े स्वाहा हो गए।

# विमान दुर्घटना में मृतकों को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य ओमप्रकाश शर्मा के विश्वकर्मा नगर केंप कार्यालय पर अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना को लेकर शोक व्यक्त किया गया। मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। प्रदेश प्रवक्ता अभिमन्यु त्यागी ने कहा कि विमान हादसे को लेकर पार्टी हाईकमान बेहद दुखी हैं। इस मामले में किसी भी प्रकार की राजनीति से बचना चाहिए। फंटल कोर्डिनेटर राजेश्वर दत्त ने कहा कि जनपद में संगठन सृजन कार्यक्रम चल रहा है लेकिन कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के दिशा निर्देश पर सभी राजनैतिक कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि विमान दुर्घटना की खबर से मन .वित है। जिन्होंने अपनो को खो दिया है उनके लिए गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हैं।

दुर्घटना में मारे गए मृतक आश्रितों के लिए सरकार से मुआवजे की मांग करते हैं। देश के उड्डयन मंत्री की जिम्मेदारी बनती है कि मामले में संज्ञान लेकर अपना रुख स्पष्ट करें। भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो उसके लिए मजबूत कदम उठाए जाने चाहिए। कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व के द्वारा इस दुखद घटना को लेकर सारे राजनैतिक कार्यक्रम निरस्त कर दिए गए हैं। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अभिमन्यु त्यागी, फंटल कोर्डिनेटर, राजेश्वर दत्त, पीसीसी सदस्य ओमप्रकाश शर्मा, यूवा प्रदेश महासचिव अशवनी शर्मा, प्रवीण तरार, सेवा दल जिलाध्यक्ष बृजेश शर्मा,ठाकुर लाखन सिंह, बिजेंद्र पाल वर्मा, बाबू खान, पनीत शर्मा, शोशल मीडिया जिलाध्यक्ष प्रदीप कश्यप, लोकेश कटारिया, सुरेश सेनी, ओमपाल अमीन, शेखर पाल, ओमवीर उपाध्याय, वीशू शर्मा ऐरटी,अनुज भारती, पुनीत कुमार आदि मौजूद रहे।



# बिजली जाने व कम वोल्टेज से व्यापारियों में रोष

**शाह टाइम संवाददाता**

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के सुभाष चौक शिव मूर्ति स्थित प्रांतीय मुख्यालय पर हुई बैठक में उपस्थित व्यापारियों ने शामली जनपद में काफी दिनों से हो रही बिजली की आंख मिचोली व कम वोल्टेज तथा हर एक घंटे के बाद हो रहे लंबे कट से हो रही समस्याओं पर रोष व चिंता व्यक्त करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने मौके पर ही विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता वीरेंद्र सिंह से फोन पर वार्ता कर उन्हें आए दिन हो रही बिजली की कटौती व लो वोल्टेज तथा लगातार हर 1 घंटे के बाद लगने वाले कट से अवगत कराते हुए व्यापारियों एवं नागरिकों की समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि इस चरमराई विद्युत व्यवस्था में व्यापारियों के व्यापार चौपट हो रहे हैं छोटे उद्योग बंदी के कगार पर है अत: विद्युत विभाग की कार्यशैली में परिवर्तन कर इन समस्याओं का समाधान करने की मांग की और चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दो दिन के अंदर चरमराई विद्युत सप्लाई की व्यवस्था में सुधार न हुआ तो क्षेत्र व नगर के व्यापारी एवं नागरिक विद्युत विभाग के अधिकारियों का उनके ही कार्यालय में घेराव कर ने पर मजबूर होंगे।

उन्होंने कहा कि इस चरमराई विद्युत सप्लाई से व्यापारियों के व्यापार व उद्योग प्रभावित हो रहे हैं और आम नागरिक का रोजगार ठप हो रहा है क्योंकि हर घंटे विद्युत सप्लाई में कट लगता है वोल्टेज कम रहती है अत: छोटे उद्योग धंधे चौपट हो रहे हैं और वहां काम करने वाले मजदूर के सामने रोजी-रोटी का प्रश्न खड़ा हो गया है उन्होंने विद्युत सप्लाई की व्यवस्था में सुधार करने की मांग की इस अवसर पर मुख्यत: सुभाष चंद्र धीमान, रामकुमार राय,रवि संगल, महेश धीमान, अनुज गोयल, वैभव गोयल, शिवांक गर्ग, ऋषभ जैन ,पवन गोयल, आशु बत्रा गौरव गर्ग राजीव गर्ग आदि उपस्थित रहे।



# स्काउट गाइड जल सेवा शिविर का आयोजन



**शामली।** आरके इंटर कालेज के बाहर स्काउट-गाइड द्वारा जल सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने किया। शुक्रवार को भारत स्काउट एवं गाइड जनपद शामली के तत्वावधान में एक निशुल्क जल सेवा शिविर राष्ट्रीय किसान इंटर कॉलेज शामली के मुख्य द्वार पर आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन सीडीओ विनय कुमार तिवारी के द्वारा किया गया। इस दौरान भीषण गर्मी में राहगीरों को ठंडे और मीठे पाने का वितरण किया गया। जल सेवा शिविर में जिला सचिव डा. हीरा सिंह, प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक डा। अमित मलिक, पूर्व प्रधानाचार्य कैप्टन लोकेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार, जिला कोषाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, जिला संगठन आयुक्त गाइड गीता रानी, गायत्री देवी का सहयोग रहा।

# भड़ी घाट बना रेत माफियाओं का अड्डा, खेत बर्बादी की ओर

**शाह टाइम संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना क्षेत्र के भड़ी घाट, लक्ष्मीपुरा, मंगोलोरा और भड़ी बाबा पीर के सामने अवैध रेत खनन बेलगाम हो चुका है। हालात यह हैं कि दिन-रात सैकड़ों की संख्या में भैसा बुग्गी और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से खुलेआम रेत की ढुलाई हो रही है। इस खनन माफिया तंत्र के सामने प्रशासन बिल्कुल नाकाम नजर आ रहा है। किसान लगातार हो रहे नुकसान से आक्रोशित हैं और अब आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं।

किसानों ने बताया कि भड़ी बाबा पीर के सामने जहां उनका खेत है, वहां से रोजाना सैकड़ों ट्रैक्टर और बुग्गियां रेत भरकर निकलती हैं। खेतों के पास कोई बैरियर नहीं, न कोई व्यवस्था। आए दिन कोई न कोई बुग्गी अनियंत्रित होकर धान के खेत में गिर जाती है। इससे धान की फसल बर्बाद हो रही है, मिट्टी की ऊपरी परत हट रही है और आने वाले सीजन के लिए जमीन भी खराब हो रही है।

कामयाब पुत्र राशिद, उस्मान पुत्र जरीफ, शादाब पुत्र हसरत और सदाकत पुत्र अख्तर जैसे दर्जनों किसान कई बार पुलिस और प्रशासन से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा। शादाब ने बताया कि उसने अवैध खनन की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल की है, ताकि सच्चाई सबके सामने आए। लेकिन अभी तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं हुई।

किसानों का आरोप है कि गांव के ही कुछ लोग माफियाओं से रेत भराई के पैसे लेकर बुग्गियों को बेरोक-टोक रास्ता दिलवा रहे हैं। ए लोग दलाली कर रहे हैं और खनन को संरक्षण दे रहे हैं। किसानों का साफ कहना है कि अब प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की तो हम खुद खनन का रास्ता बंद करेंगे।

नाराज किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही अवैध रेत खनन बंद नहीं हुआ तो वे मुख्य रास्तों में गहरी खाई खोद देंगे, ताकि न बुग्गी निकले न ट्रैक्टर। किसानों का कहना है कि जब प्रशासन सोया है तो अब हमें ही अपने खेतों की रक्षा खुद करनी होगी।

............................

चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह का कहना है कि वे मौके पर पहुंचे थे, वहां दो बुग्गियां मिली थीं, जिनकी वीडियो बनाई गई है। उनसे यह भी पूछा गया है कि कौन उनसे पैसे लेकर निकलवा रहा है।

गांवों के बुजुर्गों का कहना है कि रेत खनन कई सालों से हो रहा है, लेकिन इस बार ए स्तर पार कर गया है। अब ए न सिर्फ नालों और घाटों से रेत निकाल रहे हैं, बल्कि रास्तों और खेतों को भी रौंद रहे हैं। ऐसा लगता है जैसे प्रशासन और खनन माफियाओं के बीच मौन समझौता हो गया हो।



# अवैध हथियार व कारतूस बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**कैराना।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को अवैध हथियार व जिंदा कारतूस के साथ में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान कर दिया है। शुक्रवार को एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देशानुसार आपराधिक कृत्यों में लिप्त आरोपियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पकड़े गए आरोपी ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम व पता हारुण निवासी ग्राम तीतरवाड़ा बताया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध सम्बंधित धारा में अभियोग पंजीकृत करके उसे जेल भेज दिया है।

# रजवाहे में नहाने आए युवक की डूबने से मौत

## आधा दर्जन दोस्तों के साथ शाहजहांपुर मंडी में फल खरीदने पहुंचा था मृतक असद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** शुक्रवार की दोपहर मेरठ के किठौर थाना क्षेत्र में दोस्तों के साथ मेरठ से रजवाहे में नहाने आया एक युवक रजवाहे में डूब गया। युवक के डूबने की जानकारी मिलने पर दोस्त बदहवास हो गए।

वहीं स्थानीय लोगो ने हिम्मत दिखाते हुए रजवाहे से युवक को बाहर निकाला। मगर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जानकारी के बाद पहुंची पुलिस ने गहनता से जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लिया। इस घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। मृतक असद भाई मोहम्मद कासिफ ने बताया कि परिवार में हम पांच भाई व एक बहन है। पिता की मृत्यु हो चुकी है। असद बिजली मैकेनिक था। लिसाड़ी गेट क्षेत्र के रहने वाले अब्दुल आहद पुत्र सलाउद्दीन ने बताया कि वह और उसके आसपास के इलाके के रहने वाले कई युवक फेरी लगाकर फल बेचने का काम करते हैं। शुक्रवार को लिसाड़ी गेट क्षेत्र से लगभग 10 युवक शाहजहांपुर मंडी में फल खरीदने आए थे। मंडी में भीड़ होने के कारण सभी युवक शाहजहांपुर-मीतापुर रोड स्थित रजबहे में नहाने चले गए। अब्दुल आहद का कहना है कि वह और उसके दोस्त नजर मोहम्मद पुत्र मुंसब, तैमूर पुत्र रजाउद्दीन व ओवैस सहित आधा दर्जन से अधिक दोस्त रजवाहे के दूसरी तरफ नहा रहे थे। जबकि उनका साथी लक्कीपुरा गली नंबर 25 निवासी असद पुत्र इकरामुद्दीन दीवार पर चढ़कर रजबहे के गहरे पानी में कूद गया। लगभग आधे घंटे बाद जब सब युवक नहा कर बाहर निकले, तब असद को नहर किनारे ना देख युवकों ने उसकी तलाश शुरू की। असद के न मिलने पर अभी दोस्त बेचैन हो गए। तभी स्थानीय लोगों ने नजर और अन्य कुछ युवक साथियों के साथ मिलकर रजबहे में कूद कर एक दूसरे का हाथ पकड़ कर चेन बनाई और तलाश शुरू की गई। काफी तलाश करने पर रजबहे में असद की लाश बरामद हुई। जिसके बाद दोस्तों में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों को हादसे की जानकारी दी। जिसके बाद परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। मृतक असद के भाई मोहम्मद कासिफ व ओर गणमान्य लोगों ने मोर्चरी से इंकार कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भर कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# जनपद में अवैध खनन करने वालों पर हो सख्त कार्रवाई: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम डॉ. वी.के. सिंह द्वारा कर-करेत्तर तथा राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक की गयी। डीएम द्वारा आबकारी, स्टाम्प डयूटी, वाणिज्य कर, प्रवर्तन, खनन, परिवहन, वानिकी, मंडी, नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत की कर करेत्तर की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया गया कि कर वसूली के संबंध में संबंधित अधिकारी रणनीतिक रूप से कार्यवाही करते हुये वसूली में प्रगति लाया जाना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग प्राप्त लक्ष्य के अनुसार प्रत्येक माह कर वसूली में औसत प्राप्ति को बनाये रखें। जिन विभागो की मासिक प्राप्ति में कमी आई है आवश्यक कार्यवाही करते हुये लक्ष्य को पूरा किया जाये। उन्होंने कहा कि कर वसूली व राजस्व प्राप्ति के कार्यों में सक्रियता के साथ कार्यवाही की जाये।

अपर जिलाधिकारी वित्त को निर्देशित किया गया कि कर वसूली की विभागीय स्तर पर साप्ताहिक समीक्षा करते हुये कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जीएसटी विभाग को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक माह जो नये उद्यमी व्यापारी आदि को टैक्स स्लैब में शामिल किया गया प्रत्येक माह उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी संबंधित विभाग कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों के संबंध में जो भी निर्देश दिये जाते है उसका शत्-प्रतिशत अनुपालन करते हुये अनुपालन आख्या प्रस्तुत करेंगे। खनन विभाग को निर्देशित किया गया कि जनपद में खनन माफियाओ पर लगातार निगरानी रखी जाये। अवैध खनन के मामलो पर सख्त कार्रवाई की जाये। राजस्व के अंतर्गत विभिन्न धाराओ में लंबित वादो का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतो को गंभीरता से लेते हुये गुणवत्तापरक व ससमय निस्तारित करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर एसडीएम सरधना दीक्षा जोशी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सत्य प्रकाश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट नवीन कुमार श्रीवास्तव, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जनशक्ति व्यापार समिति के बैनर पर तले एनएएस इंटर कॉलेज नाले की पुलिया पर अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए सभी मृतकों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई, और ईश्वर से प्रार्थना की गई मारे गए लोगों के परिवार जनों को भगवान इस भयंकर दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें, समिति के अध्यक्ष लोकेश चंद्रा ने कहा, हम भारत सरकार से अपील करते हैं हादसे का शिकार हुए विमान की जांच करके सही तत्व का पता लगाया जाए ताकि भविष्य में ऐसी फिर दुर्घटना ना हो। इस दौरान वंश कोठारी, उबेद आलम, सचिन लोधी, केशव लोधी, सजल, रिंकू शाही, सनी तोमर, अमरीश पुंडीर, हिमांशु लोधी आदि लोग मौजूद रहे।

# शाहजहांपुर के चेयरमैन की जमानत याचिका खारिज

■ 9 वर्ष पुराने मुकदमे में कोर्ट हुई सख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शाहजहांपुर के चेयरमैन व उनके एक भाई की जमानत याचिका पर मेरठ कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुनाया है। बताया जा रहा है कि कोर्ट ने चेयरमैन व उसके भाई की जमानत याचिका खारिज कर दी है। बता दें कि 2016 में हुए एक झगड़े में हमले के आरोप में वसी उर्र रहमान व उसके चार भाइयों सहित 10 लोगों पर वादी पक्ष की तरफ से थाना किठौर पर आईपीसी की धारा 307, 325, सहित कई अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में वसी उर्र रहमान के 2 भाई हिफजू रहमान तथा शहजर खान व 4 अन्य लोगों को पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद जेल भेज दिया था। तभी से कोर्ट में केस विचाराधीन है।

2016 से अब तक कोर्ट से कई बार चेयरमैन व उसके 2 अन्य भाइयों के गैर जमानती वारंट जारी किये जा चुके थे उसके बावजूद आरोपी 9 वर्ष तक पुलिस की पकड़ से दूर रहे। इस बीच वसी उर्र रहमान ने नगर पंचायत शाहजहांपुर का चुनाव भी जीता तथा नगर पंचायत कार्यालय में बोर्ड बैठक से लेकर अन्य सरकारी काम को भी बेखौफ होकर अंजाम दिया। आरोप है की मुकदमे में लगभग 22 बार एनबीडब्लू जारी हुए। वहीं चेयरमैन वसी ने पुन: 29 मई 2025 को अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरठ न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (ए.सी) कोर्ट संख्या 2 के समक्ष जमानत याचिका दायर की, जिसे लेकर कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई थी। लेकिन अभियोजन पक्ष अधिवक्ता की दलिलों को सुनने के बाद कोर्ट ने जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। ऐसे में चेयरमैन व उसके दो भाइयो की मुश्किलें बढ़ गई है।

## सुशासन की सरकार में आखिर किसके संरक्षण में है आरोपी चेयरमैन?

22 मई 2025 को मेरठ की एसीजे जेडी कोर्ट संख्या दो ने गैर जमानती वारंट जारी कर आरोपी वसी चेयरमैन, रजि, मुत्तालिब, को 13 जून तक गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश करने के निर्देश पुलिस को दिए थे, आरोप हैं की इसके उपरान्त रानी अहिल्याबाई की जयंती के अवसर पर क्षेत्रीय नेताओं के साथ नगर पंचायत कार्यालय में उपस्थित चेयरमैन वसी के फोटो नगर पंचायत कार्यालय के फेसबुक पेज से लोकेशन के साथ बीती 29 मई को साझा करके कानून व्यवस्था का मखोल उड़ाया गया। जबकि इसी मामले में आरोपी चेयरमैन पक्ष की ओर से 1 वर्ष पूर्व भी हाई कोर्ट इलाहाबाद में अग्रिम जमानत याचिका दायर की गई थी जिसे इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा निरस्त की जा चुकी है जिसमें न्यायालय इलाहाबाद ने आरोपियों को 30 दिन के अंदर संबंधित कोर्ट में पेश होकर रेगुलर बेल कराने तथा संबंधित कोर्ट को मामले में संज्ञान लेने का निर्देश दिया था।

# बहराइच प्रकरण पर भड़के विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विश्व हिंदू महासंघ भारत के प्रदेश मंत्री अमित भारद्वाज के नेतृत्व में एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा। जिसमें उनका कहना था कि 10 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बहराइच में एक कार्यक्रम में जाने वाले थे कार्यक्रम से एक दिन पहले स्थानीय ग्रामीणों द्वारा वहा के विधायक को सूचना दी गई जिसमें 500 ग्राम विस्फोटक से हमला होने की बात की उन्होंने कहा कि इसके बाद प्रशासन हरकत में आया लेकिन वह खुफिया और गोपनीय विभाग की विफलता का विरोध करते हैं कि इतने बड़े कार्यक्रम में जिसमें सीएम योगी आदित्यनाथ आने वाले हैं उसमें इस तरह की घटना कैसे घट गई। यह किसी राजनीतिक षड़यंत्र और जिहादी आतंकवादी षड्यंत्र का ही कार्य हो सकता है।

# आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने जताया दुख

## विमान हादसे में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि, कलक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आंगनवाड़ी वर्कर्स हेल्पर संगठन की प्रदेश अध्यक्ष सायमा जमीर के नेतृत्व में कार्यकात्रियों ने अहमदाबाद में हुए दुर्घटना विमान में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण करते हुए श्रद्धांजलि दी और मौन धारण करते हुए अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रट पहुंची। उन्होंने मांग की है कि आधार कार्ड सत्यापन लाभार्थियों में मोबाइल नंबर की सत्यापन का कार्य समस्त बहनों ने अनगिनत समस्याओं का सामना करते हुए पूर्ण किया है, जबकि अधिकतर आंगनवाड़ी कार्यकत्री की शैक्षिक योग्यता काफी कम है। ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क व्यवस्था सही नहीं है लाभार्थियों के परिवार से अधिकतर परिजन जैसे दादा-दादी आदि भी राशन लेने के लिए आते हैं ऐसी दशा में फोटो प्रमाणीकरण का कार्य नहीं किया जा सकता इसलिए वहां नेट का कार्य पूर्ण कराया जाए इसके अलावा उन्होंने कहा कि 90प्रतिशत लाभार्थियों के आधार कार्ड बहुत पहले या शादी से पहले बने हैं जिसके चलते चेहरे में बदलाव के कारण चेहरा प्रमाणीकरण नहीं हो पाता और उसमें काफी समय बर्बाद हो जाता है उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सुरक्षा भी दिलाई जाए।

# कबूतरबाजी मामले में पुलिस ने दो को भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम नारंगपुर व जिठौला के युवकों के बीच एक सप्ताह पूर्व कबूतर बाजी को लेकर मारपीट के मामले में थाना पुलिस ने एक मुख्य आरोपी सहित दो युवकों को पकड़कर जेल भेज दिया है। ग्राम नारंग. पुर निवासी हरिओम कबूतर उड़ता है पिछले सप्ताह उसका कबूतर ग्राम जिटौला निवासी हर्ष पुत्र नजमुद्दीन ने पकड़ लिया था जिसमें कहासुनी के बाद हरिओम अपने चचेरे भाई कुंवरपाल व अर्जुन के साथ हर्ष के ग्राम जिटौला में चला गया था जहां दोनों पक्षों में कहा सुनी के बाद मारपीट हो गई थी जिसमें हरिओम गंभीर रूप से घायल हो गया था।

# आईसीआईसीआई ने 900 करोड़ रुपए से ज्यादा दिए लोन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2024-25 में अपने ग्राहकों को ट्रेडिशनल पॉलिसीज के जरिए 900 करोड़ रुपए से ज्यादा के लोन दिए। चीफ ऑपरेशंस ऑफिसर अमीश बैंकर ने कहा, यह लोन अगेंस्ट पॉलिसी के बदले लोन की सुविधा ग्राहकों के लिए बहुत फायदेमंद रही, क्योंकि इससे उनकी लॉन्ग-टर्म सेविंग प्लान पर असर डाले बिना तत्काल फंड मिल सका। बताया कि इस दौरान कंपनी ने 42,700 से ज्यादा ग्राहकों को इस लोन की सुविधा दी। लाइफ इंश्योरेंस एक लॉन्ग-टर्म प्रोडक्ट है, और इस दौरान ग्राहकों को कभी-कभी फंड की जरूरत पड़ सकती है। ऐसी स्थिति में लोन अगेंस्ट पॉलिसी सुविधा से उनका सेविंग प्लान प्रभावित नहीं होता। खास बात यह है कि ग्राहक अपनी पॉलिसी की सरेंडर वैल्यू का 80 प्रतिशत तक लोन ले सकते हैं। पॉलिसी पर लोन लेने की प्रक्रिया पूरी तरह पेप. रलेस और तेज है। वित्त वर्ष 2024-25 में 98 प्रतिशत से ज्यादा लोन 24 घंटे के भीतर जारी किए गए।

# गंगागनर क्षेत्र में बंद पड़े मकान को चोरों ने खंगाला

■ सीसीटीवी में कैद हुई चोरों की करतूत, तलाश में जुटी गंगानगर पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** गंगा नगर क्षेत्र के राधा गार्डन शांति पार्क सी 301 निवासी अरविंद कुमार वर्मा का बंद मकान को चोरों ने इत्मीनान से खंगाला। सीसीटीवी में दिखाई दे रहा है कि चोर दीवार और गेट फांदकर अंदर दाखिल हुए और कमरों के दरवाजे तोड़ कर घर में रखा कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए। मकान के अंदर चोर लगभग आधा घंटे तक रहे। मकान मालिक अरविंद अपनी पत्नी के साथ अपने पुत्र नमन के पास जर्मनी गए थे। शाम को उन्होंने अपने घर की सीसीटीवी फुटेज देखी तो उन्हें चोरी का पता चला तो उन्होंने पड़ोस में रहने वालों को सूचना दी। सूचना के बाद थाना गंगा नगर पुलिस मौके पर पहुंची। पड़ोस में रहने वाले केएस माथुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना अध्यक्ष गंगानगर में बताया कि सीसीटीवी के आधार पर चोरों को पहचाना जा रहा है और शीघ्र ही चोरी करने वालो को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले लोगों को दी श्रद्धांजलि




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कस्बा शाहजहांपुर के लोगों ने सपा नेता मुमताज आलम के नेतृत्व में अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। शुक्रवार को देर शाम झंडा चौक पर एकत्रित होकर श्री मुमताज आलम ने कस्बे के लोगों के साथ कैंडल मार्च निकालकर विमान हादसे में अपने प्राण गवाने वाले मृतकों के परिवार जनों के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। मुमताज आलम ने कहा कि यह हमारे देश के लिए एक बेहद दुखद क्षण है हम सभी दिवंगत आत्माओं की शांति एंव परिवार जनों के दुख सहन करने लिए प्रार्थना करते हैं। इस मौके पर किसान नेता जावेद खान, जेब खान, राहत खान, फराज खा, शहजाद खा नानपुर, गुफरान खा, पप्पू खा, सोनू खा, तल्हा खा, भव्य नामदेव, दानिश खा, आबिद, शकील खां, मुकेश कुमार, शादाब अल्वी, जावेद रंगरेज आदि लोग उपस्थित रहे।

## खाद न मिलने पर हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर की नई मंडी में शुक्रवार को सैकड़ों किसानों ने हंगामा करते हुए खाद दिलाने की मांग की। खाद न मिलने पर किसानों में भारी नाराजगी जाहिर है। किसानों को आजकल यूरिया की बहुत जरूरत है मगर सरकार द्वारा ऊट के मुंह में जीरा की तरह यूरिया भेजा जा रहा है जिसे लेने के लिए मारामारी मची हुई है शुक्रवार को नगर की नई मंडी स्थित सरकारी दुकानों पर किसानों के यूरिया लेने के लिए सुबह से ही भीड़ जमा हो गई थी मगर किसानों को यूरिया सुचारू रूप से नहीं मिल सका जिससे किसानों में भारी हंगामा करते हुए रोष दिखाई दिया। एडीओ कृषि अजीत सिंह ने बताया कि क्रय विक्रय समिति पर एक ट्रक यूरिया आया था मगर माछरा व परीक्षितगढ़ ब्लॉक के सैकड़ो किसान यूरिया लेने पहुंच गए जो नाकाफी था इसलिए खतौनी व आधार कार्ड देने पर पांच-पांच कट्टे खाद वितरित किया गया।

# सहकारी समिति पर तीन माह से लटका ताला, किसानों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** सहकारी समिति पर पिछले तीन माह से ताला लटका हुआ है जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वहीं अब किसानों का समिति से मोह भंग हो रहा है। सरकार ने किसानों की सुविधा के लिए जगह-जगह सरकारी समितियां गठित कर रखी है जो किसानों को खाद बीज के साथ-साथ बैंक से रुपए दिलाने का काम भी करती है परीक्षितगढ़ सहकारी समिति पिछले एक साल से बीमार चल रही है यहां कुछ माह पूर्व एक सचिव तैनात किया गया था जो भारी अनियमिताओं के कारण निलंबित कर दिया गया तथा अस्थाई चार्ज वीडियो सहकारिता रणवीर सिंह को दे दिया गया। मगर उन्होंने एक दिन भी आकर समिति का ताला नहीं खोला जिससे किसानों को खाद बीज उपलब्ध नहीं हो रहा है। वहीं बैंक में रुपए जमा करने व निकलने मे भी कोई कर्मचारी ना होने कारण सहयोग नहीं हो पा रहा है। एआर दीपक कुमार ने बताया कि अब समिति में नए सचिव की नियुक्ति कर दी गई है तथा एक कर्मचारी भी लगा दिया गया है पहले सचिव को अनियमितताओं के चलते निलंबित कर दिया गया था जून से समिति नई जगह शिफ्ट कर दी जाएगी अब किसानों को पूरा सहयोग व खाद बीज उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं समिति के यूवा अध्यक्ष विक्की त्यागी ने बताया कि वह पिछले कई महीने से समिति को नई जगह शिफ्ट करने का प्रयास कर रहे थे मगर राजनीति के चलते समिति नहीं हटाई गई थी उनका उद्देश्य समिति को आगे बढ़ाने का है, नए सचिव आने पर कार्य सुचारू रूप शुरू हो जाएगा।

## सरूरपुर कोतवाली में खड़े लावारिस वाहनों की होगी नीलामी

**सरूरपुर।** कोतवाली में मुकदमे में शामिल वाहनों की नीलामी 16 जून को की जाएगी। कोर्ट के आदेश के बाद नीलामी की जा रही है। नीलाम वाहनों में 38 वाहनों को नीलाम किया जाएगा। थाना प्रभारी अजय शुक्ला ने बताया कि नीलामी की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। एसडीएम की निगरानी में वाहनों की नीलामी की जाएगी। इसमें पंजीकृत ठेकेदार ही भाग ले सकते हैं। नीलामी से पहले ही ठेकेदार को अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। नीलामी की प्रक्रिया खुली रहेगी।

# चेयरपर्सन ने एमआरएफ सेंटर का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** शुक्रवार को चेयरपर्सन हज्जन आफताब ने डूडा कालोनी के निकट स्थित एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण किया।

इस दौरान कुछ खामियां मिलने पर उन्होंने कर्मचारियों को दिशा निर्देश भी दिए। हज्जन आफताब ने बताया कि एमआरएफ सेंटर में कूड़े को अलग अलग किया जाता है जिसमें पॉलीथिन, रबड़, गत्ता, प्लास्टिक, लोहा आदि को अलग अलग किया जाता है। उन्होंने बताया कि सभी कैटेगिरी को अलग-अलग कर बाद में उनको नीलाम कराया जाता है जिससे नगर पंचायत को भी आमदनी होती है। इस दौरान चेयरपर्सन हज्जन आफताब के अलावा हाजी शकील कुरैशी व देवेंद्र कुमार मौजूद रहे।

# 2 जुलाई को लखनऊ में पार्टी संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल की जयंती में जायेंगे कार्यकर्ता

■ अहमदाबाद प्लेन क्रैश में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का रखा मौन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अपना दल (एस) के कार्यकर्ताओं की शुक्रवार को सुभाष नगर स्थित पार्टी कार्यालय पर बैठक हुई जिसमें 2 जुलाई को पार्टी संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल की जयंती की तैयारियों पर विचार विमर्श किया गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष मेरठ मंडल सुधीर पंवार एडवोकेट ने कहा कि 2 जुलाई को लखनऊ में पार्टी संस्थापक डॉक्टर सोनेलाल पटेल की जयंती भव्य रूप से मनाई जाएगी। जयंती समारोह की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल होंगी। कार्यकर्ताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि 2 जुलाई को लखनऊ में आयोजित जयंती समारोह में अधिक से अधिक संख्या में लोग चलें इसके लिए हमें जनसंपर्क और चौपाल बैठकें आयोजित करनी होगी। बैठक के बाद अहमदाबाद प्लेन क्रैश की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष सुधीर पंवार, प्रदेश महासचिव सहकारिता वीरेंद्र चौधरी, प्रदेश महासचिव व्यापार मंच सुनील गुप्ता, जिला महासचिव बलीचंद पाल, जिला कोषाध्यक्ष पवन वर्मा, दक्षिण अध्यक्ष फौलाद कुरेशी, कैंट अध्यक्ष चतरसेन, नवीन गोयल, बबीता, प्रणव गोयल आदि मौजूद रहे।

# सीसीएस विश्वविद्यालय में योग जागरूक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के योग विज्ञान विभाग द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग जागरूक कार्यक्रम चल रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत कमलेश त्यागी, राजेंद्र, पूनम, कृष्ण कुमार, संजय कुमार सिंह, गुंजन, रीता ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किस कार्यक्रम में बताया कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है। आज एलोपैथिक डॉक्टर भी आहार विहार योग और आयुर्वेद की बात कर रहे हैं। योग पर नई-नई रिसर्च हो रही है। वे विद्वान और सेलिब्रिटी बन रहे हैं और मेडिकल लाइन में सम्मान प्राप्त कर रहे हैं। आधुनिक चिकित्सा पद्धति के डॉक्टरों का भी मत है कि प्रत्येक दिन योग करें उससे वैलनेस प्राप्त होती है। आप स्वस्थ रहते हैं तो इलनेस नहीं होगी इलनेस नहीं होगी तो आपको किसी पैथी की आवश्यकता नहीं होगी। इसके लिए आप इसी प्रकार नित्य योग करते रहें। आचार्य अमरपाल ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ मंडूकासन, पश्चिमोत्तानासन, सूर्य नमस्कार, नाड़ीशोध आदि योग अभ्यास कराऐ। कार्यक्रम का संच. ालन राखी सिंह ने किया। कार्यक्रम के अंत में अहमदाबाद हवाई दुर्घटना पर 2 मिनट का मोन रखा गया और शांति पाठ किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर कृष्णकांत शर्मा, प्रोफेसर वैशाली पाटील, डॉक्टर धर्मेंद्र, डॉ. संतोष, कमल शर्मा, अभिषेक, अवनीश पधान, अरुण आदि उपस्थित रहे।

## पुरानी रंजिश के चलते तीन लोगों ने ग्रामीण को मारा-पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** पुरानी रंजिश के चलते तीन लोगों ने ग्रामीण को घेरकर मारा-पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। थाना शेरगढ़ क्षेत्र के ग्राम सिसौना निवासी सुंदर लाल पुत्र आसेराम गांव में अपने खेत पर जा रहा था, तभी रास्ते में गांव के महेंद्र पाल, सतेंद्र और अरबिंद ने उसे घेर लिया, और लाठी-डंडों से उसे बुरी तरह मारा-पीटा। चीख-पुकार होने पर आसपास खेतों पर काम कर रहे लोग आ गए, तभी हमलावर उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। घायल युवक सुंदर लाल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

# एयर इंडिया विमान हादसे के मृतकों को टीम इंडिया ने दी श्रद्धांजलि

● मैच में शामिल खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य काली पट्टी बांधकर मैदान पर उतरे



**कैंट, वार्ता।** इंग्लैंड दौरे पर गई भारतीय टीम ने एयर इंडिया विमान हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और एक मिनट का मौन भी रखा। गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या-एएल171 उड़ान भरने के तुरंत बाद क्रैश हो गई थी। एयर इंडिया का विमान गुरुवार दोपहर 13:38 बजे टेकआफ हुआ था। एयर इंडिया के मुताबिक बोइंग 787-8 माडल के इस विमान में 242 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। यात्रियों में 169 भारतीय नागरिकों समेत ब्रिटेन, पुर्तगाल और कनाडा के नागरिक शामिल थे। इस भीषण हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी समेत कुल 266 लोगों की मौत हुई है। इनमें 241 लोग विमान में सफर कर रहे थे। बाकी हताहत लोग विमान के क्रैश होते समय मेघाणीनगर में घटनास्थल पर मौजूद थे। इस हादसे पर क्रिकेट समुदाय ने भी दुख व्यक्त किया था। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच से पूर्व शुक्रवार से भारत ए के खिलाफ इंट्रा स्क्वाड मैच खेल रही है। मुकाबला शुरू होने से पहले टीम के खिलाड़ियों और सदस्यों ने अहमदाबाद एयर इंडिया विमान हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, बेकेनहैम में हो रहे इंट्रा-स्क्वाड मैच में शामिल खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य काली पटी बांधकर उतरे। अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि और पीड़ित परिवारों के प्रति एकजुटता के प्रतीक के रूप में आज एक मिनट का मौन भी रखा गया। भारतीय टीम 20 जून से शुरू हो रहे पहले टेस्ट मैच से पहले भारत ए के खिलाफ इंट्रा स्क्वाड मैच खेल रही है। इस दौरान जहां टीम की कोशिश तैयारियों को अंतिम रूप देने पर रहेगी।

## एंडरसन 11 साल बाद टी-20 के लिए मैदान पर

**लंदन, वार्ता।** लंकाशायर टी-20 कप्तान कीटन जेनिंग्स ने कहा कि काउंटी खेल के सबसे छोटे प्रारूप में जेम्स एंडरसन के कौशल का इस्तेमाल करना अद्भुत है।

एंडरसन ने लंकाशायर के लिए पिछले तीन टी-20 मैच खेले हैं। 2014 के बाद से वह पहली बार टी-20 क्रिकेट खेल रहे हैं। 42 वर्षीय एंडरसन ने इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा 704 टेस्ट विकेट लिए है। जेनिंग्स ने बीबीसी रेडियो लंकाशायर से कहा कि जब आपके पास ड्रेसिंग रूम में ऐसा कोई खिलाड़ी हो, तो उसके दिमाग और उसकी विशेषज्ञता का इस्तेमाल न करना बहुत मूर्खतापूर्ण है। उनका साथ होना अद्भुत है। प्रत्येक मैच में एंडरसन ने पावरप्ले में तीन ओवर फेंके हैं, जो कि पावरप्ले में बदलाव करने की आधुनिक रणनीति के विपरीत है।

# मार्को जेनसन में सर्वश्रेष्ठ आलराउंडर बनने की सभी खूबियां: रिकी पोंटिंग



● मार्को जेनसन क्रिकेट के सबसे लंबे खिलाड़ियों में से एक है और उनकी प्रतिभा भी उतनी ही अलग है

**लंदन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के युवा गेंदबाज मार्को जेनसन का भविष्य उज्जवल है और वह भविष्य में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट आलराउंडर बन सकते हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मार्को जेनसन को कोचिंग देने के दौरान पोंटिंग ने जेनसन की खूबियों को नजदीक से देखा।

आईसीसी हॉल ऑफ फेमर रिकी पोंटिंग ने कहा कि मार्को जेनसन क्रिकेट के सबसे लंबे खिलाड़ियों में से एक हैं, लेकिन उनकी प्रतिभा भी उतनी ही अलग है। उन्होंने प्रोटियाज के लिए शुरुआत में शानदार प्रदर्शन किया, कैगिसो रबाडा के साथ मिलकर एक शानदार तेज गेंदबाजी जोड़ी बनाई, जिसने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम पर कहर बरपाया। रबाडा ने लॉर्ड्स में एक और पांच विकेट लेकर अधिक तारीफ बटोरी, लेकिन जेनसन की गेंदबाजी भी उतनी ही प्रभावशाली रही। बाएं हाथ के इस गेंदबाज ने 14 ओवर में 49 रन देकर 3 विकेट लिए और उनके विकेटों में मार्नस लैबुशेन और ट्रैविस हेड शामिल थे। दूसरे दिन फील्डिंग करते समय उंगली में चोट लगने के कारण उनका दिन खराब हो गया था, हालांकि इसके तुरंत बाद गेंदबाजी क्रीज पर वापस आकर उन्होंने साबित कर दिया कि वे बेखौफ हैं और मार्नस लाबुशेन को 22 रन पर आउट कर दिया। जेनसन अभी सिर्फ 25 साल के हैं। 2025 के आईपीएल में जेनसन ने पंजाब किंग्स के साथ अपना खेल दिखाया, लगातार सफल विकेट लिए और कभी-कभी महत्वपूर्ण रन भी बनाए। भारत में उनके घरेलू अभियान ने क्रिकेट के दिग्गज रिकी पोंटिंग को ऑलराउंडर के बारे में करीब से जानने का मौका दिया और पोंटिंग को इस बात पर आश्चर्य नहीं है कि लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका की शानदार प्रतिभा ने अपनी अलग पहचान बनाई है। डब्ल्यूटीसी फाइनल के पहले दिन के बाद उन्होंने आईसीसी डिजिटल से कहा कि वह काफी शांत स्वभाव के हैं। कुछ भी उन्हें बहुत प्रभावित नहीं करता। चाहे उनका दिन अच्छा रहा हो या बुरा, वह हमेशा एक जैसे ही रहते हैं। जिस तरह से वह खेल के बारे में सोचते हैं या जिस तरह से वह ड्रेसिंग रूम में रहते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि अधिकांश दक्षिण अफ्रीकियों की तरह, आप देख सकते हैं कि उनके अंदर एक बेहद प्रतिस्पर्धी भावना है और एक बार जब वह मैदान पर उतरते हैं, तो खेल शुरू हो जाता है। जेनसन ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के निर्णायक मैच से पहले आईसीसी डिजिटल से कहा कि मैंने उनसे (पोंटिंग) से बहुत कुछ सीखा है। खास तौर पर मानसिक दृष्टिकोण से। वह हमेशा सकारात्मक रहते है, वह हमेशा बुरी चीजों के बजाय अच्छी चीजों को देखने की कोशिश करते है। मुझे लगता है कि यही कारण है कि वह खेल का एक दिग्गज है। पोंटिंग को उम्मीद है कि जैनसन अगले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में अपने खेल को और भी ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

# इंदौर, जयपुर में व्हाइट बॉल सीरीज खेलेगी न्यूजीलैंड

● टी-20 विश्वकप से पहले भारत से 8 मैच, हैदराबाद, गुवाहाटी में भी होंगे मुकाबले

**नई दिल्ली, वार्ता।** न्यूजीलैंड और भारत के बीच अगले साल 8 व्हाइट बाल मैचों के वेन्यू शार्टलिस्ट हुए हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट मुताबिक, जयपुर, इंदौर, मोहाली, राजकोट, गुवाहाटी, हैदराबाद, त्रिवेंद्रम और नागुपर शार्टलिस्ट हुए वेन्यू में शामिल हैं।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच अगले साल जनवरी में टी-20 वर्ल्ड कप से पहले सीरीज खेली जानी है। 8 टाप वेन्यूज के अलावा भी कुछ मैदानों को रेस में रखा गया है। 3 वनडे और 5 टी-20 होंगे टीम इंडिया अगले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ जनवरी में 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज खेलेगी। सीरीज भारत के बिजी कैलेंडर का हिस्सा है, जिसमें टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट, ऑस्ट्रेलिया में व्हाइट बाल सीरीज और साउथ अफ्रीका से तीनों फार्मेट की सीरीज खेलनी है। इंदौर के होलकर स्टेडियम को भी न्यूजीलैंड सीरीज के लिए शार्टलिस्ट किया गया है। 14 जून को तय होंगे वेन्यू बीसीसीआई एपेक्स काउंसिल की मीटिंग 14 जून को शाम 4 बजे से आनलाइन होगी। मीटिंग में ही न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के वेन्यू फाइनल होंगे। इसी मीटिंग में आईपीएल विक्ट्री सेलिब्रेशन को लेकर गाइडलाइन भी लागू की जाएगी। साथ ही घरेलू क्रिकेट का शेडयूल और उम्र वेरिफिकेशन के लिए नई प्रोसेस भी लागू होगी। वेस्टइंडीज टेस्ट से शुरू होगा होम कैलेंडर टीम इंडिया फिलहाल इंग्लैंड में 5 टेस्ट की सीरीज खेलने गई है। वहां से लौटने के बाद टीम को बांग्लादेश में सीरीज और एशिया कप खेलना है। इसके बाद अक्टूबर में टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद और नई दिल्ली में 2 टेस्ट की सीरीज खेलेगी। टीम इंडिया फिर ऑस्ट्रेलिया में 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज खेलने जाएगी। मुकाबले 19 अक्टूबर से 8 नवंबर के बीच खेले जाएंगे। टीम फिर घरेलू मैदान पर साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2 टेस्ट, 3 वनडे और 4 टी-20 खेलेगी। न्यूजीलैंड सीरीज के बाद फरवरी में वर्ल्ड कप न्यूजीलैंड के खिलाफ 8 व्हाइट बाल मैचों के बाद फरवरी में टी-20 वर्ल्ड कप शुरू हो जाएगा। जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका को मिली है।

## बिग बैश में सिक्सर्स के लिए खेलेंगे बाबर

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान के बल्लेबाज बाबर आज़म को अगले सप्ताह के प्लेयर ड्राफ्ट से पहले सिडनी सिक्सर्स ने अनुबंधित किया है जिसके बाद वह पहली बार बिग बैश में खेलेंगे। पूर्व पाकिस्तानी कप्तान, टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। 30 वर्षीय बाबर ने 320 टी20 मैच खेले हैं, और हाल ही में पाकिस्तान सुपर लीग में पेशावर ज़ालमी के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ़ पाकिस्तान की हालिया टी20 सीरीज़ के लिए नहीं चुना गया था। बाबर ने कहा कि दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टी20 लीगों में से एक में खेलना और इतनी सफल और सम्मानित फ्रैंचाइज़ी का हिस्सा बनना एक रोमांचक अवसर है। सिक्सर्स 2024-25 सीज़न में दूसरे स्थान पर रहे, लेकिन प्ले-ऑफ़ में लगातार हार का सामना करना पड़ा।

## हमारे पास जीतने का शानदार मौका है: डेविड बेडिंघम

**लंदन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड बेडिंघम का मानना है कि उनके पास लॉर्ड्स में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल जीतने का शानदार मौका है। उन्होने दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद गुरुवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका इतिहास रचने के करीब है और टीम चौथी पारी में लक्ष्य का पीछा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। ऑस्ट्रेलिया ने अब तक 218 रनों की बढ़त बना ली है और उसके पास सिर्फ दो विकेट बचे हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी 74 रनों की बढ़त के साथ शुरू की थी, लेकिन लुंगी एनगिडी (3/35) और कैगिसो रबाडा (3/44) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत टीम के सात बल्लेबाज स्कोर में मात्र 73 रन जोड़ सके। एलेक्स कैरी की शानदार 43 रनों की पारी ने टीम को संभाला जिसके चलते ऑस्ट्रेलिया ने आठ विकेट पर 144 रन बनाए हैं। दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी की तुलना में बेहतर बल्लेबाजी करनी होगी। पहली पारी में दूसरे दिन सुबह 43 रन पर चार विकेट से आगे खेलते हुये पूरी टीम 138 रन पर सिमट गयी थी। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने छह विकेट लिए, जिसमें उनके टेस्ट करियर का 300वां विकेट भी शामिल है।

# नीदरलैंड ने हासिल किया वनडे इतिहास का तीसरा बड़ा रन चेज




● 369 के जवाब में नीदरलैंड ने चार गेंद शेष रहते हुए 6 विकेट पर 374 रन बनाकर मैच जीता

**नई दिल्ली, वार्ता।** सलामी बल्लेबाज मैक्स ओ डोड की नाबाद 158 रनों की पारी के दम पर नीदरलैंड्स ने आईसीसी विश्व कप लीग टू 2023-27 के मुकाबले में स्काटलैंड को चार विकेट से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। स्काटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जार्ज मुंसे के 191 रनों की पारी की मदद से 50 ओवर में छह विकेट पर 369 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड ने चार गेंद शेष रहते हुए छह विकेट पर 374 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

यह वनडे इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा रन चेज है। वनडे में सबसे बड़ा रन चेज करने का रिकार्ड दक्षिण अफ्रीका के नाम है जिसने 2006 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ विकेट पर 438 रन बनाए थे। इस सूची में दूसरे स्थान पर भी दक्षिण अफ्रीका ही है। अब इस लिस्ट में नीदरलैंड का नाम भी जुड़ गया है और उसने भारत और इंग्लैंड जैसे देशों को पीछे छोड़ दिया है। स्काटलैंड ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। स्काटलैंड के लिए मुंसे ने 150 गेंदों पर 14 चौकों और 11 छक्कों की मदद से 191 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान मैथ्यू क्रास ने 59 रन बनाए। स्काटलैंड ने इस तरह नीदरलैंड्स के सामने बड़ा लक्ष्य रखा। जवाब में नीदरलैंड के लिए ओ डोड 130 गेंदों पर 12 चौकों और चार छक्कों की मदद से 158 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्होंने टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। यह नीदरलैंड की इस प्रारूप में सबसे बड़ी जीत है। ओ डोड के अलावा तेजा निदामानुरु ने 51 और नोह क्रोएस 50 ने रनों का योगदान दिया।

## भारतीय हेड कोच गौतम गंभीर इंग्लैंड से भारत लौटे

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर इंग्लैंड से भारत लौट आए हैं। गंभीर फैमिली इमरजेंसी के कारण इंग्लैंड से भारत लौटे हैं। भारतीय टीम फिलहाल इंग्लैंड दौरे पर है। टीम को वहां पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। गंभीर टीम के बाकी खिलाड़ियों के साथ 6 जून को इंग्लैंड रवाना हुए थे। लीड्स में 20 जून को खेला जाएगा पहला टेस्ट भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में शुरू होगा, जबकि अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है। ऐसे में टीम की नजर सीरीज जीतने पर होगी। इंग्लैंड दौरे के लिए 18 मेंबर्स वाली भारतीय टीम शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, ऋषभ पंत (उपकप्तान), ध्रुव जुरेल, नीतीश रेड्डी, शार्दूल ठाकुर, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

# मेहंदी हसन मिराज बांग्लादेश के वनडे कप्तान नियुक्त

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज को वनडे टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है। 27 वर्षीय मिराज अगले 12 महीनों तक टीम की कमान संभालेंगे।

मिराज ने नजमुल हुसैन शांतो की जगह ली है और वह अगले महीने श्रीलंका में बांग्लादेश की आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के दौरान आधिकारिक तौर पर अपना कार्यकाल शुरू करेंगे। कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद मेहदी हसन मिराज ने अपनी नियुक्ति पर खुशी जताई। मिराज ने कहा कि राष्ट्रीय टीम की कप्तानी करना एक सपने के सच होने जैसा है। बोर्ड ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उससे मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह मेरे और मेरे परिवार के लिए गर्व का क्षण है। मुझे इस टीम पर पूरा भरोसा है। हमारे पास निडर क्रिकेट खेलने का कौशल और मानसिकता है। मैं चाहता हूं कि हम आत्मविश्वास से भरे रहें, प्रतिबद्ध रहें और देश के लिए दिल से खेलते रहें। ऑफ-स्पिनिंग ऑलराउंडर ने इससे पहले शंटो की अनुपस्थिति में चार वनडे मैचों में बांग्लादेश की कप्तानी की है। 105 वनडे मैचों में 1617 रन और 110 विकेट के साथ, मिराज वर्तमान में आईसीसी रैंकिंग में वनडे ऑलराउंडरों में चौथे स्थान पर हैं। वह मोहम्मद रफीक, मशरफे मुर्तजा और शाकिब अल हसन के साथ बांग्लादेशी क्रिकेटरों के एक विशेष समूह का भी हिस्सा हैं, जिन्होंने इस प्रारूप में 1000 रन और 100 विकेट पूरे किए हैं। इससे पहले, ऑलराउंडर को अगले महीने श्रीलंका में होने वाले अगले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र के अपने पहले असाइनमेंट के लिए बांग्लादेश की टेस्ट टीम में उप-कप्तान के रूप में नामित किया गया था। बीसीबी क्रिकेट संचालन समिति के अध्यक्ष नजमुल अबेदीन ने उन्हें पुरस्कृत करने के निर्णय के पीछे ऑलराउंडर की निरंतरता की ओर इशारा किया।

उन्होंने कहा कि मिराज ने बल्ले और गेंद दोनों से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और टीम में जुझारू भावना और संक्रामक ऊर्जा लेकर आए हैं। उनके प्रदर्शन, नेतृत्व के गुण और समग्र परिपक्वता उन्हें हमारी वनडे टीम का मार्गदर्शन करने के लिए एक उपयुक्त विकल्प बनाती है। अबेदीन ने कहा कि हम शांतो द्वारा अपनी कप्तानी के दौरान दिखाई गई सकारात्मकता और चरित्र के लिए आभारी हैं। वह हमारे नेतृत्व समूह का एक अभिन्न अंग और बल्लेबाजी इकाई में एक प्रमुख व्यक्ति बने हुए हैं।

# मिशेल स्टार्क ने दिखाया दम ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में बनाए 207 रन

● ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 282 रना का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया




**लंदन, वार्ता।** मिशेल स्टार्क (58 नाबाद) और जोश हेजलवुड (17) के साथ 59 रन की महत्वपूर्ण साझीदारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के तीसरे दिन शुक्रवार को अपनी दूसरी पारी 207 रन पर समाप्त की और पहली पारी की लीड को जोड़ने के बाद दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 282 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। लार्डस की पिच पर आज सुबह आठ विकेट पर 144 रन से आगे खेलने मैदान पर उतरे स्टार्क और नाथन लियोन की जोड़ी को कैगिसो रबाडा ने जल्द ही तोड़ दिया जब लियोन अपने दो रन के निजी स्कोर पर पगबाधा करार दिये गए। उस समय लग रहा था कि ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी जल्द ही सिमट जायेगी मगर नये बल्लेबाज हेजलवुड के साथ स्टार्क ने मैदान पर रंग जमाया और दोनो ने दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों का संयम से सामना करते हुये टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचा दिया। भोजनावकाश से ठीक पहले हेजलवुड एडन मारक्रम का शिकार बन गए। पवेलियन में अविजित लौटे स्टार्क ने अपनी अर्द्धशतकीय नाबाद पारी में 136 गेंदो का सामना किया और पांच बार गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया। दक्षिण अफ्रीका के लिए रबाडा ने सर्वाधिक चार विकेट चटकाये। पहली बार टेस्ट चैंपियन बनने के लिए दक्षिण अफ्रीका को अब 282 रनो के लक्ष्य को भेदना होगा।

# कौर ने 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन में जीता कांस्य पदक

**म्यूनिख, वार्ता।** भारत की राइफल शूटर सिफ्ट कौर समरा ने आईएसएसएफ विश्व कप 2025 में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपनी उपलब्धियों में एक और इजाफा किया। 23 वर्षीय शूटर ने इससे पहले 2022 एशियाई खेलों में विश्व रिकॉर्ड के साथ इतिहास रचा था। उन्होने फाइनल के दौरान दृढ़ता का परिचय दिया और 453-1 अंक हासिल कर आठ महिलाओं के बीच उच्च दबाव वाले मुकाबले में तीसरा स्थान हासिल किया। नीलिंग और प्रोन राउंड के बाद लीडरबोर्ड के बीच में होने के बावजूद, समरा ने स्टैंडिंग सीरीज़ में जबरदस्त धैर्य और निरंतरता दिखाई। अच्छी तरह से समयबद्ध 10 की उनकी श्रृंखला ने उन्हें रैंकिंग में ऊपर पहुंचा दिया।4 वे स्विट्जरलैंड की रजत पदक विजेता एमिली जैगी (464-8) से केवल 0-9 अंक पीछे रहीं। नॉर्वे की दो बार की ओलंपियन जीनेट हेग ड्यूस्टैड ने स्वर्ण पदक जीता, जिन्होंने 466-9 का शानदार स्कोर बनाया। इस साल विश्व कप प्रतियोगिता में यह समरा का दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने ब्यूनस आयर्स में इसी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था और पिछले साल म्यूनिख में भी कांस्य पदक जीता था। इससे पहले क्वालीफिकेशन राउंड में समरा 592 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रही थीं। साथी भारतीय आशी चौकसे (589) और अंजुम (586) क्रमश: 11वें और 27वें स्थान पर रहीं और फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहीं।

## कमिंस 300 विकेट हासिल करने वाले गेंदबाजों के क्लब में शामिल

**लार्डस, वार्ता।** क्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फ़ाइनल मैच के दूसरे दिन छह विकेट झटक कर ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने अपना नाम करियर में 300 विकेट हासिल करने वाले गेंदबाजों की फेहरिस्त में शामिल कर लिया। कमिंस ने 18-1 ओवरों में 28 रन देकर छह दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों को पवेलियन पहुंचाया विकेट चटकाए। कमिंस टेस्ट में 300 विकेट हासिल करने वाले 40वें गेंदबाज़ हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए यह कारनामा करने वाले वह आठवें गेंदबाज़ हैं। तेज़ गेंदबाज़ों की अगर बात करें तो वह 300 विकेट हासिल करने वाले 30वें और ऑस्ट्रेलिया के लिए छठे गेंदबाज़ हैं। वह गेंदों के लिहाज़ से 300 विकेट तक पहुंचने वाले पांचवें सबसे तेज़ गेंदबाज़ हैं। उन्होंने 300 विकेट के आंकड़े तक पहुंचने के लिए 13,725 गेंदें ली। इस तालिका में दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा शीर्ष पर है जिन्होने 300 विकेट की उपलब्धि 11817 गेंद खर्च कर हासिल किये थे। कमिंस ने सबसे तेज़ 300 विकेट पूरे करने वाले संयुक्त रूप से 10वां गेंदबाज़ बनते हुए इमरान खान की बराबरी कर ली। दोनों ने 68 टेस्ट मैच में यह उपलब्धि हासिल की। कमिंस ने ऑस्ट्रेलिया की जीत में इस मैच से पहले कुल 184 विकेट लिए थे। जेसन गिलेस्पी, मिचेल जॉनसन, डेनिस लिली, ब्रेट ली, मिचेल स्टार्क और ग्लेन मैक्ग्रा उनसे इस मामले में आगे हैं लेकिन इन में से किसी भी गेंदबाज़ की औसत कमिंस के 18-09 की औसत से बेहतर नहीं है।

# शांति की पहल को धक्का

आखिर वही हुआ जिसकी आशंका काफी समय से व्यक्त की जा रही थी। ईरान को किसी भी हाल में परमाणु न बनाने देने की अपनी मुहिम के चलते इजरायल ने शुक्रवार की सुबह ईरान पर 200 फाइटर जेटों के साथ धावा बोल दिया। इस हमले में ईरान के सेना प्रमुख स्पेशल फॉर्स के चीफ दो बड़े परमाणु वैज्ञानिक समेत पांच बड़े अफसर मारे गए। हमले के बाद भी इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने वही अपनी पुरानी बात दोहराई और कहा कि ईरान परमाणु बम तैयार करने वाला था इस पर हमला किया गया।

इजरायली सेना ने यह भी दावा किया कि इरान के पास 15 परमाणु बम बनाने लायक यूरेनियम है। जाहिर है जिस तरह ईरान के सेना प्रमुख व वैज्ञानिक मारे गए, जाहिर है उसके निशाने पर न्यूक्लियर प्लांट्स और बड़े मिल्ट्री अफसरों के रेजिडेंशियल कॉम्पलैक्स थे। इजरायल अपने इन हमलों को बेहद सफल बता रहा है और दावा कर रहा है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम अब काफी पीछे धकेल दिया गया है। यूं तो ईरान ने भी पलटवार किया और सौ विस्फोटक ड्रोनों से इजरायल पर हमला बोला, लेकिन इजरायल का दावा है कि उसने अपने मजबूत डिफेंस के चलते इन हमलों को नाकाम कर दिया। जैसाकि हमने पहले ही कहा कि इन हमलों की पहले से ही आशंका थी, लेकिन हाल-फिल्हाल ऐसा नहीं लग रहा था, उसका कारण भी था, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के साथ चल रही न्यूक्लियर वार्ता को लेकर काफी आशान्वित दिखाई दे रहे थे। ऐसी भी खबरें आ रही थीं कि इजरायल तो ईरान पर हमला करने के लिए हर समय तैयार है लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति उसे ऐसा न करने के लिए मना कर रहे हैं। इसलिए ऐसा मानने के लिए अच्छे भले कारण हैं कि डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को वार्ता की गफलत में डालकर इजरायल से हमला करवा दिया। थोड़ी सी नानुकुर के बाद अब तो अमेरिकी राष्ट्रपति ने स्वीकार कर लिया कि इजरायल ने जो ईरान पर हमला किया है उसे उसकी पूरी तरह जानकारी थी। इतना ही नहीं उन्होंने ईरान को चेतावनीभरे अंदाज में कहा भी कि अगर वह कठोर कार्रवाई से बचना चाहता है, तो वह अपना परमाणु कार्यक्रम छोड़ने के लिए जितनी जल्दी तैयार हो जाए वह उसके लिए बेहतर है। जहां तक बात ईरान की है, ईरान जरा भी पीछे हटने के संकेत नहीं दे रहा है और उसने साफ कर दिया है कि वह इजरायल के साथ युद्ध में अब किसी भी सीमा तक जाएगा और इजरायल पर हुए हमले का पूरी ताकत से जवाब देगा। इस बीच इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भारत के पीएम मोदी से फोन पर बात भी की है। मोदी जी ने स्वयं अपने एक्स पर कहा है कि भारत ने ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव को लेकर चिंता व्यक्त की है और मतभेदों को वार्ता के जरिये सुलझाने की सलाह दी है। अभी यह कहना मुश्किल है कि यहां से बिगड़ी स्थिति किधर जाएगी, लेकिन इतना तो कहना ही पड़ेगा कि दिन-प्रतिदिन हालात अब बिगड़ते जा रहे हैं और कहीं से भी शांति की पहल होती दिखाई नहीं दे रही है। अगर ईरान बड़ा हमला इजरायल पर करता है तो निश्चित रूप से स्थिति काफी भयावह हो सकती है।

## दोहरे मानदंडों का खतरनाक प्रदर्शन



जहां तक उन्हें पता है, ईरान ने इजरायल को हमला करने के लिए कोई उकसावे की कार्रवाई नहीं की है, इजरायल ने इसे पूर्व प्रतिरोधी हमला बताते हुए एक देश के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया, यह दोहरे मानदंडों का खतरनाक प्रदर्शन है, अगर वैश्विक शक्तियां इस पर चुप रहती हैं, तो वास्तव में यह दुर्भाग्यपूर्ण होगा, इजरायल ने जो किया है, वह रूस द्वारा यूक्रेन के साथ किए गए कार्यों के समान है, आप रूस के खिलाफ आवाज उठाते हैं, अभियान शुरू करते हैं, लेकिन जब इजरायल ईरान पर हमला करता है, तो अमेरिका, यूरोप और अन्य चुप रहते हैं, अगर एक देश का दूसरे पर हमला करना गलत है, तो ये तब भी गलत होना चाहिए, जब इजरायल ईरान पर हमला करता है।

**-उमर अब्दुल्ला, मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर**

# रक्त की हर बूंद में छिपी होती है किसी घर की मुस्कान





योगेश कुमार गोयल

रक्तदान को पूरी दुनिया में सबसे बड़ा दान माना गया है क्योंकि रक्तदान ही है, जो न केवल किसी जरूरतमंद का जीवन बचाता है बल्कि जिंदगी बचाकर उस परिवार के जीवन में खुशियों के ढेरों रंग भी भरता है। कल्पना कीजिए कि कोई व्यक्ति रक्त के अभाव में जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहा है और आप एकाएक उम्मीद की किरण बनकर सामने आते हैं और आपके द्वारा किए गए रक्तदान से उसकी जिंदगी बच जाती है तो आपको कितनी खुशी होगी। हालांकि एक समय था, जब चिकित्सा विज्ञान इतना विकसित नहीं था और किसी को पता ही नहीं था कि किसी दूसरे व्यक्ति का रक्त चढ़ाकर किसी मरीज का जीवन बचाया जा सकता है। उस समय रक्त के अभाव में असमय होने वाली मौतों का आंकड़ा बहुत ज्यादा था किन्तु अब स्थिति बिल्कुल अलग है लेकिन फिर भी यह विड़म्बना ही कही जाएगी कि रक्तदान के महत्व को जानते-समझते हुए भी रक्त के अभाव में आज भी दुनियाभर में हर साल करोड़ों लोग असमय ही काल के ग्रास बन जाते हैं, जिनमें अकेले भारत में ही रक्त की कमी के चलते होने वाली ऐसी मौतों की संख्या करीब बीस लाख होती है क्योंकि देश में प्रतिवर्ष करीब पच्चीस लाख यूनिट रक्त की कमी रह जाती है।

दरअसल रक्तदान के महत्व को लेकर किए जाते रहे प्रचार-प्रसार के बावजूद आज भी बहुत से लोगों के दिलोदिमाग में रक्तदान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान हैं, जैसे रक्तदान करने से संक्रमण का खतरा रहता है, शरीर में कमजोरी आती है, बीमारियां शरीर को जकड़ सकती हैं या एचआईवी जैसी बीमारी हो सकती है।

इस तरह की भ्रांतियों को लेकर लोगों को जागरूक करने के प्रयास किए जाते रहे हैं किन्तु अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी है। रक्तदान करने से शरीर को किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं होता बल्कि रक्तदान से तो शरीर को कई फायदे ही होते हैं। जहां तक रक्तदान से संक्रमण की बात है तो सभी स्वास्थ्य केन्द्रों द्वारा रक्त लेते समय विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तय मानक तरीके अपनाए जाते हैं, इसलिए संक्रमण का कोई खतरा नहीं होता। 18 साल से अधिक उम्र का शारीरिक रूप से स्वस्थ कम से कम 45 किलो से अधिक वजन का कोई भी व्यस्क स्वेच्छा से कम से कम तीन माह के अंतराल पर साल में 3-4 बार रक्तदान कर सकता है। कुछ लोगों को रक्तदान के समय हल्की कमजोरी का अहसास हो सकता है किन्तु यह चंद घंटों के लिए अस्थाई ही होता है। इसके उलट रक्तदान के फायदों की चर्चा करें तो रक्तदान करते रहने से खून की प्राकृतिक रूप से सफाई होती है और रक्त कुछ पतला हो जाने से खून में थक्के नहीं जमते, जिससे हार्ट अटैक की संभावना बेहद कम हो जाती है। रक्तदान के बाद शरीर में जो नए ब्लड सेल्स बनते हैं, उनमें किसी भी बीमारी से लड़ने की अपेक्षाकृत अधिक ताकत होती है और यह स्वच्छ व ताजा रक्त शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मददगार होता है, जिससे न सिर्फ कोलेस्ट्रॉल और रक्तचाप नियंत्रित रहता है बल्कि कैंसर जैसी बड़ी बीमारियों से बचाव, कुछ हद तक मोटापे पर नियंत्रण तथा कई संक्रामक बीमारियों से बचाव होता है। रक्त में आयरन की मात्रा नियंत्रित हो जाने से लीवर की कार्यक्षमता बढ़ जाती है।

जीवनदाई रक्त की महत्ता के मद्देनजर लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से 14 जून 1868 को जन्मे कार्ल लैंडस्टीनर के जन्मदिवस पर 14 जून 2004 को रक्तदान दिवस की शुरूआत की गई थी और तब पहली बार विश्व स्वास्थ्य संगठन, इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेडक्रॉस तथा रेड क्रिसेंट सोसायटीज द्वारा 'रक्तदान दिवस' मनाया गया था, तभी से यह दिन 'रक्तदान' के नाम कर दिया गया। विश्व रक्तदान दिवस की शुरुआत का उद्देश्य यही था कि चूंकि दुनियाभर में लाखों लोग समय पर रक्त न मिल पाने के कारण मौत के मुंह में समा जाते हैं, अतः लोगों को रक्तदान करने के लिए जागरूक किया जाए। हमारे शरीर में शरीर के कुल वजन का करीब 7 फीसदी रक्त होता है और यदि हम उसमें से 3 फीसदी भी दान कर दें तो भी स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या नहीं होती। वैसे विश्व स्वास्थ्य संगठन के निर्देशानुसार एक बार में किसी भी व्यक्ति का एक यूनिट अर्थात 450 मिलीलीटर से अधिक रक्त नहीं लिया जा सकता और इस रक्त की पूर्ति हमारा शरीर खुद ही 2-3 दिनों में ही कर लेता है। रक्तदान के बाद प्राप्त रक्त से आवश्यकतानुसार लाल रक्त कणिकाएं, प्लेटलेट्स, प्लाज्मा और क्रायोप्रेसिपिटेट अलग कर मरीजों के लिए उपयोग किए जाते हैं। आरबीसी का उपयोग रक्त लिए जाने के 42 दिन बाद तक किया जा सकता है जबकि प्लेटलेट्स केवल 5 दिन के अंदर उपयोग की जा सकती हैं। रक्तदान करते समय कुछ महत्वपूर्ण बातों का ध्यान अवश्य रखा जाना चाहिए, तभी आप द्वारा किया गया रक्तदान सार्थक होगा। आपको एड्स, मलेरिया, हेपेटाइटिस, अनियंत्रित मधुमेह, किडनी संबंधी रोग, उच्च या निम्न रक्तचाप, टीबी, डिप्थीरिया, ब्रोंकाइटिस, अस्थमा, एलर्जी, पीलिया जैसी कोई बीमारी हो तो रक्तदान न करें। माहवारी के दौरान या गर्भवती अथवा स्तनपान कराने वाली महिलाएं रक्तदान करने से बचें। यदि आपको टाइफाइड हुआ हो और ठीक हुए महीना भर ही हुआ हो, चंद दिनों पहले गर्भपात हुआ हो, तीन साल के भीतर मलेरिया हुआ हो, पिछले छह महीनों में किसी बीमारी से बचने के लिए कोई वैक्सीन लगवाई हो, आयु 18 से कम या 60 साल से ज्यादा हो तो रक्तदान न करें। जब भी रक्तदान करें, उससे कुछ समय पहले और कुछ समय बाद तक पर्याप्त पानी पीएं, भोजन में हरी सब्जियां तथा आयरन व विटामिन से भरपूर पौष्टिक आहार लें लेकिन रक्तदान से पहले जंक फूड, अधिक वसायुक्त भोजन के अलावा धूम्रपान, मद्यपान इत्यादि किसी भी प्रकार के नशे का सेवन करने से बचें। शराब पीते हैं तो 2-3 दिन पहले शराब का सेवन बंद कर दें।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार देश में प्रतिवर्ष एक करोड़ यूनिट रक्त की आवश्यकता पड़ती है किन्तु सिर्फ 75 लाख यूनिट रक्त ही उपलब्ध हो पाता है। देश की कुल आबादी के लिहाज से देखें और यह मानकर चलें कि एक व्यक्ति साल में केवल एक बार ही रक्तदान करता है तो भी इसका अर्थ है कि महज आधा फीसदी लोग ही रक्तदान करते हैं। यह बेहद चौंकाने वाली स्थिति है और आधुनिक विज्ञान के युग में भी रक्त की कमी के चलते लाखों लोगों की मौतों के मद्देनजर यह नितांत आवश्यक है कि आमजन को रक्तदान के लिए प्रेरित करने और उसके फायदे समझाने के लिए व्यापक स्तर पर जन-जागरण अभियान चलाया जाए। अपने रक्त से एक अनमोल जीवन बचाकर जो आत्मिक संतुष्टि मिलती है, वह अनमोल है, साथ ही हमारे शरीर का रोग प्रतिरोधी तंत्र भी रक्तदान से मजबूत होता है। स्वैच्छिक रक्तदान कर किसी की जान बचाकर जहां मानसिक खुशी मिलती है, वहीं रक्तदान करने वाले व्यक्ति का एक रक्तदाता कार्ड भी बना दिया जाता है, जिसका लाभ यह होता है कि यदि उसे या उसके किसी परिजन को सालभर के अंदर कभी रक्त की जरूरत पड़ जाती है तो वह इस रक्तदाता कार्ड के जरिए एक यूनिट रक्त ब्लड बैंक से आसानी से प्राप्त कर सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नीम करौली बाबा को अर्पित कंबल का महत्व

अफजल हुसैन फौजी

**कैंची धाम ट्रस्ट से जुड़े भुवन बिष्ट बताते हैं कि बाबा के चमत्कारों में भी कंबल की भूमिका रही है। कई बार बाबा ने इसी कंबल से चमत्कार दिखाए, जिनका वर्णन उनकी जीवनी और किताबों में मिलता है, वहीं बाबा को कंबल वाले बाबा के नाम से भी जाना जाता है। श्रद्धालु जब बाबा को कंबल चढ़ाते हैं, तो मंदिर में मौजूद पुजारी कम्बल को बाबा की मूर्ति से छुआकर प्रसाद के तौर पर वापिस देते हैं। जिसे श्रद्धालु अपने घर ले जाते हैं। इसे बाबा का प्रसाद और आशीर्वाद माना जाता है। यह कंबल भक्त अपने घर के पूजा स्थान में रखते हैं या फिर किसी पवित्र स्थान पर सुरक्षित रखते हैं।**



आस्था व श्रद्धा का प्रतीक कैंची धाम इन दिनों श्रद्धालुओं की आस्था का बड़ा केंद्र है। जहां देश-विदेश से लाखों भक्त नीम करौली बाबा के दर्शन को पहुंचते हैं। बाबा की अलौकिक उपस्थिति और चमत्कारों की कहानियों से जुड़ा यह स्थान भक्तों के लिए श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है। जनसामान्य के साथ फिल्मी जगत, राजनीति, खेल जगत से जुड़ी कई बड़ी हस्तियां कैंची धाम पहुंचकर बाबा के दर्शन कर चुकी हैं।

कैंची धाम में विशेष तौर पर नीम करौली बाबा को कम्बल चढ़ाने की परंपरा बेहद लोकप्रिय है। दूर दूर से श्रद्धालु कैंची धाम पहुंचकर बाबा को कंबल चढ़ाते हैं। इसका कारण है कि नीम करौली बाबा को कंबल अत्यंत प्रिय थे और बाबा अपने शरीर में सिर्फ धोती और कंबल ओढ़ते थे। बाबा गरीबों को भी कंबल दान करने और भोजन करवाने की सलाह देते थे, यही कारण है कि आज भी बाबा को श्रद्धा से भक्तों द्वारा कम्बल चढ़ाया जाता है।

**कम्बल के अनेक चमत्कार**

कैंची धाम ट्रस्ट से जुड़े भुवन बिष्ट बताते हैं कि बाबा के चमत्कारों में भी कंबल की भूमिका रही है। कई बार बाबा ने इसी कंबल से चमत्कार दिखाए, जिनका वर्णन उनकी जीवनी और किताबों में मिलता है, वहीं बाबा को कंबल वाले बाबा के नाम से भी जाना जाता है। श्रद्धालु जब बाबा को कंबल चढ़ाते हैं, तो मंदिर में मौजूद पुजारी कम्बल को बाबा की मूर्ति से छुआकर प्रसाद के तौर पर वापिस देते हैं। जिसे श्रद्धालु अपने घर ले जाते हैं। इसे बाबा का प्रसाद और आशीर्वाद माना जाता है। यह कंबल भक्त अपने घर के पूजा स्थान में रखते हैं या फिर किसी पवित्र स्थान पर सुरक्षित रखते हैं। कई श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूरी होने पर भी बाबा को कंबल चढ़ाते हैं।


**बीमारों का कम्बल से उपचार**

मान्यता है कि यदि घर में कोई बीमार व्यक्ति हो, और उसे पूरे श्रद्धा भाव से यह कंबल ओढ़ाया जाए, तो उसे रोगों से मुक्ति मिल सकती है। यही कारण है कि भक्तों की आस्था इस कंबल से जुड़ी हुई है। बाबा के कम्बल को घर में पूजा वाली जगह यां फिर शुद्ध स्थान पर रखा जाता है।

कैंची धाम के आस-पास की दुकानों में आपको कई तरह के कंबल बिकते हुए नजर आ जाएंगे, जिन्हें श्रद्धालु बाबा को अर्पित करने के लिए खरीदते हैं। यह परंपरा न केवल बाबा की स्मृति से जुड़ी है, बल्कि लोगों की आस्था, विश्वास और भक्ति का जीता-जागता प्रतीक भी है। इस प्रकार बाबा का कंबल आज भी हजारों लोगों के लिए बाबा के प्रति आस्था का माध्यम बना हुआ है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मंदिरों में पैसे लेकर वीआईपी दर्शन बंद हों





ललित गर्ग

ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में पैसे लेकर दर्शन कराने वाले बाउंसरों की गिरफ्तारी के बाद काशी विश्वनाथ धाम में सुगम दर्शन के नाम पर एक साथ 21 लोगों की गिरफ्तारी जहां मंदिर प्रशासन की व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह है, वहीं ईश्वर के दरबार में पांव फैला रहा भ्रष्टाचार गहन चिन्ताजनक एवं शर्मनाक है। कुछ ही दिनों पहले ओंकारेश्वर स्थित ममलेश्वर मंदिर में भक्तों से वीआईपी दर्शन के नाम पर अवैध वसूली करने पर प्रशासन ने एक होमगार्ड जवान और दो पंडितों पर कार्रवाई की है।

देश-विदेश के भक्त अगाध श्रद्धा से अपने आराध्य का दर्शन करने आते हैं, लेकिन देश के प्रमुख मन्दिरों में सीधे दर्शन कराने के नाम पर पैसों की लूट मची है या वीआईपी संस्कृति के नाम पर त्रासद एवं भेदभावपूर्ण स्थितियां पसरी है। सवाल यह पूछा जा रहा है कि हिंदुओं के धार्मिक स्थलों और आयोजनों में क्यों भक्तों के बीच भेदभाव होता है? मन्दिरों में गरीब एवं अमीर के बीच भेदभाव की स्थितियां खुला भ्रष्टाचार ही है। पैसे लेकर एवं वीआईपी दर्शन की अवधारणा भक्ति एवं आस्था के खिलाफ है। यह एक असमानता का उदाहरण है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी आघात करती है। काशी विश्वनाथ मंदिर में तो त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था भी है। मंदिर का चप्पा-चप्पा सीसीटीवी कैमरे की पहुंच में है। यह मन्दिर सुरक्षा कारणों से अतिसंवेदनशील स्थल होने के बावजूद ऐसा कृत्य खेदजनक ही नहीं, आपत्तिजनक भी है। मंदिर प्रबंधन को चाहिए कि दर्शन की प्रचलित व्यवस्था को और सुगम, भ्रष्ठाचार व दोषरहित बनाए ताकि व्यवस्था में कोई सेंध न लगे और जन-आस्था आहत न हो।

काशी विश्वनाथ मंदिर में तो सुगम दर्शन का शुल्क भी जमा कराया जाता है पर ठगों की जमात ने शीघ्र दर्शन के नाम पर कमाई का नया रास्ता तलाश लिया। मंदिर प्रबंधन को चाहिए कि वह सुगम दर्शन व्यवस्था के नाम पर हो रही धांधली को गंभीरता से ले। फर्जी पंडा, गाइड बनकर लोगों को झांसे में लेने वाले लोग अचानक एक दिन में डेरा नहीं जमाए होंगे। यह सब काफी समय से चल रहा होगा। इस प्रकार की ठगी करने की संभावना कैसे बन जाती है, इसकी जांच होनी चाहिए। बात केवल ठाकुर बांके बिहारी मंदिर या काशी विश्वनाथ धाम की ही नहीं है, बल्कि देश के प्रमुख मन्दिरों में बढ़ती जन-आस्था की भीड़ एवं लम्बी-लम्बी लाइनों के बीच पैसे लेकर या वीआईपी दर्शन कराने की त्रासद एवं विसंगतिपूर्ण स्थितियों की हैं, जिसने न केवल देश के आम आदमी के मन को आहत किया है, बल्कि भारत के समानता के सिद्धान्त की भी धज्जियां उड़ा दी है। कुछ विशेष लोगों को मिलने वाले वीआईपी सम्मान एवं सुविधा पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है।

बांके बिहारी मंदिर में एक बार फिर वीआईपी कल्चर का खेल सामने आया है। मंदिर की भीड़ से हटकर वीआईपी दर्शन कराने के नाम पर एक निजी सुरक्षा एजेंसी ने बाउंसर उपलब्ध कराकर पैसे कमाने का गोरखधंधा शुरू कर दिया था। एजेंसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे फेसबुक और इंस्टाग्राम पर प्रचार कर यह दावा किया कि वे श्रद्धालुओं को भीड़ से बचाकर विशेष वीआईपी दर्शन कराने में मदद कर सकते हैं। यह तो घोषित गैरकानूनी व्यवस्था है, लेकिन अन्य प्रमुख मन्दिरों में भी मन्दिर से जुड़े लोग या अन्य ठग पैसे लेकर दर्शन कराते हैं। सबसे ज्यादा दुखद एवं विडम्बनापूर्ण है वीआईपी दर्शन का प्रचलन। प्रश्न है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले ही कार्यकाल के दौरान वीआईपी कल्चर को खत्म करते हुए लालबत्ती एवं ऐसी अनेक वीआईपी सुविधाओं को समाप्त कर दिया था तो मन्दिरों एवं धार्मिक आयोजनों की वीआईवी संस्कृति को क्यों नहीं समाप्त किया? क्यों मन्दिरों में वीआईपी दर्शन के लिए सरकार ने अलग से व्यवस्थाएं की।

दरअसल, वीआईपी संस्कृति का दायरा बहुत व्यापक है। यह धार्मिक स्थलों तक सीमित नहीं है। लोकतंत्र से लेकर आस्था तक, कई मौकों पर कुछ खास लोगों को विशेष सुविधाएं दी जाती हैं। लोकतंत्र का मूल सिद्धांत कहता है कि सभी नागरिक समान हैं, फिर भी व्यवहार में कुछ लोग 'विशेष' बन जाते हैं, चाहे वे सड़क पर हों, सरकारी दफ्तरों में, अस्पतालों में या मंदिरों में! इसी तरह, बड़े नेताओं और अधिकारियों के लिए मन्दिरों में सीधे दर्शन कराने की व्यवस्थाएं हैं, जिससे लम्बी कतारे और लम्बे समय का इंतजार करती है। ऐसी व्यवस्था से मन्दिरों एवं धार्मिक आयोजनों में हादसें भी होते हुए देखे गए हैं। इन वीआईपी के लिए अक्सर यातायात रोक दिया जाता है, जिससे आम जनता घंटों जाम में फंसी रहती है। अस्पतालों में वीआईपी वार्ड हैं, जबकि आम मरीजों को बिस्तर भी नहीं मिल पाता। एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों पर वीआईपी यात्रियों को विशेष सुविधाएं मिलती हैं, जबकि आम लोग लंबी कतारों में खड़े रहते हैं। वीआईपी संस्कृति एक नासूर बन गई है। यही कारण है कि हर सरकार वीआईपी संस्कृति को खत्म करने का वादा करती है, लेकिन हकीकत में इसे बनाए रखने के नए-नए तरीके खोजे जाते हैं।

वीआईपी कल्चर एवं पैसे लेकर दर्शन कराने की धांधली ने एक बार फिर से नए सिरे से बहस छेड़ दी है। सवाल उठ रहा है कि जब गुरुद्वारे में वीआईपी दर्शन नहीं, मस्जिद में वीआईपी नमाज नहीं, चर्च में वीआईपी प्रार्थना नहीं होती है तो सिर्फ हिन्दू मंदिरों में कुछ प्रमुख लोगों के लिए वीआईपी या पैसे लेकर दर्शन क्यों है? क्या इस पद्धति को खत्म नहीं किया जाना चाहिए, जो हिंदुओं में दूरिया पैदा करता है? प्रसिद्ध मन्दिरों में वीआईपी पास एवं दर्शन की व्यवस्था समाप्त क्यों नहीं होती? यह व्यवस्था समाप्त होना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ही धार्मिक स्थलों पर होने वाली वीआईपी व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए हैं। निश्चित ही जब किसी को वरीयता दी जाती है और प्राथमिकता दी जाती है तो उसे वीवीआईपी या वीआईपी कहते हैं। यह समानता की अवधारणा को कमतर आंकना है। वीआईपी संस्कृति एक पथभ्रष्टता है, यह एक अतिक्रमण है, यह मानवाधिकारों का हनन है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिका ने ईरान को दी खुली चुनौती

## ईरान समझौता करे या विनाश का सामना करे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि वह परमाणु समझौता करने पर राजी हो या विनाश का सामना करने के लिए तैयार रहे। ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि ईरान को समझौता करना होगा, वरना कुछ नहीं बचेगा। ईरान के कट्टरपंथी नेताओं को समझौते पर पहुंचने की जरूरत है,नहीं तो उन्हें विनाश का सामना करना पड़ेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि मैंने ईरान को समझौता करने के लिए एक के बाद एक मौका दिया लेकिन उसने बात नहीं मानी। ट्रम्प ने कहा कि ईरान अगर समझौता नहीं करता है तो विनाश जारी रहेगा। उन्होंने लिखा कि अब भी समय है कि इस कत्लेआम और विनाश को रोकने के लिए समझौता किया जाए। ईरान को समझौता करना होगा, वरना कुछ नहीं बचेगा। ईरान के खिलाफ इजरायली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) के 'ऑपरेशन राइजिग लायन' की सफलता के तुरंत बाद ट्रम्प ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो अमेरिका इजरायल की रक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि हम अपनी और इजरायल की रक्षा करेंगे। अमेरिका इजरायल को दिए गए आयरन डोम इंटरसेप्टर मिसाइल बढ़ा रहा है ताकि संभावित बैलिस्टिक खतरों का मुकाबला किया जा सके। आईडीएफ ने एक बयान में पुष्टि की है कि उसके जेट विमानों ने पहले चरण का हमला पूरा कर लिया है, जिसमें ईरान के विभिन्न क्षेत्रों में परमाणु ठिकानों सहित कई सैन्य ठिकानों पर एक साथ हमले किए गए।

## ईरान पर हमला इजरायल के अस्तित्व की लड़ाई

**यरूशलम।** इजरायल ने ईरान के खिलाफ किए गए अपने हमलों को देश के अस्तित्व की लड़ाई बताते हुए कहा है कि वह ईरान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को बाधित करने के लिए तत्परता से काम कर रहा है। इजरायली सुरक्षा बल (आईडीएफ) के सैन्य खुफिया निदेशालय (अमन) के प्रमुख मेजर जनरल श्लोमी बिदर ने आज कहा कि ईरान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को बाधित करने के लिए परिचालन तत्परता के उच्चतम स्तर पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम इस खतरे को कम करना, बाधित करना और हटाना चाहते हैं। हम एक ऐसे अभियान पर निकल पड़े हैं जो अस्तित्व के लिए बहुत बड़ा है। यह एक ऐसे दुश्मन के खिलाफ है जो हमें नष्ट करना चाहता है। उन्होंने कहा कि 'अमन' ने विभिन्न परमाणु हथियार समूह के विकास मुद्दों पर काम करने के ईरान के गुप्त प्रयासों का पता लगाने और बाधित करने के लिए कड़ी मेहनत की है। पारंपरिक बैलिस्टिक मिसाइल खतरों के संबंध में ईरान की गुप्त प्रगति का पता लगाने के लिए और भी कड़ी मेहनत की। इजरायली हमलों में ईरान के कई परमाणु वैज्ञानिक और शीर्ष सैन्य अधिकारी मारे गए हैं। इससे ईरान के परमाणु हथियार कार्यक्रम को नुकसान पहुंचा है। यह हमला ईरान के परमाणु हथियार कार्यक्रमों पर आईडीएफ द्वारा 2023 में ईरानी केंद्रों को निशाना बनाने के बाद से सबसे तीव्र और सावधानीपूर्वक समन्वित हमलों में से है।

## एयर इंडिया विमान दुर्घटना समूह के इतिहास का सबसे काला दिनः टाटा

**नई दिल्ली/मुंबई।** टाटा समूह के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन ने अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने वाले विमान के तत्काल दुर्घटनाग्रस्त होने को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए शुक्रवार को कहा है कि यह कंपनी के इतिहास का सबसे काला दिन है और भविष्य में ऐसी घटनाएं नहीं हों इसके लिए सुरक्षा पर ही सबसे ज्यादा फोकस करने की जरूरत है। चंद्रशेखरन ने अपने सहकर्मियों को लिखे पत्र में कहा कल जो हुआ, वह समझ से परे है और समझ नहीं आ रहा है कि आखरि यह सब कैसे हो गया। इससे पूरा समूह सदमे और शोक में हैं। हम जानते हैं कि एक व्यक्ति को खो देना भी एक बड़ी त्रासदी है लेकिन यहां तो एक साथ इतने लोगों की जान चली गई है। कल का दिन टाटा समूह के इतिहास के सबसे काले दिनों में से एक है। जिन लोगों ने इस दुर्घटना में अपने परिजनों को खोया है उन्हें इस हालात में शब्दों से सांत्वना नहीं मिल सकती लेकिन हमारी संवेदनाएं दुर्घटना में मारे गए और घायल हुए लोगों के परिवारों और उनके प्रियजनों के साथ है। समूह अध्यक्ष ने लोगों को हर स्तर पर सहयोग का भरोसा देते हुए कहा हम यहां उनकी मदद के लिए हैं। पिछले 24 घंटों में भारत, ब्रिटेन और अमेरिका से जांच दल अहमदाबाद पहुंच चुके हैं।

## चीनः तूफान 'वुटिप' में फंसे जहाज के चालक दल के सदस्य बचाए गए

**सान्या।** दक्षिण चीन के द्वीप प्रांत हैनान में तूफान 'वुटिप' में फंसे एक जहाज के चालक दल के 12 सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि कल शाम सूचना मिली थी कि हैनान के दक्षिण-पश्चिमी तट से करीब 14 समुद्री मील (लगभग 26 किलोमीटर) दूर एक जहाज पर मौजूद 12 लोग तूफान में फंसे हुए हैं। अधिकारियों ने कहा कि बचाव दल स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे रवाना हुआ और रात करीब 11:50 बजे घटनास्थल पर पहुंचा जहां तीन मीटर ऊंची लहरें उठ रही थीं। करीब 43 मिनट के भीतर सभी चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया। अधिकारियों ने शुक्रवार दोपहर तक सभी के सुरक्षित स्थान पर पहुंचने की उम्मीद जताई। उल्लेखनीय है कि तूफान वुटिप कल रात करीब आठ बजे एक गंभीर उष्णकटिबंधीय तूफान में बदल गया। तूफान आज सुबह 10 बजे तक हैनान के लेदोंग ली स्वायत्त काउंटी के पास स्थित था। वहां हवा की रफ्तार 101 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच गई। तूफान उत्तर-पश्चिम दिशा में पांच से 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। तूफान के मद्देनजर सान्या में सभी किंडरगार्टन, स्कूल, निर्माण स्थल और पर्यटक आकर्षण स्थल बंद कर दिये गए हैं।




अहमदाबाद। एयर इंडिया विमान दुर्घटना के शिकार व्यक्ति के रिश्तेदार एक अस्पताल के बाहर विलाप करते हुए।

## गाजा में इंटरनेट ठप होने से मानवीय सहायता बाधितः संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि इंटरनेट और डेटा सेवाओं के ठप होने से गाज़ा पट्टी में मानवीय सहायता पूरी तरह से बाधित हो गई है। संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक ने यह जानकारी दी। हक ने गुरुवार को कहा कि मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने चेतावनी दी है कि इंटरनेट और डेटा सेवाओं के पूरी तरह बंद होने से गाज़ा में राहत कार्य ठप हो गए हैं। उन्होंने बताया कि संचार से जुड़े संयुक्त राष्ट्र के सहयोगियों के अनुसार ये बाधा 'गंभीर सैन्य गति विधियों' के कारण उत्पन्न हुई है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि संयुक्त राष्ट्र किसी भी पक्ष पर दोष नहीं लगा रहा है, लेकिन ये बात सही है कि इंटरनेट सेवाएं चालू रखने के लिए ईंधन की सख्त ज़रूरत है। संयुक्त राष्ट्र ने जून की शुरुआत में ही चेतावनी दी थी कि यदि ईंधन की आपूर्ति बहाल नहीं की गई, तो उन्हें गाज़ा में सहायता कार्य रोकने पर मजबूर होना पड़ेगा।

## मानसरोवर झील की यात्रा का पहला जत्था रवाना

**नई दिल्ली।** चीन के अधिकार वाले तिब्बत में स्थित भगवान शिव के धाम कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील की यात्रा का पहला जत्था शुक्रवार को रवाना हो गया। विदेश एवं कपड़ा राज्य मंत्री पबित्र मार्गेरिटा ने यहां जवाहरलाल नेहरू भवन में कैलाश मानसरोवर यात्रा के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाने के लिए कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने यात्रियों को इस यात्रा के लिए चुने जाने पर सम्मानित किया।

## अमेरिकी टैरिफ लगने से अर्थव्यवस्था पर दबाव पड़ने का अंदेशाः द. कोरिया

**सोल।** दक्षिण कोरियाई सरकार ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी टैरिफ लगाए जाने तथा घरेलू मांग में देरी के कारण देश की अर्थव्यवस्था पर दबाव बना हुआ है।

अर्थव्यवस्था और वित्त मंत्रालय ने ग्रीन बुक नामक अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा कि अमेरिकी टैरिफ लगाने के कारण बाहरी परिस्थितियों के बिगड़ने के कारण दक्षिण कोरिया अर्थव्यवस्था पर निर्यात में कमी आने पर नकारात्मक दवाब पड़ रहा है। मंत्रालय ने कहा कि अर्थव्यवस्था को खपत और निर्माण निवेश में देरी से सुधार का

**मई में उपभोक्ता कीमतों में सालाना आधार पर 1.9% की वृद्धि हुई जो कि अप्रैल के 2.1% वृद्धि से कम है**

सामना करना पड़ रहा है और खासकर कमजोर समूहों के लिए रोजगार की समस्या भी बनी हुई है। मंत्रालय ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर चिंता बनी हुई है क्योंकि टैरिफ लगाने से व्यापार पर असर पड़ता है और वैश्विक वित्तीय बाजार में अस्थिरता बढ़ी है। उन्होंने बताया कि एक साल पहले की तुलना में मई में निर्यात में 1.3 प्रतिशत की कमी आई, लेकिन दैनिक औसत निर्यात में 1.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि खुदरा बिक्री में मार्च की तुलना में अप्रैल में 0.9 प्रतिशत घटी और निर्माण निवेश उसी महीने में 0. 7 प्रतिशत कम हुआ। मई में नौकरियों की संख्या एक साल पहले की तुलना में 245,000 बढ़ी, जबकि बेरोजगारी दर 0.2 प्रतिशत अंक गिरकर 2.8 प्रतिशत रह गई। मई में उपभोक्ता कीमतों में सालाना आधार पर 1.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो कि अप्रैल के 2.1 प्रतिशत वृद्धि से कम है।

## कारगिल के शूरवीरों को श्रद्धांजलि के लिए तोलोलिंग चोटी पर सेना का विशेष अभियान

**नई दिल्ली।** सेना ने 1999 के कारगिल युद्ध में तोलोलिंग की ऐतिहासिक लड़ाई के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए तोलोलिंग चोटी पर एक विशेष अभियान चलाया है। यह अभियान सेना की 'फॉरएवर इन ऑपरेशन्स डिवीजन' ने 11 जून को चलाया। द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक से रवाना हुए इस अभियान दल ने उन सैनिकों की अटूट भावना और सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि दी।

## ट्रम्प की मुसीबतः नेशनल गार्ड का नियंत्रण वापस करने का आदेश

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में एक संघीय अदालत ने गुरुवार देर रात एक अस्थाई प्रतिबंध आदेश जारी करके राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को नेशनल गार्ड का नियंत्रण कैलिफोर्निया को वापस करने का निर्देश दिया। आदेश में कहा गया है कि ट्रम्प द्वारा लॉस एंजिल्स में कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड और अमेरिकी मरीन की तैनाती अवैध थी।

यह दसवें संशोधन का उल्लंघन और वैधानिक अधिकार का अतिक्रमण था। आदेश शुक्रवार को दोपहर से प्रभावी होगा। अमेरिकी जिला न्यायाधीश चार्ल्स ब्रेयर ने कहा कि ट्रम्प ने आव्रजन कार्रवाई पर विरोध प्रदर्शन के बाद




लॉस एंजिल्स में लगभग 4000 नेशनल गार्ड सदस्यों की तैनाती का आदेश देकर सीमा रेखा का उल्लंघन किया। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूजॉम ने उनकी इच्छा के विरुद्ध हुई नेशनल गार्ड की तैनाती को रोकने के लिए मुक. दमा दायर किया। कैलिफोर्निया ने बाद में एक आपातकालीन प्रस्ताव दायर किया जिसमें न्यायाधीश से गार्ड को आव्रजन छापों में सहायता करने से रोकने के लिए कहा गया। 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की रिपोर्ट के अनुसार न्यायाधीश ब्रेयर का प्रतिबंधात्मक आदेश अमे. रिकी शहर की सड़कों पर हजारों नेशनल गार्ड तैनात करने के राष्ट्रपति के प्रयास के खिलाफ है। ये एक ऐसा प्रयास था जिसकी वजह से पूरे देश में लगभग एक सप्ताह से राजनीतिक विद्वेष का माहौल है और विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान पर इजरायली हमलों के बारे में पहले जानकारी थीः ट्रम्प

**मॉस्को।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें ईरान में इजरायली हमलों की पहले से ही जानकारी थी। फॉक्स न्यूज को दिये एक साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा कि यह हमला उनके लिए हैरानी का सबब नहीं था। उन्होंने कहा कि ईरान के पास परमाणु बम नहीं हो सकता है। हम फिर से बातचीत की कोशिश कर रहे हैं। हम देखते हैं क्या होता है। नेतृत्व में कई ऐसे लोग हैं जो वापस नहीं आएंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि अगर ईरान हमलों के जवाब में कोई कदम उठाता है, तो अमेरिका खुद को और इजरायल को बचाने के लिए तैयार है। गौरतलब है कि अमेरिकी सेंट्रल कमांड को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

### मेक्सिको ने अमेरिका के आव्रजन छापों का फिर से किया विरोध

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने अमेरिका में चल रहे आव्रजन छापों का विरोध दोहराया है तथा कहा कि इस तरह की कार्रवाई अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए प्रतिकूल हैं। सुशिनबाम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिका के उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ के साथ अपनी बैठक के बारे में संवाददाताओं को बताया। राष्ट्रपति शिनबाम ने कहा कि दोनों ने अपराध, आव्रजन, व्यापार और 'हमारे प्रवासी भाइयों और बहनों की रक्षा' सहित कई मुद्दों पर बात की।

### कुवैत ने भूमध्य सागर में फंसे 40 शरणार्थियों को बचाया

**कुवैत सिटी।** कुवैत की ऑयल टैंकर कंपनी के एक जहाज ने भूमध्य सागर में फंसे चालीस शरणार्थियों को बचा लिया है। ऑयल टैंकर कंपनी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उसके एक जहाज ने भूमध्य सागर में फंसे 40 शरणार्थियों को बचा लिया है। कंपनी ने बताया कि शरणार्थियों की नाव टूट गई थी। कुवैत समाचार एजेंसी द्वारा दिए गए एक बयान में कंपनी ने कहा कि उसके जहाज अल-दसमा ने मंगलवार को एक संकट कॉल का जवाब दिया।

## योग पर वैश्विक सम्मेलन शनिवार को

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को 'योग कनेक्ट 2025: एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' पर एक वैश्विक शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें दुनिया भर के अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय योग संस्थानों के एक हजार से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे।

केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के रूप में 14 जून यहां 'योग कनेक्ट 2025: एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' पर एक वैश्विक शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस शिखर सम्मेलन में भारत और विदेश के योग गुरुओं, नीति निर्माताओं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों, उद्योग नेताओं, शोधकर्ताओं और वैश्विक प्रभावशाली व्यक्ति शामिल होंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद कर रही है।

सम्मेलन में बहरीन, अमेरिका, ब्रिटेन और दक्षिण कोरिया सहित अन्य देशों के 1000 विशेषज्ञ इस शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। मंत्रालय के अनुसार शिखर सम्मेलन में 'योग प्रभाव' रिपोर्ट का विमोचन होगा। यह रिपोर्ट शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए महत्वपूर्ण प्रासंगिकता की होगी, क्योंकि यह देश भर में योग अभियानों की पहुंच।

## ईरान ने दिखाया आईएईए को ठेंगा

- बड़ा नया परमाणु कदम उठाया, आईएईए की फटकार के बाद भी तीसरी एनरिचमेंट साइट शुरू करने का ऐलान
- ईरान के नातांज यूरेनियम संवर्धन संयंत्र को इजरायली हमलों से पहुंचा नुकसानः आईएईए महानिदेशक का दावा

**वियना (आस्ट्रिया)।** ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रहे तनाव के बीच ईरान ने एक बड़ी घोषणा की है। इसके तहत ईरान ने कहा है कि उसने तीसरी परमाणु संवर्धन (न्यूक्लियर एनरिचमेंट) सुविधा तैयार कर ली है और जल्द ही इसे शुरू करेगा।

यह ऐलान संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था इंटरनेशनल एटामिक एनर्जी एजेंसी (आईएईए) की तरफ से ईरान को नान-प्रोलिफरेशन संधियों का उल्लंघन करने पर फटकार लगाने के ठीक बाद किया गया है। मामले में आईएईए ने ईरान पर आरोप लगाया है कि वह पिछले कुछ सालों से अपने परमाणु कार्यक्रम की पूरी जानकारी नहीं दे रहा है। यह चेतावनी 20 वर्षों में पहली बार इतनी गंभीर मानी जा रही है। माना जा रहा है कि इसके बाद ईरान पर फिर से प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। आईएईए ने अपने मसौदा प्रस्ताव में कहा है कि ईरान 2019 से कई बार आईएईए के साथ पूरी और समय पर जानकारी साझा करने में असफल रहा है, जो उसके परमाणु समझौते का उल्लंघन है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को इस मामले में अगली कार्रवाई करनी पड़ सकती है, जिसमें ईरान पर नए प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं।

हालांकि आईएईए ने बातचीत के जरिए हल निकालने का समर्थन भी किया है। बता दें कि आईएईए बोर्ड की बैठक में 35 देशों में से 19 ने इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने यह प्रस्ताव रखा था। वहीं रूस, चीन और बुर्किना फासो ने विरोध किया, 11 देशों ने मतदान से दूरी बनाई और 2 ने वोट नहीं दिया। वहीं इन सभी फटकार और चेता. वनी के बावजूद ईरान ने जवाबी कर्रवाई के संकेत दिए है। ईरान के विदेश मंत्रालय और परमाणु ऊर्जा संगठन ने एक संयुक्त बयान में कहा कि इस राजनीतिक प्रस्ताव का जवाब देना अब ईरान के लिए जरूरी हो गया है। साथ ही ईरानी परमाणु एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया कि आईएईए के प्रस्ताव के बाद उन्होंने एजेंसी को सूचित कर दिया है कि ईरान कौन-कौन से कदम उठाएगा। ईरानी परमाणु एजेंसी के प्रवक्ता के अनुसार ईरान कुछ सख्त कदम उठाने पर विचार कर रहा है। जिसमें तीसरी संवर्धन साइट शुरू करना, जिसे सुरक्षित और अजेय स्थान पर बताया गया है। पुराने सेंट्रीफ्यूज को नए, आधुनिक सेंट्रीफ्यूज से बदलना, जिससे यूरेनियम संवर्धन की मात्रा काफी बढ़ जाएगी। अन्य कई जवाबी उपायों की तैयारी भी चल रही है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच तनाव और बढ़ने की संभावना तेज हो गई है। जहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहले ही चेतावनी दे चुके हैं कि यदि ईरान से समझौता नहीं हुआ तो अमेरिका या इस्रा. इल ईरान के परमाणु ठिकानों पर हवाई हमले कर सकते हैं। वहीं आईएईए के महानिदेशक रफायेल एम ग्रॉसी ने ईरानी अधिकारियों के हवाले से कहा कि इजरायल के ताजा हमले में उसके नातांज़ स्थित यूरेनियम संवर्धन संयंत्र पर असर पड़ा है, लेकिन वहां विकिरण के स्तर में वृद्धि नहीं हुई है।

## दक्षिण अफ्रीकाः बाढ़ से मरने वालों की संख्या 78 हुई

### अब तक केवल 21 शवों की हो पाई है पहचान

**केप टाउन।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्वी केप प्रांत में विनाशकारी बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है जिनमें से अब तक केवल 21 शवों की पहचान की जा सकी है।

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दक्षिण अफ्रीका के सहकारी शासन एवं पारंपरिक मामलों के मंत्री वेलेंकोसिनी हलाबिसा ने कल शाम एसएबीसी न्यूज चैनल से कहा कि बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है और शव अभी भी बरामद किए जा रहे हैं। इसका मतलब है कि हम एक गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। पानी कम होने पर और शव मिलने की आशंका है। राहत की बात यह है कि हमारे पास खोज और बचाव अभियान चलाने के लिए पर्याप्त कर्मचारी हैं। गौरतलब है कि प्रांत के कई जिलों में भारी बारी के कारण सोमवार को बाढ़ आने से सैकड़ों लोग विस्थापित हो गए। पूर्वी केप प्रांतीय सरकार के अनुसार बचाव दल प्रभावित



क्षेत्रों में लापता लोगों की तलाश कर रहा है। प्रभावित जिलों में दो हेलीकॉप्टर, खोज और बचाव वाहन, पुलिस श्वान और तकनीकी बचाव दल तैनात किए गए हैं। मंत्री ने लोगों से अधिकारियों को लापता व्यक्तियों की रिपोर्ट करके सहायता करने का भी आग्रह किया है।

## सोना कॉमस्टार के अध्यक्ष संजय कपूर का इंग्लैंड में निधन

**नई दिल्ली।** वाहनों के कलपुर्जे बनाने वाली प्रमुख कंपनी सोना कॉमस्टार के अध्यक्ष और गैर-कार्यकारी निदेशक संजय जे कपूर का कल इंग्लैंड में अचानक दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।



वह 53 वर्ष के थे। कंपनी ने शुक्रवार को यहां जारी एक बयान में यह जानकारी देते हुए कहा कि हम अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करते हैं कि हमारे अध्यक्ष का इंग्लैंड में निधन हो गया है। कंपनी ने कहा कि एक दूरदर्शी नेता, कपूर ने सोना कॉमस्टार को नवाचार, स्थिरता और उद्देश्य पर आधारित एक वैश्विक गतिशीलता प्रौद्योगिकी कंपनी के रूप में आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके जुनून, दूरदर्शिता और उत्कृष्टता के प्रति अथक प्रतिबद्धता ने उन सभी को प्रेरित किया जिन्हें उनके साथ काम करने का सौभाग्य मिला। कंपनी ने कहा कि अपनी पेशेवर उपलब्धियों से परे, कपूर एक समर्पित पिता, कई लोगों के लिए एक मार्गदर्शक और भारत के विनिर्माण और गतिशीलता क्षेत्रों के लिए एक अथक अधिवक्ता थे। उनके नुकसान को पूरे उद्योग और सोना परिवार में गहराई से महसूस किया गया है। इस बीच सोना बी एल डब्लू प्रेसिजन फोर्जिंग लिमिटेड ने बीएसई के नियामक फाइलिग में भी यह जानकारी दी है। कंपनी ने कहा कि संजय एक दूरदर्शी नेता और दयालु व्यक्ति थे जिनके मार्गदर्शन ने सोना कॉमस्टार की सफलता को आकार दिया।